

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 2 फरवरी 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 161 मूल्य 3.00 ₹

# समावेशी विकास, सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का बजट

## इनकम टैक्स छूट की सीमा 8 साल बाद बढ़ी, गरीबों को एक साल और मिलेगा मुफ्त अनाज

### यह 'सप्तऋषि' बजट हैः सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2023-24 को अमृत काल में राह दिखाने वाली प्राथमिकताओं वाला बजट बताया और कहा कि यह 'सप्तऋषि' बजट है जिसमें सात बातों को महत्व दिया गया है जिनसे पिछले बजट में रखी गई नींव को मजबूती मिलेगी। सीतारमण ने कहा कि यह अमृतकाल का पहला बजट है और यह बजट देश के अंतिम व्यक्ति को फायदा पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार बजट के मुख्य सात लक्ष्य हैं जिन्हें सप्तर्षि कहा गया है और 2023-24 का बजट सात प्राथमिकताओं पर आधारित है उन्होंने कहा कि यह बजट में जिन सात प्रमुख प्राथमिकताओं पर आधार बनाया गया है और ये सभी सातों प्राथमिकताएं सप्त ऋषि की तरह हैं। इन प्राथमिकताओं में समग्र एवं समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक पहुंच, बुनियादी ढांचा विकास एवं निवेश, क्षमता को उजागर कर प्रोत्साहित करना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र को बढ़ावा देना चाहिए।

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव से पहले मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम पूर्ण बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों और गांवों के विकास पर जोर देते हुये वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश किया जिसमें नौकरीपेशा मध्य वर्ग को राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है। सीतारमण ने अगले वित्त वर्ष के लिए 45.03 लाख करोड़ रुपए का आम बजट पेश करते हुए कहा कि आर्थिक एजेंडे के केंद्र में नागरिकों को विकास और बेहतरी के अवसर उपलब्ध कराना, अर्थव्यवस्था के विकास को सुदृढ़ बल देना और रोजगार सृजित करना और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से इन उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास के फल सभी क्षेत्रों एवं समस्त नागरिकों, विशेषकर युवाओं, महिलाओं, किसानों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तक निश्चित रूप से पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह 'सप्त ऋषि' बजट है जिसमें सात बातों को महत्व दिया गया है जिनसे पिछले बजट में रखी गई नींव को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट में जिन सात प्रमुख प्राथमिकताओं पर आधार बनाया गया है और ये सभी सातों प्राथमिकताएं सप्त ऋषि की तरह हैं। इन प्राथमिकताओं में समग्र एवं समावेशी विकास, अंतिम व्यक्ति तक पहुंच, बुनियादी ढांचा विकास एवं निवेश, क्षमता को उजागर कर प्रोत्साहित करना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र को बढ़ावा देना चाहिए। केंद्रीय बजट 2023-24 में सरकार का कुल कर राजस्व प्राप्तियां 26 लाख 32 हजार करोड़ रुपए रहने का अनुमान है और सरकार बाकी राशि बाजार से जुटायेगी। उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान जीडीपी का 6.4 प्रतिशत है। बजट में व्यक्तिगत आयकर के संबंध में पांच प्रमुख घोषणाएं की गई हैं। नई कर व्यवस्था में छूट सीमा बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दी गई है। नई व्यक्तिगत आयकर व्यवस्था में कर ढांचे को परिवर्तित कर दिया गया है जिसके तहत स्लैबों की संख्या को घटाकर पांच कर दी गयी हैं। नई आयकर व्यवस्था ही अब डिफॉल्ट कर व्यवस्था हो गई है। वस्त्र और कृषि को छोड़ अन्य वस्तुओं पर मूल सीमा शुल्क की दरों की कुल संख्या 21 से घटाकर अब 13 कर दी गई है। खिलौने, साइकिल, ऑटोमोबाइल, और नाफ्था सहित विभिन्न वस्तुओं पर मूल सीमा शुल्क, उपकर और अधिभार में मामूली परिवर्तन किए गए हैं। सीमा शुल्क से छूट अब इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग होने वाली बैटरियों के लिए लिथियम-आयन सेल के निर्माण के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं और मशीनरी के आयात पर भी दी गई है। मोबाइल फोन के निर्माण में घरेलू मूल्यवर्धन को और भी अधिक बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री ने कुछ विशेष कलपुर्जों एवं कच्चे माल जैसे कि कैमरा लेंस के आयात पर सीमा शुल्क में राहत देने की घोषणा की है। बैटरियों के लिए लिथियम-आयन सेल पर रियायती शुल्क अभी एक और साल तक जारी रहेगा। टीवी पैनलों के ओपन सेल के कलपुर्जों पर मूल सीमा शुल्क को घटाकर 2.5 प्रतिशत कर दिया गया है। डिनेचर्ड इथाइल अल्कोहल को मूल सीमा शुल्क से छूट दी गई है। लैब ग्रोन डायमंड के विनिर्माण में उपयोग किए जाने वाले सीड पर मूल सीमा शुल्क को घटा दिया गया है। सिल्वर डोर, इसकी छड़ों एवं इससे बनी वस्तुओं पर आयात शुल्क को बढ़ा दिया गया है, ताकि इसे सोने एवं प्लेटिनम पर देय शुल्क के अनुरूप किया जा सके। विशिष्ट सिगरेट पर देय राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक शुल्क को लगभग 16 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है।

**मिडिल क्लास के लिए 7 लाख तक की आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं**



### मुख्य बातें...

- प्रति व्यक्ति आय करीब नौ वर्षों में दोगुनी होकर 1.97 लाख रुपये हो गई है।
- भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ा है और यह पिछले नौ साल में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन गई है।
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में सदस्यों की संख्या दोगुनी से अधिक होकर 27 करोड़ तक पहुंच गई है।
- वर्ष 2022 में यूपीआई के माध्यम से 126 लाख करोड़ रुपये के 7,400 करोड़ डिजिटल भुगतान किए गए हैं।
- स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 11.7 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए हैं।
- उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन दिये गए।
- 102 करोड़ लोगों को लक्षित करते हुए कोविड टीकाकरण का आंकड़ा 220 करोड़ से पार।
- 47.8 करोड़ प्रधानमंत्री जनधन बैंक खाते खोले गए।
- पीएम सुरक्षा बीमा योजना और पीएम जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 44.6 करोड़ लोगों को बीमा कवरेज।
- पीएम सम्मान किसान निधि के तहत 11.4 करोड़ किसानों को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण।
- बजट की सात प्राथमिकताएं 'सप्तऋषि' जिनमें समावेशी विकास, अंतिम छोर-अंतिम व्यक्ति तक पहुंच, बुनियादी ढांचा और निवेश, निहित क्षमताओं का विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र शामिल।
- वर्ष 2014 से स्थापित मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ ही संस्थानों में 157 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे।
- केन्द्र अगले तीन वर्षों में 3.5 लाख जनजातीय विद्यार्थियों के लिए 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में 38,800 अध्यापकों तथा सहयोगी कर्मचारियों को नियुक्त किया जाएगा।
- पीएम आवास योजना के लिए परिव्यय 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79,000 करोड़ रुपये किया गया।
- रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये की पूंजीगत निधि का प्रावधान, जो 2013-14 में उपलब्ध कराई गई धनराशि से 9 गुना अधिक और अब तक की सर्वाधिक राशि है।
- शहरी अवसंरचना विकास कोष (यूआईडीएफ) की स्थापना प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आई ऋण की कमी के उपयोग के माध्यम से होगी। इसका प्रबंधन राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा किया जाएगा और इसका उपयोग टीयर 2 तथा टीयर 3 शहरों में शहरी अवसंरचना के निर्माण के लिए सार्वजनिक एजेंसियों द्वारा किया जाएगा।
- 5जी सेवाओं पर आधारित एप्लीकेशन विकसित करने के लिए 100 लैब स्थापित की जाएंगी, जिनसे नये अवसरों, बिजनेस मॉडलों और रोजगार संबंधी संभावनाओं को तलाशने में सहायता मिलेगी।
- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 को अगले तीन वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल सम्पन्न बनाने के लिए शुरू की जाएगी और इसमें उद्योग जगत 4.0 से संबंधित नई पीढ़ी के आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और सॉफ्ट स्किल जैसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे।
- कुशल युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसर उपलब्ध कराने के लिए 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।
- एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना को नवीनीकृत किया गया है। यह पहली अप्रैल 2023 से कार्पस में 9,000 करोड़ रुपये जोड़कर क्रियान्वित होगी। इसके अतिरिक्त इस योजना के माध्यम से 2 लाख करोड़ रुपये का मुक्त गांरटीयुक्त ऋण संभव हो पाएगा। इसके अलावा ऋण की लागत में करीब 1 प्रतिशत की कमी आएगी।
- वरिष्ठ नागरिक बचत खाता योजना में अधिकतम जमा की सीमा 15 लाख रुपये से बढ़कर 30 लाख रुपये की गयी।
- राजकोषीय घाटा 2025-26 तक जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे रहने का अनुमान है।

| सस्ता | महंगा |
|---|---|
| टीवी पैनल के ओपन सेल के पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी 5 प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत की गई। | सिगरेट पर राष्ट्रीय आपदा आपात ड्यूटी को 16 प्रतिशत बढ़ाया। |
| मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए कुछ पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी घटाई। | गोल्ड बार और प्लेटिनम से बने सामान की ड्यूटी बढ़ाई |
| हीट कॉइल पर कस्टम ड्यूटी 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। | चांदी की ड्यूटी 6 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की। उससे बने सामान पर भी ड्यूटी बढ़ाई। |
| लैब में बने हीरों की मैन्युफैक्चरिंग में इस्तेमाल सीड पर ड्यूटी कम की। | कंपांउडेड रबर पर ड्यूटी को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया |
| एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए श्रिंप फीड पर कस्टम ड्यूटी कम करेगी। | किचन इलेक्ट्रिक चिमनी पर कस्टम ड्यूटी 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत की गई। |

### अमृतकाल का पहला बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगाः पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अमृत काल का पहला वित्त वर्ष 2023-24 का बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा और इससे वंचितों को वरीयता मिलेगी। मोदी ने कहा कि यह बजट वंचितों को वरीयता देता है और यह आज के आकांक्षी समाज-गांव गरीब, किसान, मध्य वर्ग और सभी के सपनों को पूरा करेगा।

### सरकार पर जनता के घटते विश्वास का सबूत है बजटः खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बजट को जनता के घटते विश्वास का सबूत बताते हुए कहा कि यह बजट चुनाव को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और किसान की आय दोगुना करने के उपाय नहीं हैं। खड़गे ने कहा कि किसान विरोधी, नरेन्द्र मोदी सरकार ने किसानों के लिए बजट में कुछ नहीं दिया है। सरकार ने वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुनी (डबल) करने का वादा किया था, उसको पूरा क्यों नहीं किया।

### प्रौद्योगिकी के जरिए कृषि को बढ़ावा : तोमर



कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि बजट में कृषि एवं किसान कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। तोमर ने बजट में किसानों के साथ ही गरीब और मध्यम वर्ग, महिलाओं से लेकर युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास का समावेश करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री तोमर ने कहा कि बजट से छोटे किसानों को लाभ होगा, वहीं प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदृष्टि के अनुरूप बजट में कृषि को आधुनिकता से जोड़ते हुए प्रौद्योगिकी के जरिये कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

### बजट से बड़े पूंजीपतियों को होगा फायदा : कांग्रेस



कांग्रेस ने कहा है कि बजट देश में समाज के बड़े वर्ग की उम्मीदों के खिलाफ है और इसमें उनके हित के लिए कोई प्रावधान नहीं है इसलिए इसका फायदा सिर्फ चंद पूंजीपतियों को ही मिलेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम, वरिष्ठ प्रवक्ता गौरव बल्लभ तथा संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें गरीबों, बेरोजगारों, अनुसूचित जातियों, जन जातियों तथा अल्पसंख्यकों के लिए कोई राहत नहीं है।

### बेरोजगारी, महंगाई की बात भी नहीं की गई : थरूर



बजट में कुछ चीजें अच्छी थी, मैं इसे पूरी तरह नकारात्मक नहीं कहूंगा, लेकिन अभी भी कई सवाल उठते हैं। बजट में मनरेगा का कोई जिक्र नहीं था। सरकार मजदूरों के लिए क्या करने जा रही है? बेरोजगारी, महंगाई की बात भी नहीं की गई।

### महिलाओं का सम्मान बढ़ा : स्मृति



इस बजट से महिला का सम्मान बढ़ा, बच्चों और किशोरों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की घोषणा से ज़िला स्तर पर बच्चे कैसे पढ़ेंगे और बढ़ेंगे इसका उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कैसे कर सकती है इसका प्रतिबिंब आज के बजट में दिखता है।

### केन्द्र सरकार का बजट निराशाजनक : सीएम भूपेश



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संसद में प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसे निर्मला का निर्मम बजट कहा जा सकता है, न इसमें युवाओं के लिए कोई सुविधा है, न किसानों की आय दोगुना करने की बात है, न महिलाओं के लिए है, न अनुसूचित जनजातियों के लिए और ना ही अनुसूचित जातियों के लिए कुछ है। ये बजट केवल चुनाव को देखते हुए बनाया गया बजट है। इसमें एक चीज चौंकाने वाली है, इसमें रेलवे के लिए 2 लाख 35 हजार करोड़ रूपए बजट में रखा गया है।

### देश के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ बजट- डॉ. रमन



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने वर्ष 2023-24 के आम बजट को स्वतंत्र भारत के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ बजट बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के सम्पूर्ण विकास के साथ साथ छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का अभूतपूर्व दस्तावेज है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस आम बजट में आम जनता को जो राहत दी गई है, उससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### जनता को फिर ठगा : मरकाम



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि आज प्रस्तुत किए गए बजट में ना महंगाई नियंत्रण का कोई प्रावधान है और ना ही रोजगार का कोई रोड मैप। ना किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी का प्रावधान है, ना ही स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के आधार पर 50 प्रतिशत के लाभ। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार देने वाली योजना मनरेगा पर न बात, न खाद सब्सिडी, न खाद्य सब्सिडी मोदी सरकार के इस आखिरी पूर्णकालिक बजट में ना 2014 के घोषणापत्र का रोडमैप दिखा।

### गांव, गरीब, किसान, युवा का बजट : साव



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने केंद्र की मोदी सरकार के आम बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाओं, बुजुर्गों, पिछड़ों, वंचितों, दलितों, जनजातीय समाज सहित हर वर्ग की आम जनता का खास बजट है। ऐतिहासिक टैक्स रिफॉर्म्स से सबको राहत मिली है। यह बजट, बुलंद भारत की मजबूत अर्थ व्यवस्था का प्रतीक है।

### सभी वर्ग का ख्याल रखा : बृजमोहन



भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आज पेश हुए केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अमृतकाल से गुजर रहा है। जिसमें सभी वर्गों का कल्याण शामिल है। बजट में आम से लेकर खास तक विशेषकर गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, युवा वर्ग और किसानों का विशेष ख्याल रखा गया है। 7 लाख तक कर में छूट, मध्यम और नौकरीपेशा लोगों के लिए बड़ी राहत है।

### उम्मीदों को पंख देने वाला बजट : मुंदड़ा



छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष छगन मुंदड़ा ने इस बजट को भारत में पचीस वर्ष के विकास का रोडमैप कहा है। मुंदड़ा ने कहा कि हर वर्ग को इस बजट में उम्मीद से भी अधिक मिला है। विशेष तौर पर उन्होंने नये कर युग का स्वागत करते हुए 7 लाख तक की आय को कर मुक्त करने को मास्टर स्ट्रोक बताया। मुंदड़ा ने कहा कि कांग्रेस शासन के समय से नौ गुना से अधिक का बजट रेलवे को आवंटित करने से न केवल रेल सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### मध्यम वर्ग के लिये मिला-जुला बजट : सीए नितिन पटेल



आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एण्ड कॉलेजेस के डॉयरेक्टर सीए नितिन पटेल ने कहा मध्यम वर्ग के लिये मिला-जुला बजट रहा। नये **Tax regime** के तहत **Tax** से थोड़ा फायदा मध्यम वर्ग को मिलेगा, लेकिन इससे सेविंग स्कीम का कोई फायदा नहीं मिलता है। चूंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है, अतः इस बार के बजट में कृषि आधारित क्षेत्र के स्टार्टअप्स व्यवसाय को प्रोत्साहित किया गया है। शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत नये नर्सिंग व स्किल कॉलेजों को खोलने में प्राथमिकता दिया गया है। इस तरह देखा जाये तो इस बार के बजट से बाजार को कोई फायदा मिलता नहीं दिखाई दे रहा है। बाजार अपने सामान्य रफ्तार पर ही आगे बढ़ेगा।

## मध्यमवर्ग को राहत पहुंचाने की कोशिश, नई कर प्रणाली में सात लाख तक कोई कर नहीं

सरकार ने अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव से पहले नौकरी पेशा मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से व्यक्तिगत आयकर में राहत देते हुये नयी कर प्रणाली में सात लाख रुपये तक की वार्षिक आय को कर से मुक्त कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में आम बजट 2023-24 पेश करते हुए मध्य वर्ग को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से व्यक्तिगत आयकर के संबंध में पांच प्रमुख घोषणाएं कीं। ये घोषणाएं छूट, कर संरचना में बदलाव, नई कर व्यवस्था में मानक छूट के लाभ का विस्तार, सरचार्ज दर में कटौती तथा गैर सरकारी वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर अवकाश नकदीकरण पर कर छूट की सीमा बढ़ाने से संबंधित है। उन्होंने नई कर व्यवस्था में छूट सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपए करने की घोषणा की है। वर्तमान में पांच लाख रुपए तक की आय वाले व्यक्ति पुरानी तथा नई दोनों कर व्यवस्थाओं में किसी कर का भुगतान नहीं करते हैं। मध्य वर्गीय व्यक्तियों को राहत प्रदान करते हुए उन्होंने स्लैब की संख्या को छह से घटाकर पांच करने तथा कर छूट सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपए करने के की नई व्यक्तिगत आयकर व्यवस्था में कर संरचना में बदलाव का प्रस्ताव किया गया है।

## कृषि ऋण का लक्ष्य 20 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसानों के हितों पर जोर देते हुए कृषि ऋण का लक्ष्य 20 लाख करोड़ रुपये तक करने की बुधवार को घोषणा की। सीमारमण ने संसद में वर्ष 2023-24 का बजट पेश करते हुए कहा कि कृषि ऋण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्यपालन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए 20 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार 6,000 करोड़ रुपये के लक्षित निवेश के साथ प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की एक नयी उप-योजना शुरू करेगी। इसका उद्देश्य मछुआरे और मछली विक्रेताओं की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही सूक्ष्म तथा लघु उद्यमों, मूल्य श्रृंखला की क्षमताओं में सुधार लाना और मछली बाजार का विस्तार करना है।

## राष्ट्र निर्माण का बजट : उद्योग जगत

मोदी सरकार के वित्त वर्ष 2023-24 के आम बजट को राष्ट्र निर्माण का दस्तावेज करार देते हुए उद्योग जगत ने कहा है कि इसमें सार्वजनिक व्यय, सतत् आर्थिक विकास दर, उपभोक्ता मांग बढ़ाने पर बल दिया गया है और राजकोषीय घाटा नियंत्रित करने के कदम उठायें गये हैं। भारतीय उद्योग एव वाणिज्य महासंघ (फिक्की) के अध्यक्ष शुभ्रकांत पांडा ने कहा कि यह बजट अर्थव्यवस्था के आधारों को मजबूत करने वाला और समग्रता प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में अर्थव्यवस्था की नब्ज को पकड़ा है और सार्वजनिक व्यय बढ़ाने पर जोर दिया गया है। बजट में उपभोक्ता मांग बढाने के उपाय किये गये हैं जिससे उद्योगों को मजबूती मिलेगी। उद्योग एवं वाणिज्य संगठन (एसोचैम) के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा ने कहा कि पूंजीगत व्यय से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और वैश्विक मंदी का असर नहीं होगा।

## गृह मंत्रालय को बजट में 1.96 लाख करोड़ रूपये का आवंटन

केन्द्रीय गृह मंत्रालय को वर्ष 2023-24 के आम बजट में 1.96 लाख करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है जो पिछले वित्त वर्ष के बजटीय आवंटन 1.85 लाख करोड़ से 11 लाख करोड़ रूपये अधिक है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश करते हुए कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय को कुल 1.96 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। इसमें से मंत्रालय के लिए 5901 करोड़ रूपये, केबिनेट के लिए 428.87 करोड़ रूपये, पुलिस बलों के लिए सबसे अधिक 1.27 लाख करोड़ रूपये, दिल्ली के लिए 1168 करोड़, जम्मू कश्मीर के लिए 35581 करोड़ रूपये का आंवटन किया गया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा करने वाली एसपीजी के लिए आवंटन पिछले वर्ष के 385 करोड़ रूपये से बढाकर 433 करोड़ रूपये किया गया है। पुलिस बलों में दिल्ली पुलिस को 11662 करोड़ रूपये आवंटित किये गये हैं।

## रक्षा मंत्रालय के आवंटन में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी

देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कदम उठा रही सरकार ने रक्षा मंत्रालय के बजट में करीब 69 लाख करोड़ रूपये की बढोतरी करते हुए करीब 5.94 लाख करोड़ रूपये का आवंटन किया है जबकि पिछले वर्ष यह राशि 5.25 लाख करोड़ रूपये थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में वर्ष 2023-24 का बजट पेश करते हुए कहा कि देश के लिए 45 लाख करोड़ से अधिक के कुल बजट में से रक्षा मंत्रालय के लिए 593537.64 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। इसमें से पूंजीगत व्यय 162600 लाख करोड़ रूपये तथा राजस्व व्यय 270120 लाख करोड़ रूपये है जबकि पेंशन के लिए 138205 करोड़ रूपये की राशि रखी गयी है।

# श्रीबालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में आयोजित हुआ किडनी ट्रांसप्लांट अवेरनेस प्रोग्राम

## मरीजों ने माना रोज-रोज डायलिसिस की पीड़ा से बचने किडनी ट्रांसप्लांट ही जीवन का बेहतर विकल्प, डाक्टरों ने किडनी ट्रांसप्लांट के लिए सरकारी सुविधा के बारे में विस्तार से बताया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com









मोवा स्थित श्रीबालाजी हॉस्पिटल के किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के विशेषज्ञ डाक्टरों ने श्रीबालाजी हॉस्पिटल मेडिकल साइंस ऑफ मेडिकल साइंस में किडनी ट्रांसप्लाट अवेरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया । किडनी ट्रांसप्लांट प्रोग्राम में विशेषज्ञ डा. सांईनाथ पतेवार, डा. रविधर गुप्ता, डा. सूरज जाजू ने बारी-बारी से मरीजों की परेशानी को जाना और उसके समाधान किए। इस अवेरनेस प्रोग्राम में छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों मध्यप्रदेश और उड़ीसा के मरीज बड़ी संख्या में किडनी ट्रांसप्लांट के मरीज और डायलिसिस के मरीज सम्मिलित हुए। जिसमें मरीज को डायलिसिस एवं गुर्दा प्रत्यारोपण के बारे में गहराई से जानकारी दी गई, और मरीजों को किडनी ट्रान्सप्लांट के बारे में जानकारी दी गई कि ट्रान्सप्लांट के बाद क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. साईनाथ पतेवार ने ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को बहुत सारी परहेज से छुटकारा मिल पाता है, और मरीज अपने जीवन को बेहतर ढंग से जीवन जी सकता है। डॉ. साईनाथ पतेवार ने बताया कि अगर मरीज के पास उसके परिवार से कोई भी सदस्य जिसका ब्लड ग्रुप मैच हो रहा है, वो अपने मरीज की किडनी दान कर उसका जीवन बचा सकता है। किडनी दानदाता की उम्र 60 वर्ष के कम होने पर आपरेशन के 99 प्रतिशत सफल होने के चांसेस बन सकते है। सर्जन डा. सूरज जाजू ने मरीजों के सवालों को जवाब देते हुए बताया कि आपरेशन के पहले किडनी ट्रांसप्लांट होने वाले मरीज और किडनी दानदाता की सूक्ष्मता से जांच की जाती है। वहीं दोनों का आपरेशन साथ-साथ चलता है। एक तरफ से किडनी निकाल कर तुरंत ट्रांसप्लांट किया जाता है। जिससे आपरेशन में किसी भी तरह की देरी न हो।

### आपरेशन के लिए शुल्क दे रही सरकार

श्री बालाजी हॉस्पिटल में मध्यप्रदेश और उड़ीसा सरकार के हेल्थ कार्ड मान्य है। छत्तीसगढ़ में भी केंद्र सरकार की आयुष्मान कार्ड और राज्य सरकार की खूबचंद कार्ड से पांच लाख तक की इलाज की सुविधा सरकार दे रही है। इस अवसर पर डॉ. सांईनाथ पतेवार (सीनियर किडनी रोग विशेषज्ञ), डॉ. रविधर गुप्ता सीनियर गुर्दा रोग विशेषज्ञ, डॉ. सूरज जाजू सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ, अजीत सिंह डायलिसिस मैनेजर, कृष्णकांत साहू किडनी ट्रांसप्लांट को-आर्डिनेटर आदि उपस्थित थे।

### किडनी के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य कराए

डा. सूरज जाजू और डा. सांईनाथ ने किडनी के मरीजों को बताया कि दानदाता नहीं मिलने पर सरकार ने जो चार सेंटर बनाए है वहां रजिस्ट्रेशन कराने के सुझाव दिए है ताकि आपके ब्लड ग्रुप को मैच करने वाले किडनी मिलने में सुगमता हो। छत्तीसगढ़ में अभी रजिस्ट्रेशन की मारामारी नहीं है, वहीं महाराष्ट्र और साउथ के राज्यों में किडनी के रजिस्ट्रेशन सुविधा उपलब्ध होने के बाद भी उपलब्धता की मारामारी है।

इस प्रोग्राम में किडनी ट्रांसप्लांट के बाद डिस्चार्ज होकर दोबारा जांच के लिए कराने वाले मरीज भी आए थे, मरीजों ने बताया कि किडनी ट्रांसप्लांट के सबसे ज्यादा कष्टमय डायलिसिस से छुटकारा मिलने के साथ सामान्य खान-पान और सामान्य काम काज करने में कोई तकलीफ नहीं है। शुगर कंट्रोल तो दवाई से हो रहा है, वहीं बीपी भी सामान्य स्तर पर है।

डा. सांईनाथ ने बताया कि आठ साल पहले जिस मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया था, मरीज की लापरवाही या यो कहे कि नियमित जांच नहीं कराने से किडनी फेल हो गया। अब उसका दूसरी बार ट्रांसप्लांट किया जाएगा। मरीज को पहले मां ने किडनी दान किया था,अब पिता किडनी दान कर बेटे की जान बचाएगा। ऐसे भी कई मरीज है जो जांच की गंभीरता को नहीं समझते और परेशानी झेलते है। उन्हें स्वस्थ होने के बाद भी डाक्टर के अनुसार महीने दो महीने, 6 महीने, साल में एक बार तो किडनी ट्रांसप्लांट की जांच कराने आना ही चाहिए। जिससे उम्र के साथ हने वाले बदलाव से किडनी की कार्यशीलता को बनाए रखने के लिए जरूरी इलाज किया जा सके। जागरूकता की कमी की वजह से अक्सर मरीज सामान्य ठीक-ठाक काम काज करने पर यह मान बैठता है कि वह पूरी तरह स्वस्थ है। लेकिन ऐसा नहीं है। ट्रांसप्लांट के बाद जांच एक प्रक्रिया है, नियमित जांच कराना बहुत ही जरूरी है। जो लोग लापरवाहीवश या समयाभाव का बहाना बनाकर टालते रहते है। जो उचित नहीं है। यदि जीवन भर स्वस्थ रहना है तो ट्रांसप्लांट के बाद जीवन में आदत में डाल ले कि जांच नियमित कराना है।

# बालिका दिवस पर बालिकाएं बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित हुई



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमलेश्वर परिक्षेत्र बेटी बचाओ मंच ने बालिका दिवस के अवसर पर पीआरटी कॉलोनी अमलेश्वर में प्रतिभाशाली बालिकाओं का बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित किया । मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने उक्त अवसर पर देश व प्रदेश में नारी शक्ति की कल्याणकारी भूमिका को विस्तार से बताया । प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष स्वरा मिश्रा, चंदा बैस, शीतला मिश्रा, शैलेंद्र साहू, लालिमा चंद्राकर ,भावना साहू ,खुशी बघेल, अनीता दिवाकर ने प्रतिभाशाली बालिकाओं को पेन, डायरी तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर उक्त सम्मान से सम्मानित किया । बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित बालिकाओं में मुख्य रूप से दीक्षा साहू, आर्या मिश्रा, कशिश बैस ,संस्कृति चंद्राकर, कामिनी साहू, भव्या तिवारी, मृणाल नायडू, निष्ठा ठाकुर, शुभांगी त्रिपाठी, श्रद्धा अवस्थी तथा केशिका देवांगन शामिल थे। संचालन स्वरा मिश्रा तथा आभार शीतला मिश्रा ने किया।

### सुशील सन्नी अग्रवाल का साक्षात्कार का प्रसारण 3 को आकाशवाणी रायपुर से

रायपुर। 3 फरवरी 2023 को (शुक्रवार) प्रातः 10.00 बजे, सुशील सन्नी अग्रवाल, छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष का साक्षात्कार का प्रसारण रायपुर के आकाशवाणी केन्द्र से होगा। अग्रवाल द्वारा आकाशवाणी के माध्यम से कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित श्रमिक हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। साक्षात्कार को सुनने के लिए अपने एन्ड्रायड मोबाईल से गूगल प्ले स्टोर में जाकर न्यूज ऑन एयर एप्प डाउनलोडक कर सुन सकते हैं तथा रेडियों के मिडियम वे में भी सुन सकते हैं।



# जिलों से आये हुए कला दल प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

- जागरुकता कला दल जनसमान्य को एचआईवी/एड्स के प्रति करेगा सजग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

संचालक, स्वास्थ्य सेवायें सह परियोजना संचालक भीम सिंह के नेतृत्व और अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ खेमराज सोनवानी के मार्गदर्शन में ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में राज्य के 10 जिलों से आये हुए कला दल प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पूर्व भारत सरकार द्वारा जुलाई 2022 में राज्य के 10 कलादल प्रतिनिधियों का चयन कर लखनऊ, उत्तर प्रदेष में प्रषिक्षित किया गया था। भीम सिंह ने बताया कि राज्य के 10 उच्च एचआईवी संक्रमित जिलो का चयन कर उन जिलो के नामांकित कलादलो को प्रषिक्षित किया गया तथा इस माह से जिला स्तर पर कलाजत्था कार्यक्रम आयोजित कर जनसमान्य को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरुक किया जावेगा। संचालक, स्वास्थ्य ने सभी गर्भवती महिलाओं की प्रथम तिमाही में अनिवार्य रुप से एचआईवी जॉच करने तथा एचआईवी संक्रमितो के प्रति भेदभाव न करने के प्रति प्रमुखता से जागरुक करने के निर्देष दिए गए।

# बालको ने सर्वश्रेष्ठ जन जागरूकता कार्यक्रम के लिए जीता पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार-2022

पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 44वें पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन, भोपाल में सर्वश्रेष्ठ जन जागरूकता कार्यक्रम श्रेणी में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। मध्यप्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री कैलाश विश्वास सारंग के हाथों द्वारा विजय वाजपेयी सह प्रबंधक कंपनी संवाद विभाग, बालको को पुरस्कार प्रदान किया गया जो संचार के माध्यम से समुदाय को संवेदनशील बनाने में बालको के योगदान को दर्शाता है। यह पुरस्कार 'सारिका-दोंद्रो की नई किरण' के माध्यम से समुदायों में माहवारी से जुड़े मिथकों को दूर करने के लिए उद्देश्यपूर्ण संचार का उपयोग करने में बालको के प्रयासों को मान्यता देता है। लघु फिल्म की मुख्य किरदार सारिका कंवर की कहानी जो बालको के प्रोजेक्ट नई किरण के अंतर्गत माहवारी के प्रेरक अभियान का अनुसरण करती है और स्थानीय समुदायों के बीच इसके प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करती हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने पुरस्कार के लिए बालको परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कंपनी अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय के लोगों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पुरस्कार विभिन्न अवसरों पर अनेक इंटरैक्टिव गतिविधियों में नागरिकों को शामिल करके क्षेत्र में महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के हमारे प्रयासों का प्रमाण है। 'सारिका' केवल एक लघु फिल्म नहीं है बल्कि परिवर्तन की एक किरण है जो पूरे क्षेत्र और राज्य में सभी मिथकों को दूर कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का काम कर रही है। बालको में हम माहवारी से जुड़े मिथकों को दूर करने और माहवारी स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के अपने प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने सामुदायिक विकास कार्यों से क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु कटिबद्ध हैं। बालको ने सार्थक जन विकास संस्थान के सहयोग से वर्ष 2019 में 'नई किरण' परियोजना की शुरूआत की। कोरबा जिले के 45 गांव इस अभियान में शामिल हो चुके हैं। इस परियोजना ने लगभग 600 किशोर लड़कियों, स्वयं सहायता समूहों की 200 महिलाओं और अब तक लगभग 60 फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के साथ क्षमता निर्माण और नेतृत्व सत्र शुरू किया है। उन्हें ऐसे लीडर्स के तौर पर विकसित किया गया है जिससे वे समुदाय में जाकर माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति बालिकाओं और महिलाओं को जागरूकता फैलाने में अग्रणी हो। एक समावेशी कदम में परियोजना ने पुरुषों को भी संवेदनशील बनाने की दिशा में काम किया है। 2022 में माहवारी स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर परामर्श प्रदान करने और माहवारी से संबंधित प्रश्नों के समाधान के लिए गांवों में चार स्वास्थ्य सुविधा केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। अबतक परियोजना से लगभग 45,000 महिलाओं, पुरुषों एवं किशोरी बालक और बालिकाओं को नुक्कड़ नाटक, जागरूकता अभियान द्वारा संवेदनशील बनाया गया है। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) जनसंपर्क के क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों का राष्ट्रीय संगठन है। वर्ष 1958 में संगठन की स्थापना के बाद जनसंपर्क व्यवसाय के प्रति जागरूकता के संचार के क्षेत्र में देश ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां पाई हैं। इसने एक पेशे के रूप में जनसंपर्क की मान्यता को बढ़ावा देने और रणनीतिक प्रबंधन कार्य के रूप में जनसंपर्क के उद्देश्यों और संभावनाओं को जनता के लिए तैयार करने और व्याख्या करने के लिए अथक रूप से काम किया है।




# विधायक नाग के हाथों 79 बालिकाओं को मिला साइकिल, पढ़ाई होगी आसान

## विधायक बोले इतनी मेहनत करो की बड़े से बड़े लोगों की जुबान पर आपका नाम आता रहे

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com



विकासखंड पखांजूर अंतर्गत ग्राम पंचायत बांदे के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 79 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल का वितरण मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग के हाथों किया गया । इसके साथ ही बांदे हाईस्कूल से जिला में 10वीं, 12वीं की कक्षा में टॉपर स्थान हासिल करने वालें छात्रों को व्यक्तिगत रूप से 10-10 हजार रुपये देने की घोषणा की।

मुख्य अतिथि विधायक नाग ने उपस्थित छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षको को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिवर्ष यह निःशुल्क योजना का लाभ विद्यार्थियों को कांग्रेस की सरकार के द्वारा दिलाई जाती है। हमारे राज्य में पहले छात्रों के अपेक्षा छात्राओं की उपस्थिति विद्यालय में कम हुआ करती थीं। सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत किये जाने के बाद स्कूल आने व घर जाने में सरलता होने व आवागमन में सहयोग मिलने से अब विद्यालयों में छात्राओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। किसी भी सफलता और ज्ञान के लिए विद्यालय जाना व विद्या हासिल करना दोनों जरूरी है। इसके अलावा शिक्षित होने के साथ-साथ अच्छी योग्यता अच्छी प्रतिशत का होना जरूरी है। श्री नाग ने आगे कहा की अव्वल अंक लाने वाले छात्रों से राज्य व क्षेत्र के साथ-साथ देश भर में नाम रोशन होगा। आप सभी मेहनत कर इस तरह का नाम हासिल करें कि बड़े से बड़े राज नेता के जुबान पर आपका नाम आता रहे। विद्यालय के प्राचार्य नारायण विस्वास ने भी शासन की सरस्वती साइकिल योजना को महत्वपूर्ण योजना बताते हुए इस बारे विस्तृत रूप से छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। छात्राओं ने भी विधायक अनूप नाग और राज्य शासन एवं गुरुजनों का आभार व्यक्त किया।

### इनकी रही मौजूदगी

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज साहा, अनिमेष चक्रवर्ती, जयदेव राय, मंडी अध्यक्ष विकास मंडल, जगदीश साहा, सुधीन अधिकारी, मोतीलाल शील, मनोज मंडल, पल्लव साहा, विकास, संजू, गौर मंडल, निहार सरकार, अभिराज ढाली, छोटू बर्मन, प्राचार्य नारायण विस्वास, तपन राय, केएस घरामी, एसआर नेताम, लोकेश कोर्राम समेत स्कूल के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## गोलावण्ड में आईटीबीपी के ने किया सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन




**कोंडागांव।** कोण्डागांव जिले अंतर्गत गोलावण्ड में 41वीं 0 वाहिनी, आईटीबीपी के कमांडेंट पवन सिंह के तत्वाधान में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 41वीं वाहिनी आईटीबीपी के द्वारा आयोजित कैंप के दौरान पवन सिंह, कमांडेंट द्वारा कैंप आए लाभार्थियों और जन समुदाय से बातचीत कर उनकी समस्याओं के के बारे में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त द्वारा जारी नीतियों के बारे में भी समुदाय को अवगत कराया गया।

इस सिविक एक्शन के दौरान स्थानीय जरूरतमन्दो लोगो को, वर्तन और खेती वालों की मदद के विभिन्न प्रकार के उत्तम किस्म के बीज वितरित किए गए।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दी चेतावनी

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में विलंब बर्दाश्त नहीं होगा

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार के विलंब पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए कहा कि भू-व्यपवर्तन, भवन अनुज्ञा, पट्टा नवीनीकरण, नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन के आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर करें। उन्होंने कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के साथ ही राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र की प्रगति की समीक्षा अनुविभाग एवं तहसीलवार करते हुए पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री पर भी जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी डीपी साहू, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री की अध्यक्षता मे आयोजित इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इंद्रावती नदी और उसकी सहायक नदियों में जल संरक्षण के लिए नरवा विकास के तहत कार्य करने एवं नदी-नालों के किनारे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वृक्षारोपण कार्य की तैयारी मार्च माह में करते हुए गड्ढे खोदने का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

बैठक में देवगुड़ियों के जीर्णोद्धार के संबंध में समीक्षा करते हुए विभागीय मद, डीएमएफ्टी मद और बस्तर विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने देवगुड़ी परिसर में अनिवार्य तौर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने फ्लोराईड प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में उपचारित बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच के संबंध में भी निर्देशित किया। बैठक में समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी एवं उचित मूल्य की दुकान निर्माण, अमृत सरोवर और चांदामेटा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

## अमृत सरोवर हकदारी जागरूकता अभियान



**बीजापुर।** पूरे देश में इस वर्ष को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत् गतिविधि के रूप में हकदारी जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है जिसमे मनरेगा जाबकार्ड धारी परिवारों के अलावा ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।इस अवसर पर जिले में अतिरिक्त अमृत सरोवरों के निर्माण एवं नवीनीकरण के उदेश्य से महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत मिशन अमृत सरोवर के तहत दीवार लेखन, मुनादी सहित जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी नारायण बंजारे ने बताया कि जनवरी - फरवरी माह में मिशन अमृत सरोवर के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ग्राम - पंचायत भवनों में दीवार लेखन, बैनर एवं पोस्टर लगाने एवं माइक से घोषणाएं कर ग्रामीणों एवं आम नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि साहू द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं।

## किरंदुल भाजपा मंडल आंबा कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल को दिया समर्थन



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

आंबा कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल को समर्थन करने बुधवार को किरंदुल भाजपा मंडल के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे। धरना स्थल किरंदुल बंगाली कैंप दुर्गा मंदिर परिसर पर पहुंचकर तख्त बदल देंगे ताज बदल देंगे भूपेश बघेल की राज बदल देंगे जैसे कई नारे लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ता भूपेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की साथ ही शासन के वादे को याद दिलाया।

### अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी

किरन्दुल परियोजना के अंतर्गत कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार के सामने हमने कई बार मांग रखी है हमारी मांगें अब तक जस की तस है। कई बार आंदोलन कर चुके हैं।इसके अलावा कई बार ज्ञापन, आवेदन के माध्यम से संबंधितों को मांगों व समस्याओं के संबंध में अवगत करवा चुके है बावजूद अब तक किसी ने पहल नहीं किया। इस बार सरकार के सामने हमने 6 सूत्रीय मांग रखे हैं और आर पार की लड़ाई के मूड में है। जब तक मांग नहीं मानी जाएगी तब तक हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा जिला मंत्री भावना सक्सेना महामंत्री दीनानाथ ठाकुर उपाध्यक्ष नकुल सरकार मंडल महामंत्री संजीव दास महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी कर्मा पूर्व मंडल महामंत्री महादेव राय युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निमाई पाल आरटीआई जिलाध्यक्ष मनोज छालीवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष सिंगासन गुप्ता युवा मोर्चा महामंत्री किशोर जाल सुखदेव पोयम सहित आंगनवाड़ी के प्रमुख पदाधिकारी किरंदुल परियोजना अध्यक्ष रानी राव उपाध्यक्ष लक्ष्मी वाणी परियोजना सचिव सुवर्णा साधक मीडिया प्रभारी गीता देवनाथ किरंदुल सेक्टर अध्यक्ष सुशीला सेवक गुमियापाल अध्यक्ष संगीता चुनार कल्याणी अध्यक्ष रश्मि राणा सहित अनेक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाए मौजूद थे।

# वि.स उपाध्यक्ष संतराम ने 42 हितग्राहियों को किया वन अधिकार मान्यता पत्र का वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल विकासखंड अंतर्गत निवासरत ग्रामीणों को अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम के तहत वन अधिकार मान्यता पत्र एवं ऋष्टा पुस्तिका का वितरण किया गया। बुधवार को विधायक निवास में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं केशकाल विधायक संतराम नेताम के हाथों से केशकाल विकासखंड के कुल 42 हितग्राहियों को वन अधिकारी मान्यता पत्र बांटा गया है। वहीं गुरुवार को बड़ेराजपुर विकासखंड के 285 हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र वितरण किया जाएगा।

### वन अधिकार पत्र के महत्व से हितग्राहियों को अवगत करवाया

इस दौरान वि.स उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल जी के द्वारा छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी एवं परंपरागत निवासियों के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए पहल की गई है यह सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि बस्तर के सभी विधायकों ने माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग किया था कि जल्द से जल्द सभी पात्र हितग्राहियों को अधिकार पत्र दिया जाए। परिणामस्वरूप बस्तर के निवासियों की जल जंगल जमीन की मांग पूरी हुई है। पूरे प्रदेश में कोंडागांव जिले के सर्वाधिक हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र बांटा गया है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को यह अधिकार पत्र मिले ताकि हमारे विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो सके।

### लघु वनोपजों के सम्बंध में दी जानकारी

वि.स उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने वनों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जंगल की सुरक्षा करना हम सभी का दायित्व है। क्योंकि जंगलों के कारण ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग लघुवनोपज का संग्रहण करके अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। हमारी सरकार कोदो, कुटकी, रागी समेत अन्य चीजों को भी समर्थन मूल्य में खरीद कर ग्रामीणों को आर्थिक रूप से लाभ देने का काम कर रही है। और भविष्य में भी हमारी सरकार किसान, मजदूर, व्यापारी, शसकीय कर्मचारियों के विकास व उत्थान करने के लिए कार्य कर रही है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान उर्दू अकादमी बोर्ड के सदस्य सगीर कुरैशी, वरिष्ठ कांग्रेसी अगनु मण्डावी, पार्षद पंकज नाग, वसीम मेमन, खिलेश्वर शोरी, अरमान मेमन, एसडीएम शंकरलाल सिन्हा, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, जनपद सीईओ के.एल फाफा समेत सभी हितग्राही मौजूद रहे।

## एसडीएम व तहसीलदार ने देर रात किया अस्पतालों का औचक निरीक्षण



**केशकाल।** केशकाल एसडीएम शंकरलाल सिन्हा व तहसीलदार आशुतोष शर्मा ने बीती रात केशकाल विकासखंड के अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया है। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 स्टाफ नर्स ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित पाए गए। इसके पश्चात प्रशासन की टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहीगांव पहुंची जहां समूचे अस्पताल भगवान के भरोसे छोड़ कर सभी स्वास्थ्यकर्मी अपने अपने घर जा चुके थे। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अड़ेंगा में निरीक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित पाए गए। इस सम्बंध में एसडीएम शंकरलाल सिन्हा ने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार हमारे द्वारा समय समय पर विभागीय कार्यालयों व संस्थानों में इस प्रकार के निरीक्षण किए जाते हैं। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति पाए गए स्वास्थ्यकर्मियों को सर्वप्रथम कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। तथा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में 3 को होगा मोटीवेशनल कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

**कोंडागांव।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण व जिला रोजगार व स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 3 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे से न्यू आडिटोरियम भवन बड़ेकनेरा रोड कोंडागांव में मोटिवेशनल कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। जिसमें प्रेरक वक्ताओं द्वारा महाविद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम द्वारा इस मोटिवेशनल कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में महाविद्यालयों और पॉलटेक्नीक कॉलेज व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के अधिकाधिक छात्र-छात्राओं को उपस्थित होकर लाभान्वित होने का आग्रह किया गया हैं।

## लेखापाल पद पर संविदा भर्ती के लिए 06 फरवरी तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**जगदलपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास योजना अंतर्गत लेखापाल के रिक्त पद पर संविदा नियुक्ति हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से आमंत्रित आवेदन पत्रों की प्रारंभिक जांच उपरांत दावा आपत्ति हेतु सूची का प्रकाशन किया गया है। इसका अवलोकन जिला पंचायत के सूचना पटल पर एवं बस्तर जिले की अधिकृत वेबसाईट www.bastar.gov.in पर भी अवलोकन किया जा सकता है। अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत जानकारी एवं दस्तावेज यथा शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, जाति, अनुभव, निवास प्रमाण-पत्र तथा आवेदक के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो त्रुटि सुधार के लिए आवेदक अपना अभ्यावेदन 6 फरवरी 2023 तक कार्यालयीन अवधि में आवश्यक साक्ष्य एवं प्रमाणों के साथ जिला पंचायत कार्यालय के आवक शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## राज्य स्तर पर युवा महोत्सव में कोंडागांव जिले ने रॉक बैंड में प्रथम स्थान हासिल किया




पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

रायपुर में आयोजित राज्य स्तर परयुवा महोत्सव में कोंडागांव जिले के कलाकारों द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। जिसमें से राज्य भर के सभी संभाग के कलाकार शामिल हुए, इनके बीच जबरदस्त प्रतियोगिता देखने को मिला। जिसमे कोंडागांव के कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने में मजबूर कर दिया। जिसके परिणाम स्वरूप निर्णायक गणों के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके पूर्व में भी इन कलाकारों के द्वारा राज्य स्तर पर लगातार 3 वर्ष लोकगीत विधा पर भी विजय हासिल किए। आप सभी को अवगत हो कि, ये अपने अंचल में सरगम म्यूजिकल ग्रुप (ऑर्केस्ट्रा), रंग पुरवइया लोक रंग संस्थान के नाम से विख्यात हैं, जो लगतार राज्य के साथ साथ दूसरे राज्य में भी अपनी प्रस्तुति से लोहा मनवाया हैं। जिसमे मुख्य कलाकार के रूप में सानू मार्कण्डेय, जयकिशन मार्कण्डेय, दीपक पोयाम, राजेंद्र नाग,अंकित गौतम, सौरभ मडामे, गुप्तेश्वर नाग, मोहनीश बन्धिया शामिल थे।

# कलेक्टर ने बड़ेसिलाटी में प्राथमिक शाला व उच्च प्राथमिक शाला का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने कोंडागांव ब्लाक अंतर्गत बड़ेसिलाटी में प्राथमिक शाला सहित उच्च प्राथमिक शाला और हाईस्कूल का निरीक्षण कर शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सहित बच्चों की पढ़ाई के बारे जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर द्वारा प्राथमिक शाला बड़ेसिलाटी के प्रधान अध्यापक बुधराम मरकाम को नशे की हालत में पाए जाने के कारण सम्बन्धित शिक्षक का चिकित्सकीय परीक्षण करवाया गया और चिकित्सा परीक्षण रिर्पोट में मदिरा का सेवन करने की पुष्टि होने पर संबंधित प्रधानाध्यापक बुधराम मरकाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान उच्च प्राथमिक शाला डोंगरसिलाटी का निरीक्षण कर स्कूल का बेहतर संचालन की प्रशंसा करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान केन्द्रीत करने के निर्देश शिक्षकों को दिए। कलेक्टर ने प्राथमिक शाला बड़ेसिलाटी में कक्षा चैथी के बच्चों से 5 का पहाड़ा सुनाने कहा और बालिका दीपिका द्वारा मुखाग्र पहाड़ा सुनाने पर उसकी प्रशंसा कर सभी बच्चों को पूरी लगन एवं मेहनत के साथ पढ़ाई करने की समझाईश देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होने दूसरी एवं तीसरी कक्षा के बच्चों से छत्तीसगढ़ी में बातचीत कर 2 एवं 3 का पहाड़ा सुनाने कहा। इस दौरान सहायक शिक्षिका राधिका कुंजाम को बच्चों की पढ़ाई पर अच्छी तरह ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने उच्च प्राथमिक शाला बड़ेसिलाटी में शाला अवधि के दौरान अनुपस्थिति शिक्षक हरिशंकर सोढ़ी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने कहा। वहीं प्रधान अध्यापक सुखराम शोरी को स्कूल में समय पर सभी शिक्षकों की उपस्थिति सहित स्कूल का सुचारू संचालन के साथ बच्चों की गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर पढ़ाई सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

### हाईस्कूल बड़ेसिलाटी में गणित शिक्षक की होगी नियुक्ति

कलेक्टर दीपक सोनी ने हाईस्कूल बड़े सिलाटी में 9वीं व 10वीं कक्षा के बच्चों से रूबरू होकर उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। इस मौके पर उन्होने 10वीं कक्षा के बच्चों से साईन थीटा का फार्मूला पूछने सहित उसके बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होने बच्चों को सेल्फ स्टडी के लिए प्रोत्साहित कर बोर्ड परीक्षा के लिए अच्छी तैयारी कराये जाने के निर्देश शिक्षकों को दिए। कलेक्टर ने हाईस्कूल बड़ेसिलाटी में गणित विषय शिक्षक की तत्काल नियुक्ति किये जाने कहा। कलेक्टर ने इस दौरान उच्च प्राथमिक शाला डोंगरसिलाटी में कक्षा 6वीं के बच्चों से गति का फार्मूला पूछा, वहीं कक्षा 8वीं के छात्र बलराम से 13 का पहाड़ा सुनकर उसकी प्रशंसा की और सभी बच्चों को पूरी लगन व मेहनत के साथ पढ़ाई करने कहा।

## कर्जा लेकर काम करने वाले ठेकेदारों की हालत पस्त

# जल विभाग की लापरवाही आई सामने, बिल पास होने के बाद भी ठेकेदार को नही मिला पैसा

**7 लाख से अधिक राशि का बकाया है भुगतान, जल संसाधन उप संभाग कपासी एंव पखांजुर का है मामला**

पायनियर संवाददाता ◄ पखांजूर
www.dailypioneer.com



एक वर्ष पहले जल संसाधन उप संभाग कापसी और पखांजुर में विभाग ने ठेकेदार से जमकर काम कराया लेकिन एक वर्ष बाद भी विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदार को भुगतान को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई अब ठेकेदार अपने भुगतान के लिए विभाग के चक्कर काट रहे हैं ऐसे दर्जन ठेकेदार जो कापसी जल संसाधन विभाग में काम के बाद भुगतान नहीं होने की शिकायत ठेकेदार कर रहे हैं।

एक साल से अधिक हो ने पर भी ठेकेदारों को नही दिया जा रहा है उनके काम का पैसा ,जिसको लेकर ठेकेदारों में काफी रोष देखी जा रही है ठेकेदार रतन दास ने विभाग और सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि समय पर ठेकेदारों को काम के बिलों के अदायगी नहीं होने पर कारण उन्हें कर्जा लेकर ठेके चलाने वाले छोटे ठेकेदारों की हालत बहुत खराब होती जा रही है। ठेकेदारों ने बताया यदि सरकार ने यह दमनकारी नीति बंद नहीं की तो जल विभाग के कार्यालयों के बाहर हम समस्त ठेकेदार भूख हड़ताल पर बैठने के लिए विवश होंगे। जिसकी जिम्मेवारी सरकार और विभाग की होगी।, ठेकेदार अपनी पेमेंट को तरस रहे है। हर वर्ष वित्त बर्ष के आखिर में ऊंट के मुंह मे जीरे के समान राशि दी जाती है। अगर ऐसा इस बार भी हुआ तो जल संसाधन कार्यालय के बाहर ही भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो जाना पड़ेगा,अब देखने वाली बात यह है इस मामले पर लेट लतीफा कब तक बनी रहती है या फिर शासन प्रशासन इन ठेकेदारों की मेहनत पसीने की कमाई के रकम को कब मुहैया करवाती है।

### ठेकेदार रतन दास ने बताया इन सब जगहों पर हुआ है काम

उजाला से लेकर कापसी, पीवी 118, चाणक्यपुरी पंचायत, हरनगढ़ ,पीवी 122,पीवी 57 आदि जगहों पर जेसीबी, मशीन और टैक्टर के द्वारा किया गया है कार्य। जल संसाधन विभाग के एसडीओ आरएल धीवर ने बताया..* कि समस्त विल बाउचर को सबमिट कर मेरे द्वारा कांकेर में कार्य पालन अभियंता ई,ई साहब को भेज दिया गया है अब आगे की पक्रिया उनके हाथ में है वो ही करेंगे।

# अमृत सरोवर हकदारी जागरूकता अभियान



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

पूरे देश में इस वर्ष को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत् गतिविधि के रूप में हकदारी जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है जिसमे मनरेगा जाबकार्ड धारी परिवारों के अलावा ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।इस अवसर पर जिले में अतिरिक्त अमृत सरोवरों के निर्माण एवं नवीनीकरण के उदेश्य से महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत मिशन अमृत सरोवर के तहत दीवार लेखन, मुनादी सहित जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी नारायण बंजारे ने बताया कि जनवरी - फरवरी माह में मिशन अमृत सरोवर के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ग्राम - पंचायत भवनों में दीवार लेखन, बैनर एवं पोस्टर लगाने एवं माइक से घोषणाएं कर ग्रामीणों एवं आम नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि साहू द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं।

# कांग्रेसियों ने ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कांग्रेसजनों द्वारा ग्राम चिचोली, खम्हरिया, चांपा एवं पॉसरी में हाथ से हाथ जोड़ो पद यात्रा कर ग्रामीणों को भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया।

ब्लॉक कांग्रेस बलौदाबाजार ग्रामीण के अध्यक्ष विक्रम गिरी के नेतृत्व में कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु , कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा सहित कांग्रेस जनो की विशेष उपस्थिति में कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों के कर्जा माफ, 1 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित अन्य किसान, ग्राम विकास कार्यो की चर्चा कर सरकार के चार साल की उपलब्धियों से अवगत कराया।उक्त अवसर पर गंभीर सिंह ठाकुर, संदीप पांडेय, लखेस साहू, गणेश शंकर साहू, सुंदर लाल साहू, दीनदयाल साहू सरपंच, मोहनलाल साहू, हुलाष यदु, देवक राम जांगड़े, गणेषु ध्रुव दुर्गा दास, सुरेश साहू, कोमल साहू, परमानंद वर्मा, भोजराम ध्रुव,संतोष धृतलहरे, लखन साहू, संतोष साहू, मणि यादव, धर्मलाल, ईश्वर यादव, रूखमणी वर्मा, दयाशंकर साहू , भरतवर्मा, चोवा राम सेन, रामकुमार ध्रुव, रामेश्वर यादव, ऋषियादव, अनिलयादव, महेश ध्रुव, दीनदयाल ध्रुव, बलराम साहू रामनाथ ध्रुव, दयाशंकर ध्रुव, लेखराम ध्रुव, टापलाल वर्मा, ईश्वर वर्मा परसमानिकपुरी, संतरामयादव, योगेश ध्रुव, हेमिन ध्रुव, बद्री मानिकपुरी, कलाबाईसाहू, ऋतु साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कॉंग्रेस जन उपस्थित रहे।

## रीपा गौठानों में आजीविकामूलक गतिविधियों पर होगा फोकस

**धमतरी।** प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप कार्यक्रम ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का जिले में मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन को परखने कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने नगरी विकासखंड के रीपा गौठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली और सांकरा में स्थित रीपा गौठानों में जाकर वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही इन्हें और अधिक रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक बनाने के उद्देश्य से नए कार्यों को शामिल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर रघुवंशी ने सुबह गट्टासिल्ली स्थित रीपा गौठान का दौरा किया, जहां वर्तमान में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि यहां 25 महिला स्वसहायता समूहों में से छह समूह सक्रिय हैं। इनके द्वारा लघु वनोपज, पशु आहार, सुगंधित चावल प्रसंस्करण और मक्का प्रसंस्करण पर कार्य किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने पशु आहार प्रोसेसिंग कार्य के स्थान पर नई गतिविधियां शामिल करने के लिए निर्देशित किया। इनमें दाल मिल, तेल मिल, मशरूम स्पॉन उत्पादन, लघु वनोपज उत्पाद के तौर पर इमली प्रसंस्करण, तिखुर, शहद, मक्का प्रसंस्करण, सुगंधित चावल प्रसंस्करण के अलावा पेवर ब्लॉक, चैनलिंक फेंसिंग और मिनी राइस मिल की स्थापना सम्मिलित हैं। उन्होंने इन सभी कार्यों को प्राथमिकता से करते हुए महिला स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षित करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी को दिए।

# डॉ. सम्पत अग्रवाल प्रतिनिधि वार्षिकोत्सव में हुए शामिल

## सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम का हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता ‹ पिथौरा
www.dailypioneer.com

पिरदा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल जी के प्रतिनिधि रामचंद्र अग्रवाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू शामिल हुए। मुख्य अतिथि व आयोजकों के द्वारा मां सरस्वती भारत माता एवं ओम के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समस्त विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का फुलमाला पहनाकर चंदन वंदन व अंगवस्त्र से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

रामचंद्र अग्रवाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू ने सभी को वार्षिकोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और शिक्षा का महत्व को बताया। तथा नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक डॉ.सम्पत अग्रवाल जी के द्वारा नर सेवा नारायण सेवा की परिकल्पना को साकार करते निस्वार्थ भाव से किये जा रहे जन सेवा कार्य स्वास्थ्य संबंधी जनसेवा कार्यो जैसे नीलांचल निशुल्क एंबुलेंस सेवा, उपचार सेवा, स्वास्थ्य शिविर, नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, खेल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, मंदिरों का जीर्णोद्धार, पीने योग्य जल की व्यवस्था, शिक्षण संस्थानों में सहयोग, तीर्थ यात्रा इत्यादि जन सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। और अधिक से अधिक नीलांचल सेवा समिति की सदस्यता लेकर सेवा का लाभ लेने एवं अपने ग्रामों के लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नीलांचल सेवा समिति पिरदा सेक्टर प्रभारी उत्तर पटेल, सह प्रभारी शिशुपाल प्रधान, सह प्रभारी ललित साहू, ललित बेहरा, राधे पटेल, डी. सी. नायक, रमेश कर, टीटू अग्रवाल, रमेश प्रधान, शौकीलाल सागर, गोवर्धन पटेल, उपेन्द्र प्रधान, राजू गडतिया, मुकेश साहू, योगेन्द्र प्रधान, नरेश पटेल, दिलीप पटेल, सविता प्रधान, पिंकी सेठ विद्यालय परिवार सहित छात्र छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहें।

# श्रीरामचरितमानस ग्रंथ हमारे आदर्श, जीवन जीने का आधार : मुरलीधर





पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद विकासखंड के सबसे बड़े ग्राम हरदी में तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसके विराम दिवस में मार्केटिंग सोसायटी गरियाबंद अध्यक्ष मुरलीधर सिन्हा ने सम्बोधित करते हुऐ कहा की श्रीरामचरितमानस ग्रंथ हमारे आदर्श जीवन जीने का आधार है । उन्होंने मानस व धर्म प्रेमियों को कहा कि यह मनुष्य जन्म बहुत भाग्य से मिला है इसे धर्म और पुण्य कार्यों में लगाना चाहिए क्योंकि मनुष्य जन्म लेने के लिए भगवान भी तरसते हैं ऐसा सभी ग्रन्थों, संतो और देवताओं ने बताया है । सिन्हा ने आगे कहा कि गाँव द्वारा यह भब्य आयोजन करने का तात्पर्य है कि हमें सत्संग से प्राप्त ज्ञान को समाज और परिवार में भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र को अपने जीवन में उतारना है। उक्त कार्यक्रम में पूर्व सरपंच व ग्राम सुरक्षा समिति अध्यक्ष निरंजन ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य शेषनारायण गजभिये, पंच लालजी साहू, संरक्षक रूपसिंह ठाकुर, पवन सिंह, अध्यक्ष लेखराम साहू, उपाध्यक्ष हेमसिंह ठाकुर, सचिव संतोष यादव, सहसचिव हेमन्त ठाकुर, बिसेलाल साहू, संयोजक नूतन यादव, डागेश्वर साहू, रेखराम साहू, ढालसिंह साहू, फागुराम साहू सहित बड़ी संख्या में मानस प्रेमी उपस्थित थे, कार्यक्रम के पुरोहित पण्डित डागेंश्वर प्रसाद दुबे और उदघोषक सुरेन्द्र पटेल देवडोंगर कांकेर थे।

# ले चलहूं अपन दुवारी 10 को प्रदर्शित होगी

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com




पूजा शर्मा (मोहनी एल्बम फेम) और शील वर्मा की लवस्टोरी केमेस्ट्री फिल्म 'ले चलहूं अपन दुवारी' को लेकर आज एक प्रेस वार्ता में कलाकारों ने कहा कि इस फिल्म का प्रदेश में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह फिल्म आगामी 10फरवरी को महासमुंद के विठोबा टाकीज में भी लगने वाली है।

रायपुर..'पॉपकार्न फिल्म्स' प्रोडक्शन के बैनर तले निमार्ता देवनारायण साहू, उत्तरा कुमार साहू , फिल्म के लेखक कौस्टन साहू, डायरेक्शन मृत्युंजय सिंह की यह फिल्म बीते 13 जनवरी को प्रदेश में प्रदर्शित हुई। छत्तीसगढ़ के दर्शक इस शुद्ध परिवारिक फ़िल्म को बहुत पसन्द कर रहे हैं। फ़िल्म में खास बात यह है कि इस फ़िल्म में पहली बार कैमरे में बेहतरीन तरीके से फिल्मांकन किया है इन्होंने बताया कि आरुषि बागेश्वर ने फिल्म की सूटिंग छत्तीसगढ़ के विभिन्न रोमांटिक एवं दर्शनीय स्थानों पर की है। फिल्म का निर्माण छत्तीसगढ़ की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर केंद्रित है!। इस फिल्म में देशप्रेम के साथ साथ , इमोशन एवं कॉमेडी का भी भरपूर समावेश किया गया है! आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है! इसके लिए पूरी टेक्निकल टीम मुम्बई से छत्तीसगढ़ आयी थी।

इन्होंने बताया कि फिल्म के लेखक, डायरेक्टर एवं डीओपी सभी पच्चीस से तीस साल के बीच के युवा हैं। सभी युवा टीम का इरादा दर्शकों के बीच ऐसी फिल्म परोसने का है जिसे देखकर दर्शक बार- बार फिल्म को जरूर देखना चाहें । फिल्म में नायक की भूमिका में 'शील वर्मा' एवं नायिका 'पूजा शर्मा' ( मोहनी एल्बम फेम) हैं! इसके साथ साहेबदास मानिकपुरी, अक्षय वर्मा, विजय मिश्र, नरेंद्र दावड़ा, सुमित्रा साहू,मनीषा खोब्रागडे ने अहम किरदार निभाया है। फ़िल्म संगीत मोनिका वर्मा, तुषान्त कुमार, तुषान्त सोलंकी व स्वर सिद्धान्त निराला ने दिया है। इस फ़िल्म को संटू जी ने एडिट किया है। एक्सिक्यूटिव प्रोडक्शनब अब्दुल वाहिद ने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं कि प्रदेश में यह फिल्म अपनी अलग पहचान बनाने में जरूर सफल होगी।

## गौण खनिज, साधारण रेत का उत्खनन पट्टा के आबंटन की नीलामी

**महासमुंद।** जिला महासमुंद में गौण खनिज, साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) के तहत नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से रेत खदान समूह के अंतर्गत रेत उत्खनन पट्टा आबंटित किया जाना है। इस हेतु अर्हता प्राप्त बोलीदार नीलामी में भाग ले सकता है। बोली प्रारम्भ की तिथि 18 फरवरी 2023 तथा अंतिम बोली तिथि 24 फरवरी 2023 है। इच्छुक बोलीदार खदानों के आबंटन हेतु निविदा के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट https://mahasamund.gov.in/ विभागीय वेबसाईट chhattisgarhmines.gov.in या कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा महासमुंद, संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत महासमुंद के सूचना पटल से प्राप्त किया जा सकता है।

# करण मोटर्स में उपहार की बरसात

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्टेशन रोड स्थित करन मोटर्स में सिटी लाइफ और सहा यात्री के ई रिक्शा की विस्तृत रेंज उपलब्ध है । यह पैसेंजर एवं हैवी मालवाहक के तीनों मॉडल में उप्लब्ध है, जो ज्यादा माइलेज के साथ साथ मजबूत व् आकर्षक है । करण मोटर्स के संचालक सरदार सतेंदर सिंघ सलूजा बताते है कि हम अपने ग्राहक को संतुष्ट करने के लिए विशेष सुविधाएं देते है । जैसे 0% ब्याज पर सरकारी बैंक से गाड़ी फइनैंस कराई जाती है। कम डाउन पेमेंट पर गाड़ी फाइनेंस और ढेरों ईनाम, इसमें सेल्स के बाद गाड़ियों की सर्विसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसके लिए कंपनी के प्रशिक्षित कर्मचारी कार्य कर रहे है । वही कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए सभी प्रकार के दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है । साथ ही वर्तमान समय में उपहार की बरसात में विधायक मा. कुलदीप जुनेजा द्वारा अजय चंद्राकर को इलेक्ट्रिक स्कूटर एवम् निलेश कुमार हरले को ई -रिक्शा प्रदान किया गया ।

# मिनीमाता कन्या महाविद्यालय वार्षिकोत्सव में अरपा पैरी के धार गीत ने मन मोहा

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय प्रांगण में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि सुरेंद्र शर्मा अध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य पुस्तक निगम विद्या भूषण शुक्ला अध्यक्ष राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा पूर्व विधायक जनक राम वर्मा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश ठाकुर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद डिगेश्वरी नामदेव एवं जनभागीदारी के सदस्य दिलीप महेश्वरी दिगंबर साहू एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना गीत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात स्थायी पुरस्कार 2022- 23 का वितरण किया गया उर्मिला रानी गुप्ता पूर्व प्राचार्य द्वारा बीए भाग 1 में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्रा ललिता और ओर्णिमा ऋषि द्वारा बी ए भाग 3 अंग्रेजी विषय में अधिक अंक प्राप्त करने वाली समीक्षा नामदेव द्रोपति सीमा जनभागीदारी समिति सदस्य देशबंधु के पत्रकार रामाधार पटेल के द्वारा बी ए भाग-3 में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्रा सरला ध्रुव और पूर्व प्राचार्य सेन द्वारा बीएससी गृह विज्ञान कुमारी आरती उषा अग्रवाल के द्वारा दामिनी वर्मा कविता विजय केसरवानी द्वारा बीएससी भाग 1 अंजली प्राचार्य कल्पना उपाध्याय द्वारा बीए भाग 2 कुमारी स्वाति बीएससी गृह विज्ञान भाग 3 की सीता साहू यशोदा वर्मा कुमारी गीता साहू मेरिट में आने वाली छात्राओं का भी सम्मान किया गया राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया कुमारी नीतू कुमारी रोशनी साहू कुमारी खुशबू पटेल कुमारी संगीता मानिकपुरी कुमारी ममता प्रीति ध्रुव दीपमाला साहू कामिनी मन्हारे अंजलि डेहरिया रितु हेमकुमारी अंजलि डेहरिया कुमारी बेस्ट खिलाड़ी कुमारी खुशबू पटेल कविता यादव वर्ष 2022 के लिए पुरस्कृत किया गया भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

# जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने किया राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का अनावरण










पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पिपराही में आज जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा के द्वारा राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया गया। उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला पिपराही के छात्र छात्राओं को भारत के राष्ट्रीय प्रतीक चीन के बारे में बताया कि अशोक चिह्न भारत का राजकीय प्रतीक है। इसको सारनाथ स्थित राष्ट्रीय स्तंभ का शीर्ष भाग राष्ट्रीय प्रतिज्ञा चिह्न के रूप में लिया गया है। मूल रूप इसमें चार शेर हैं जो चारों दिशाओं की ओर मुंह किए खड़े हैं। इसके नीचे एक गोल आधार है जिस पर एक हाथी के एक दौड़ता घोड़ा, एक सांड़ और एक सिंह बने हैं। ये गोलाकार आधार खिले हुए उल्टे लटके कमल के रूप में है। हर पशु के बीच में एक धर्म चक्र बना हुआ है। राष्ट्र के प्रतीक में जिसे 26 जनवरी 1950 में भारत सरकार द्वारा अपनाया गया था केवल तीन सिंह दिखाई देते हैं और चौथा छिपा हुआ है, दिखाई नहीं देता है। चक्र केंद्र में दिखाई देता है, सांड दाहिनी ओर और घोड़ा बायीं ओर और अन्य चक्र की बाहरी रेखा बिल्कुल दाहिने और बाई छोर पर। घंटी के आकार का कमल छोड़ दिया जाता है। प्रतीक के नीचे सत्यमेव जयते देवनागरी लिपि में अंकित है। शब्द सत्यमेव जयते शब्द मुण्डकोपनिषद् से लिए गए हैं, जिसका अर्थ है केवल सच्चाई की विजय होती है। अनावरण के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला पिपराही के छात्राओं के द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई उक्त अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत पिपराही पंचगण शासकीय प्राथमिक शाला पिपराही के छात्र-छात्राएं अन्य ग्रामीण जन काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# बलौदाबाजार में जोगी कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे.) के प्रदेशाध्यक्ष एवं मरवाही के पूर्व विधायक अमित अजीत जोगी के आदेशानुसार तथा अनु.जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उदयचरण बंजारे जी के आतिथ्य एवं अनु.जाति युवा प्रकोश्ठ के प्रदेशाध्यक्ष संजीव गिलहरे के अध्यक्षता में जनता कांग्रेस छ.ग. (जे) जिला बलौदाबाजार की जिलास्तरीय बैठक के पुराना विश्रामगृह में हुई, जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं फरवरी माह में होने वाले त्रि-दिवसीय गिरौदपुरी धाम मेला के संबंध में विशेष चर्चा हुई। साथ ही अनु.जाति विभाग के जिला कार्यकारिणी व ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण-पत्र ससम्मान प्रदान किया गया। इस जिलास्तरीय बैठक में प्रमुख रूप से अनु.जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष उदयचरण बंजारे, अनु.जाति युवामोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष संजीव गिलहरे, रायपुर लोकसभा प्रभारी अष्वनी यदु, जनता कांग्रेस छ.ग. (जे) बलौदाबाजार, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे, डॉ. अमीन खान प्रदेश उपाध्यक्ष व विधानसभा बलौदाबाजार प्रभारी एवं प्रदेश पदाधिकारी व बलौदाबाजार जिला के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उत्तम टण्डन जिलाध्यक्ष अनु.जाति विभाग जिला बलौदाबाजार ने जानकारी दी है।

# ग्राम संगठन की दीदियों को 4 क्विंटल मछली से 6 महीने में होगी साढ़े तीन लाख की शुद्ध कमाई

## बर्ड नेट, डिसोल्व ऑक्सीजन, फ्रेश वाटर, सॉल्ट वाटर, टेस्टिंग किट व टीडीएस मीटर से सुसज्जित है बॉयो फ्लॉक

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




विकासखंड धमधा के ग्राम पंचायत पथरिया में जिला प्रशासन, मत्स्य पालन के विस्तार के लिए बायोफ्लॉक सिस्टम द्वारा नवाचार कर रहा है। 15 हजार तिलापिया मछलियों के बीज से इसकी शुरुआत पथरिया के महिला ग्राम संगठन की 10 दीदियों द्वारा की गई है। जिसमें निषाद वर्ग से 7 महिलाएं कार्य कर रहीं हैं। पथरिया (डोमा) के गौठान में मछली पालन के लिए 7 लाख 50 हजार की लागत से बायोफ्लॉक का इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में 7 टंकियां बनाई गई हैं व 50 हजार की अतिरिक्त राशि चारे (प्रोबायोटिक) व अन्य उपकरणों में खर्च की गई है। कोयतुर फिश फार्मिंग से ट्रेनिंग प्राप्त प्रशिक्षक ने दी है ट्रेनिंग- मतस्य विभाग की उपसंचालक सुधा दास ने बताया कि विभाग द्वारा ग्राम संगठन कार्यकर्ताओं को बायोफ्लॉक से संबंधित इंट्रेक्टिव ट्रेनिंग देने के लिए लोकल स्तर पर संबंधित कार्य करने वालों से संपर्क साधा गया। जिसमें कुम्हारी की वंदना सुरेन्द्र को प्रशिक्षण के लिए चुना गया। वंदना सुरेंद्र कोयतुर फिश फार्मिंग से ट्रेनिंग ले चुकी हैं और कुम्हारी में स्वयं का बायोफ्लॉक का स्टार्टअप कर रही हैं। ग्राम संगठन की दसों महिलाओं को इंट्रेक्टिव तरीके से एक दिन का लाईव सेशन कराया गया है। उन्हें बायोफ्लॉक से संबंधित अपडेट निरंतर मिले इसके लिए उनका एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। जिसमें समय-समय पर उन्हें विडियो और संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाती हैं। मछलियों के लिए बोरी का मार्केट तैयार- पथरिया में बोरी को नवीन तहसील का दर्जा दिए जाने के बाद यहां का स्थानीय मार्केट खपत के दृष्टिकोण से एक बड़े मार्केट के रूप में तब्दील हो चुका है। इसके साथ-साथ गांव में भी और नजदीकी हाट बाजारों में भी मछली की बिक्री की जा सकेगी। 04 क्विंटल मछली से साढ़े तीन लाख की शुद्ध कमाई 6 महीने में- बायोफ्लॉक की 7 टंकियों का निर्माण कराया गया है। जिसमें कुल 15 हजार मछलियों के बीज डाले गए हैं। प्रत्येक मछली लगभग 500 ग्राम से लेकर 1 किलोग्राम वजन के लिए बढ़ाई जाएगी। अनुमानित आंकड़ा लगभग 4 क्विंटल के करीब है। जिससे शुध्द कमाई का आंकड़ा लगभग साढ़े तीन लाख होने की उम्मीद है। बर्ड नेट, डिसोल्व ऑक्सीजन, फ्रेश वाटर, सॉल्ट वाटर, टेस्टिंग किट व टीडीएस मीटर से सुसज्जित है बॉयोफ्लॉक- पथरिया के बॉयोफ्लॉक टैंक सिस्टम को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के लिए इसमें विभिन्न प्रकार के उपकरण लगाए गए हैं। क्योंकि मछलियां पानी के अंदर समान्यतः डिसोल्व ऑक्सीजन को ग्रहण करती हैं, इसलिए डिसोल्व ऑक्सीजन टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई गई हैं। ताकि दीदियां समय-समय पर पानी में ऑक्सीजन की स्थिति पता लगाकर वस्तु स्थिति अनुरूप निर्णय ले सकें और ज्यादा से ज्यादा फिश ग्रोथ हासिल कर सके। इसके अलावा टैंक के अंदर मछलियों को सुरक्षित रखने के लिए बर्ड नेट भी लगाए गए हैं। ताकि पक्षी मछलियों को अपना चारा न बना सके। फ्रेश वाटर, साल्ट वाटर, टेस्टिंग किट, टी.डी.एस. मीटर, वाटर पंप, पी.एच. मीटर, टेम्प्रेचर मीटर, सोलर पैनल और बैटरी बैकअप सिस्टम इत्यादि भी बायोफ्लॉक टैंक के लिए उपलब्ध है। सहजीविता बायोफ्लॉक की सबसे बड़ी विशेषता- फिशरी इंस्पेक्टर धमधा की स्वीटी सिंह ने बायोफ्लॉक सिस्टम के संबंध में विशेष जानकारी देते हुए बताया कि सहजीविता इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। जिसमें जलीय जीव और परपोषी बैक्टीरिया और सूक्ष्मजीव आपस में सहजीवी प्रक्रिया द्वारा एक इकोसिस्टम तैयार करते हैं। परपोषी बैक्टीरिया मछली के वेस्ट प्रोडक्ट को अपना आहार बनाते हैं और आगे चलकर हाई प्रोटीन में तब्दील होकर मछलियों का चारा बनते हैं।

# नगर निगम भिलाई से 5 अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, निगम ने दी ससम्मान विदाई

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई से 5 अधिकारी/कर्मचारी अपनी सेवा पूर्ण कर तथा अर्धवार्षिकी आयु 62 वर्ष पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इन कर्मचारियों को आज निगम सभागार में स-सम्मान विदाई दी गई। इस दौरान रिटायर्ड आईएएस वर्तमान में रेरा के सदस्य धनंजय देवांगन तथा स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति मुकेश वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे। सेवानिवृत्त होने वाले सहायक अभियंता आरके जैन के साथ इनकी शिक्षा हुई थी। विदाई के अवसर पर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कहा कि निगम के अपने संपूर्ण कार्यकाल में इन सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने अच्छा काम किया है तथा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन किया है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में रूपेंद्र कुमार जैन सहायक अभियंता, पितांबर रावत वाहन चालक, मोतीलाल साहू राजस्व निरीक्षक, धनुष कुमार वर्मा पंप ऑपरेटर तथा शत्रुघ्न लाल नायक पंप सहायक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भिलाई निगम ने शाल, श्रीफल, प्रशस्तिपत्र, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर इन सभी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के परिजन भी मौजूद रहे। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के दीर्घायु जीवन की कामना की गई। सेवानिवृत्त हर किसी शासकीय कर्मचारी को एक न एक दिन होना ही है, सेवानिवृत्त होने के बाद परिवार एवं समाज को समय देने का स्वर्णिम अवसर भी मिलता है। कर्मचारियों को विदाई देने के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई के सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी शामिल थे।

## सांख्यिकी लिपिकीय शाखा से सेवानिवृत्त हुए सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी



**दुर्ग।** जिला कार्यालय के सांख्यिकी लिपिकीय शाखा में पदस्थ तरुण सिंह ठाकुर सहायक ग्रेड 02 की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर आज जिला कार्यालय परिवार द्वारा सेवा निवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में एडीएम अरविंद एक्का सहित जिला कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निगम प्रशासन ने सहायक अभियंता रूपेंद्र कुमार जैन को दी ससम्मान विदाई

- आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद की प्रक्रिया शीघ्र करें पूर्ण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के सहायक अभियंता रूपेंद्र कुमार जैन को ससम्मान विदाई दी गई। जलकार्य विभाग निगम की ओर से शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी रूपेंद्र कुमार जैन और जलकार्य विभाग के हेल्पर होरीलाल शास्त्री की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी जैन व हेल्पर शास्त्री ने नगर निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को साझा किया। महापौर धीरज बाकलीवाल और जलकार्य प्रभारी संजय कोहले ने सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी व कर्मचारी ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए और सेवानिवृत्त होने के बाद अब आप सभी पूरे परिवार साथ अच्छा जीवन बिताएं और अपने अनुभवों के साथ समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने। इस कार्यक्रम के अवसर पर जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, प्रभारी कार्यपालन अभियंता आरके जैन, एसडी शर्मा, प्रकाशचंद थवानी, गिरीश दीवान, राजेन्द्र ढबाले, मोहित मरकाम, पंकज साहू, करण साहू, नारायण सिंह ठाकुर, छगनलाल साहू, पूर्व पार्षद देवकुमार जंघेल, लक्ष्मी, राकेश जैन, गौरीशंकर तिवारी सहित जलकार्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहें।

# रूआबांधा सेंटथॉमस कॉलेज में जिम की सुविधा गृहमंत्री ने जिम भवन का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com



निगम क्षेत्र के रूआबांधा स्थित सेंटथॉमस कॉलेज में विद्यार्थियों को जिम सुविधा मिलेगी। दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृह, लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू ने नव निर्मित जिम भवन का लोकार्पण किया। भवन निर्माण में 9.99 लाख खर्च किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर शशि सिन्हा व विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र साहू एवं केशव बंछोर थे।

गृहमंत्री साहू लोकार्पण के पहले सेंटथॉमस कॉलेज के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रतिभावान और अलग-अलग क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इसके बाद गृहमंत्री ने परिसर में बने जिम भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सद्स्य अनुप डे, सनीर साहू, चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर कुमार, पार्षद माया यादव, विनय नेताम, रेखा देवी, ममता यादव, शीला नारखेड़े, डोमन बारले, टिकम साहू, एल्डरमेन मो. निजाम, अजीत यादव, संगीता सिंह, संतू दास मानिकपुरी व जी राहुल आदि उपस्थित थे।

**प्राचार्य ने सौंपा मांग पत्र**-लोकार्पण पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य ने गृहमंत्री को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में जिम का सामान काफी पुराना है। वर्तमान में अत्याधुनिक इंडोर जिम का चलन है। उन्होंने जिम के लिए उपकरण खरीदने राशि उपलब्ध कराने की मांग की।

# भिलाई निगम अंतर्गत सड़क मरम्मत एवं संधारण तथा डामरीकरण का कार्य हो रहा युद्ध स्तर पर

## महापौर नीरज पाल की पहल से हो रहा काम

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



सड़कों की स्थिति सुधारने की दिशा में भिलाई निगम तेजी से काम कर रहा है, इसी के तहत डामरीकरण, पैच वर्क, गड्ढों को भरने का काम, सड़कों के मरम्मत एवं संधारण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सर्कस मैदान के सामने के सड़कों को भी ठीक किया जा रहा है। प्रियदर्शनी परिसर पूर्व सुभाष चौक गुरुनाथ हॉस्पिटल के पीछे होते हुए दक्षिण गंगोत्री मेला ग्राउंड के सामने सुपेला मुख्य मार्ग का डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है, स्वीकृत राशि 60.97 लाख की लागत से इस पर काम होगा। इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना होता है। सुपेला चौक से सर्कस मैदान होते हुए प्रियदर्शनी परिसर मार्ग का रास्ता अपनाकर अंडर ब्रिज की ओर राहगीर आना-जाना करते हैं। अब इस सड़क के डामरीकरण हो जाने से गड्ढों से निजात मिल पाएगी, बारिश के दिनों में भी रास्ता सुगम होगा। गड्ढों के कारण हादसे भी कम होंगे। रात्रि में भी आने जाने में सहूलियत होगी साथ ही कीचड़ से भी निजात मिलेगा। डामरीकरण के प्रस्ताव को महापौर की अध्यक्षता में एमआईसी से स्वीकृति दी जा चुकी है।

# शिवरीनारायण मठ में 3 को गद्दी महोत्सव चित्रोत्पला गंगा महाआरती 5 को महानदी में

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



धर्म एवं अध्यात्म की पावन धरा शिवरीनारायण में गद्दी महोत्सव का पर्व परंपरागत रूप से माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी अर्थात दिन शुक्रवार, दिनांक 3 फरवरी 2023 को सांध्य कालीन बेला में श्री दूधाधारी मठ तथा श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न होगा।

इसकी तैयारी मठ मंदिर प्रशासन के द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही साथ चित्रोत्पला गंगा (महानदी) में गंगा महा आरती की भी तैयारी प्रारंभ हो गई है।

यह भव्य आयोजन माघ पूर्णिमा के अवसर पर 5 फरवरी को सायं कालीन बेला में संपन्न होगा। इसकी विधिवत तैयारी की जायजा लेने के लिए चांपा सेवा संस्थान के लोग पुरुषोत्तम शर्मा जी के नेतृत्व में त्यागी जी महाराज के साथ महानदी के बावा घाट में पहुंचकर इसका निरीक्षण कर चुके हैं। इस वर्ष 9 सदस्यीय विप्र मंडल आरती में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेंगे। भजन सम्राट शिवजी चौधरी इंडियन आईडल फेम की शानदार प्रस्तुति लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा, फूलों से सजे हुए नौका विहार भी लबालब भरे हुए महानदी में सुंदरता बिखरता हुआ नजर आएगा।

महानदी गंगा महाआरती में जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, बलौदा बाजार भाटापारा, एवं जांजगीर चांपा तथा बिलासपुर रायगढ़ क्षेत्रवासी सहित पूरे राज्य भर से लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होते हैं। यहअपने आप में एक बहुत महत्वपूर्ण आयोजन है जो छत्तीसगढ़ में प्रायः बहुत कम स्थानों में देखने को प्राप्त होता है।

# जिस तिथि पर सीमांकन निर्धारित, उस तिथि पर सीमांकन नहीं किया तो आरआई को देनी होगी एसडीएम को कारण सहित लिखित जानकारी

- कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने बैठक में राजस्व एवं अन्य प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तेजी से कार्यवाही हो रही है, 35 हजार प्रकरण बीते 6 महीनों में निराकृत किए गए हैं। सीमांकन एवं अन्य राजस्व प्रकरण समयसीमा पर इसी तरह निराकृत होते रहें। इसके लिए मानिटरिंग व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। पटवारी और आरआई प्रतिवेदन में विलंब किये जाने और इस संबंध में लापरवाही पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी। जिस तिथि पर सीमांकन निर्धारित किया गया हो, उस तिथि पर सीमांकन नहीं हो पाया तो इसकी कारण सहित जानकारी आरआई को एसडीएम को देनी होगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि एसडीएम हर सप्ताह सीमांकन के आवेदनों पर हुई कार्रवाई की मानिटरिंग करेंगे। उन्होंने अवैध प्लाटिंग पर हुई कार्रवाई की जानकारी भी ली। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह आठ मामलों में अवैध प्लाटिंग पर कड़ी कार्रवाई की गई है। पाहंदा और मोहलई में ऐसे मामलों में कार्रवाई के संबंध में संबंधित एसडीएम ने बैठक में जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई, अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी तहसीलों का निरीक्षण करेंगे कलेक्टर- कलेक्टर ने बैठक में कहा कि उन्होंने बीते दिनों बोरी और पाटन तहसील का निरीक्षण किया और यहां आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की।

## पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा के लिण जनसंपर्क अधिकारी हुए नामांकित

**दुर्ग।** महाविद्यालयीन में पूर्व में प्रसारित समस्त आदेशों को निरस्त करते हुये डॉ. आर.सी. रामटेके, सहायक प्राध्यापक एवं डॉ. ओ.पी. दीनानी, सहायक प्राध्यापक, शैक्षणिक पशुधन फार्म काम्पलेक्स विभाग को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग का जनसंपर्क अधिकारी नामांकित किया गया है।

# छह महीनों में 37 हजार से अधिक राजस्व के प्रकरण निराकृत 8 हजार प्रकरण समय सीमा के भीतर, 215 प्रकरण ही लंबित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तेजी से कार्य राजस्व विभाग द्वारा किया जा रहा है। इधर के छह महीनों में 46 हजार 36 प्रकरण दर्ज किये गये। इनमें से 37 हजार 544 राजस्व के प्रकरण निराकृत कर दिये गये हैं। लगभग 8492 प्रकरण ऐसे हैं जो समय सीमा के भीतर हैं और इनका निराकरण किया जा रहा है। समय सीमा के बाहर मात्र 215 प्रकरण ही लंबित हैं जिनका त्वरित गति से निराकरण किया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बीते सप्ताह आठ प्रकरणों में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। छह महीनों में 81 प्रतिशत अविवादित नामांतरण के प्रकरण हल- अविवादित नामांतरण के प्रकरणों को देखें तो 33 हजार 872 प्रकरण जुलाई से अब तक दर्ज किये गये हैं। इनमें 27 हजार 568 अर्थात 81 प्रतिशत प्रकरण निराकृत कर दिये गये हैं। 6304 मामले समय सीमा के भीतर लंबित हैं। विवादित नामांतरणों के प्रकरणों में 5080 प्रकरण बीते छह महीनों में आये। इनमें 3860 अर्थात 75 प्रतिशत प्रकरण निराकृत कर दिये गये हैं। समय सीमा के भीतर 1220 प्रकरण लंबित हैं। सीमांकन के 2295 प्रकरणों में 2239 अर्थात 97 प्रतिशत प्रकरण निराकृत कर दिये गये हैं। लंबित प्रकरणों की संख्या 56 है। डायवर्सन के 88 प्रतिशत प्रकरण निराकृत- डायवर्सन के 3030 प्रकरण आये जिनमें 2671 अर्थात 88 प्रतिशत निराकृत कर दिये गये हैं। समय सीमा के भीतर 359 प्रकरण लंबित हैं।

## 9 तक आंगनबाड़ी सहायिका के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के रवेलीडीह एवं करंजा भिलाई, आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के रिक्त पद के लिए अंतिम वरीयता एवं प्राथमिकता के संबंध में किसी आवेदिका को दावा-आपत्ति हो तो मय साक्ष्य में दिनांक 9 फरवरी तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग (ग्रामीण) में अपनी लिखित दावा-आपत्ति कार्यालयीन समय में दर्ज करा सकते है। उक्त समय सीमा के पश्चात् कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

## मनाया गया श्री गुहा निषाद राज जयंती

# श्री राम जानकी की भव्य शोभायात्रा केवट समाज ने निकाली

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




निषाद समाज के द्वारा श्री राम जानकी की भव्य शोभायात्रा निकाला गया गुहा निषादराज जयंती मनाया गया गौरतलब है कि शिवरीनारायण नगर में केवट निषाद समाज की श्री राम जानकी चौबीस अवतार भगवान मंदिर है समाज का प्रमुख केंद्र है माघ शुक्ल सप्तमी को प्रतिवर्ष शिवरीनारायण नगर के युवा समाज के तत्वाधान में महिला समिति, केंद्रीय समिति,अन्य परिक्षेत्र की सहयोग से, नगर अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी उग्रेश्वर गोपाल केवट की कुशल नेतृत्व में श्री राम जानकी जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शबरी धूमाल,पारंपरिक नृत्य कर्मा बाजे गाजे के साथ प्रभु श्री राम जी जयकारो से नगर गूंज उठा सुसज्जित वेशभूषा में राम लक्ष्मण सीता हनुमान निषादराज माता शबरी बिलासा केवट को सुसज्जित रथ में घोड़े में बग्गी में ट्रैक्टर में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया कार्यक्रम की शुरुवात पहले नगर के रामघाट में चित्रोतपल्ला गंगा महानदी में एक साथ 11 नांव में भगवान श्री रामजी, लक्षण, माता सीता, महाराजा निषादराज, केवट, वीरांगना बिलासा जी को नौका विहार किए नगर वासी प्रभु श्रीराम निषादराज जी जयकारा लगाते हुए प्रभु जी की दर्शन अर्जित किए तत पश्चात सभी श्रद्धालु भगवान की जीवंत झांकी को समाज के नाविकों द्वारा नौका विहार कराया गया जिसे लेकर नगर में चर्चा का विषय बना रहा आकर्षण का केंद्र बना रहे शोभायात्रा को लेकर शिवरीनारायण नगर के समाजसेवियों जनप्रतिनिधियों व्यापारियों ने जगह-जगह शोभायात्रा की स्वागत जलपान मिष्ठान से की उक्त धार्मिक आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थी और कार्यक्रम में 5000 से भी अधिक लोग शामिल हुए।शाम को वार्षिकोत्सव समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इंदु बंजारे विधायक पामगढ़ अध्यक्षता एम आर निषाद कैबिनेट मंत्री विशिष्ट अतिथि अंजनी मनोज तिवारी सहित अनेको अतिथि उपस्थित थे और सभी ने समाज के उत्तरोत्तर विकास के लिए बधाई दी वहीं विधायक इंदु बंजारे जी ने कहा कि केवट निषाद समाज के सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख की राशि मार्च अप्रैल के महीने में देने की घेषणा की। इस दौरान केंद्रीय समिति के सर्वराकार खोल बहरा केवट, संरक्षक मनहरण केवट महासचिव नारायण केवट, कोषाध्यक्ष सनत कुमार केवट, अध्यक्ष विश्राम प्रसाद केवट, कार्यालय सचिव विकास केवट नगर अध्यक्ष चंद्रानी केवट,रामेश्वर केवट,जेठूराम केवट, अजय केवट, बंसी लाल केवट, आनंद निषाद, प्रेमलता निषाद,गायत्री निषाद, मनोहर लाल निषाद,अशोक निषाद सहित रायपुर बिलासपुर कोरबा शक्ति जांजगीर चांपा रायगढ़ जिले के अनेक समाजसेवी उपस्थित थे।


## प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 को

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में माननीय न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी मुख्य न्यायाधीश, छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ राज्य में जिला, तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यम से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जा सकेंगे।

# नियमों के विपरीत निर्माण तथा अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए शीघ्र करे आवेदन

## नियमितीकरण कराने का मिल रहा है अच्छा मौका



**भिलाई नगर।** नियमों के विपरीत निर्माण करने वाले लोगों के लिए नियमितीकरण कराने का सुनहरा अवसर उन्हें मिल रहा है, इसलिए आवेदन करने में विलंब न करें शीघ्र ही नियमितीकरण के लिए आवेदन कर नियमितीकरण करा लें, क्योंकि निर्धारित तिथि के अनुसार नियमितीकरण कराने के लिए कुछ ही समय शेष है। निगम में आवेदन करने वाले 297 लोगों का नियमितीकरण अब तक हो चुका है। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक आवासीय व गैर आवासीय मिलाकर जिन्होंने नियमितीकरण के लिए अपना आवेदन निगम में जमा कर दिया है, उनमें से अधिकतर लोगों के नियमितीकरण हो चुके हैं, क्योंकि इसकी प्रक्रिया को भिलाई निगम द्वारा शीघ्रता से अपनाया जा रहा है। इन अनाधिकृत विकास का करा सकते है नियमितीकरण यदि किसी ने बिना बिल्डिंग परमिशन लिए निर्माण किया हो, बिल्डिंग परमिशन प्राप्त करके स्वरूप में परिवर्तन किया हो या फिर प्रदाय किए गए भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण कर लिया हो तो इसका नियमितीकरण कराया जा सकता है। इसके लिए भिलाई निगम में तथा किसी भी जोन ऑफिस में आवेदन करना होगा तथा वार्डों में लग रहे जनसमस्या निवारण शिविर में भी आवेदन कर सकते है।

# रामचरितमानस विवाद सपा राजद की राजनीति

**रामचरितमानस** पर विवाद को हवा देकर सपा और राजद मंडल राजनीति को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ राजनेताओं द्वारा रामचरितमानस के खिलाफ दिए बयान बड़े विवाद को जन्म दे सकते हैं। अयोध्या में तपस्वी छावनी मंदिर के प्रमुख पुजारी महंत परमहंस दास ने 'समाजवादी पार्टी एमएलसी का सिर लाने वाले किसी व्यक्ति को 500 रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की है क्योंकि उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस का अनादर किया है।' लेकिन इससे भगवान राम की जीवन कथा का वर्णन करने वाले महाकाव्य के आलोचक हतोत्साहित नहीं हुए हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य का समर्थन करने वाले एक समूह 'अखिल भारतीय ओबीसी महासभा' ने रविवार को वृंदावन योजना लखनऊ में रामचरितमानस के उन पन्नों की फोटो प्रतियां जलाईं जिनमें कथित रूप से 'महिलाओं व दलितों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं।' भारतीय जनता पार्टी का यह कहना सही है कि मौर्य को रामचरितमानस के खिलाफ बोलने का पुरस्कार मिला है। इन घटनाओं के कुछ दिन पहले अयोध्या के पुजारी ने बिहार के मंत्री चंद्रशेखर की रामचरितमानस पर इस टिप्पणी को खारिज किया था कि यह महाकाव्य 'विभाजनकारी तथा समाज में घृणा फैलाने वाला' है। हालांकि, आधिकारिक रूप से उसने स्वयं को रामचरितमानस टिप्पणियों से अलग कर लिया है, लेकिन समाजवादी पार्टी मौर्य से नाराज नहीं है जिनको रविवार को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव घोषित किया गया। यह लगभग हर राजनीतिक पार्टी की परीक्षित रणनीति है कि वह अपने एक नेता को ऐसी बातें कहने की अनुमति देती है जिनका आमतौर से बचाव नहीं किया जा सकता है। इसके बाद वह इसे संबंधित नेता के 'व्यक्तिगत विचार' बता कर इनसे पल्ला भी झाड़ लेती है। लेकिन संबंधित नेता को ऐसे बयानों का कोई खामियाजा नहीं भुगतना पड़ता है। इसके बारे में एक कहावत प्रचलित है 'चोर से कहें चोरी करो और शाह से कहें पकड़ो।'

सपा तथा चंद्रशेखर की पार्टी राजद की इस रणनीति से स्पष्ट है कि वे 'मंडल राजनीति' पुनर्जीवित करना चाहते हैं जो जातीय व्यवस्था के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण रखती है, पर उनका दावा है कि यह 'हिंदू विश्वासों' से जुड़ी है। मंडल आयोग रिपोर्ट के क्रियान्वयन से ओबीसी राजनीति का उभार हुआ था। इस रिपोर्ट में भी ऐसे अनेक संदर्भ दिए गए हैं जो हिंदूवाद के प्रति आलोचनात्मक हैं। सपा और राजद तथा बिहार में राजद की सहयोगी जदयू को भी मंडल रिपोर्ट से लाभ मिला है।

पिछले दशक में नरेन्द्र मोदी-अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा के शानदार उभार ने जाति-आधारित ओबीसी राजनीति को हाशिए पर धकेल दिया है। लेकिन इसके बावजूद शायद ही कोई स्वीकार करे कि 'जाति' का यथार्थ भारत में समाप्त हो गया है। भाजपा यह तथ्य भलीभांति जानती है, इसिलए पिछले कुछ दशकों में भाजपा ने 'सोशल इंजीनियरिंग' का अपना अलग फार्मूला विकसित किया है। ऐसा लगता है कि 'मंडल' समर्थक पार्टियां वापस अपने जमीनी आधार-जाति की ओर लौट रही हैं। इसी कारण 'जाति गणना' की मांग लगातार तेज होती जा रही है। ये पार्टियां जानती हैं कि यह एक भावनात्मक मुद्दा है और तर्कों के बजाय इसका प्रभाव संभवतः अधिक होगा। लेकिन भाजपा ने पिछले आठ सालों में 'जातिवादी विभाजन' का मुकाबला करने में बड़ी सीमा तक सफलता पाई है। उसने 'सबका साथ, सबका विकास' के अंतर्गत जो जन-कल्याणकारी नीतियां जमीनी स्तर तक व्यापक रूप से लागू की हैं उनका लाभ हर जाति, समुदाय व धर्म के लोगों को मिला है। इसके साथ ही जनता 'मंडल' समर्थक पार्टियों के शासनकाल में व्याप्त भयानक भ्रष्टाचार व 'परिवारवादी' नीतियों से भी भलीभांति परिचित है जिनका नुकसान अंततः समाज के सबसे गरीब लोगों को होता है।

# हमारी संस्कृति में निहित लोकतंत्र

## इतिहास पर गहराई से गौर करने पर स्पष्ट होता है कि भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहना अतिरंजना नहीं है। लोकतंत्र हमारी संस्कृति में निहित है।



**सच्चिदानंद जोशी**
(लेखक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सचिव हैं)



भारत ने लगातार प्रशासन की अनेक व्यवस्थाओं का धीरे-धीरे विकास किया जो हमारे विविधतापूर्ण संस्थानों का सर्वाधिक उल्लेखनीय तत्व है। दसवीं शताब्दी के सोमदेव श्री ने उचित ही अपनी उल्लेखनीय रचना 'नीतिवाक्यमित्र' में ठीक ही कहा है कि 'अथ धर्माथफलेय राज्येय नमः', यानी सरकार की व्यवस्था धर्म व अर्थ प्रदान करती है। भारतीय संस्कृति की विशिष्ट उपलब्धि इसे आदर्श प्रदान करना है। इन व्यवस्थाओं का निर्माण नियमित सामाजिक जीवन की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए हुआ था। हमारे लोकतांत्रिक संस्थान एक ऐतिहासिक घटना का परिणाम न होकर हजारों सालों के सांस्कृतिक विकास का नतीजा हैं। वैदिक साहित्य, स्मृतियां, महाकाव्य, पुराण साहित्य, सूत्र साहित्य, खेल, कविता तथा विभिन्न लोककथायें ऐसी कुछ सामग्रियों में शामिल हैं जो लोकतांत्रिक आयामों वाली प्राचीन भारतीय सामाजिक व्यवस्थाओं में निहित थीं। वैदिक युग से आज तक अनेक शब्दों ने उस सामूहिक व्यवस्था को परिभाषित किया जो प्राचीन भारत में लगातार विकसित हो रही थी। यह भी सच है कि विभिन्न विचारकों ने इन शब्दों को अलग-अलग तरीके से परिभाषित किया, जिससे इनकी सटीक समझ निर्धारित करना चुनौतीपूर्ण है। कहने की आवश्यकता नहीं कि ऐसी कुछ व्याख्याओं ने हमारे अतीत की गलत व्याख्या का रास्ता भी खोला। प्राचीन भारत का सामाजिक व राजनीतिक जीवन समिति, सभा, कुल, गण, जाति, पुग, वृत्त, श्रेणी, संघ, समुदाय, समभूय-समुत्थान, चरण व परिषद से प्रशासित है।

वेद अक्सर 'एकसाथ आने' या 'सभा' का उल्लेख ऐसे समूहों का उल्लेख करने में करते हैं जहां राजनीतिक व गैर-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होती थी। वे एक लोकतांत्रिक समिति की भी चर्चा करते हैं जिसे सत्ताच्युत शासक को पुनः शासनारूढ़ करने का अधिकार प्राप्त था। प्रख्यात वैदिक विद्वान सायन सभा के बारे में अत्यधिक जटिल विस्तृत विवरण देते हैं जिसमें 'अनेक लोगों द्वारा किए प्रस्ताव तोड़े नहीं जा सकते थे।' अथर्ववेद में सामूहिक बैठक के लिए 'संसद' शब्द का प्रयोग किया गया है जिसकी तुलना आधुनिक संसद से की जा सकती है। भारत ने परा-वैदिक संस्कृति में विभिन्न प्रकार की आत्मनियंत्रित व्यवस्थाओं का प्रयोग कर शहरी केन्द्रों का विकास किया जहां समिति व सभा ने गण, संघ व श्रेणी जैसी अतिरिक्त व्यवस्थाओं के गठन का रास्ता खोला। सरकार के गणतांत्रिक रूप-अनेक गणों की रचना पूरे बौद्ध-जैन युग में हुई। इस कालखंड में लोकतांत्रिक रुझान वाले अनेक संस्थानों का गठन हुआ। इस चरण पर गण व संघ के विचारों का विकास हुआ। जैन शिक्षाओं के अनुसार, गण एक समूह है जहां सचेतन लोग निर्णय करते थे। इसके अनुसार गण एक संख्या है और गण-राज्य संख्याओं पर आधारित शासन है। उन दिनों समूह या संसद को गण कहा जाता था और इस संस्था के शासन को गणराज्य कहा जाता था। संस्कृत व्याकरणाचार्य पाणिनि ने अपनी प्रमुख रचना 'अष्टाध्यायी' में कहा है कि संघ व गण शब्दों के अर्थ समान हैं। कौटिल्य ने ईसापूर्व तीसरी शताब्दी में संघ को 'शास्त्रोपजीविन' व 'राजशब्दोपजीविन' कहा, जबकि पाणिनि ने इसे 'आयुधजीविन' बताया है। दोनों दृष्टिकोणों से स्पष्ट है कि संघों का अस्तित्व था जिनमें से प्रत्येक के सदस्य सैनिक कला का अभ्यास करते थे। उनमें से प्रत्येक का एक शासक होता था जिसके लिए 'राजन' उपाधि दी गई थी। मज्झिम निकाय ने 16 महाजनपदों का उल्लेख करते हुए गण व संघ शब्दों का एक वाक्य में साथ प्रयोग किया है।

संघ को एक समूह या राज्य के रूप में देखा जा सकता है, जबकि गण को सरकार का एक स्वरूप कहा जा सकता है। महाभारत के शांति पर्व में राजनीतिक समूह के रूप में संघ के चरित्रों की सर्वोत्तम परीक्षा निर्धारित की गई है। सामूहिक जीवन गण को 'संघत वृत्ति' बनाता है। पाणिनि, कायत, वेदव्यास व नारद ने श्रेणी की परिभाषा समान कौशल या बिजनेस करने वालों के समूह के तौर पर की है-'एकेन शिल्पेन पानेयान ये ये जीवन्ति तेषम समूह श्रेणी।' श्रेणी एक आत्मकेन्द्रित संस्था की तरह व्यवहार करती थी। 'श्रेष्ठी' का अर्थ इसका प्रमुख या मुखिया था। इन समूहों या गिल्डों का समुदाय में बहुत सम्मान होता था। स्थानीय सरकार की नीतियों की चर्चा नियमित रूप से श्रेणी की बैठकों में होती थी। इन श्रेणियों को अपने सामाजिक समूहों के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करने का अधिकार था और राजा के लिए उनको प्रभावित करने वाली नीतियां तय करते समय उनसे विचार-विमर्श करना जरूरी था। श्रेणियां एक बिजनेस ढांचे का प्रतिनिधित्व करती थीं जिनका एक स्पष्ट क्षेत्राधिकार होता था। राज्य को इन श्रेणियों से 'भंडागारिक' को नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त होता था। महत्वपूर्ण है कि विभिन्न गिल्डों के संबंध ताम्रपर्णी-श्रीलंका, सुवर्णपर्णी-सुमात्रा तथा बवेरू से थे। इसके साथ ही उन्होंने आंतरिक वाणिज्यिक संबंध बेबीलोनिया से विकसित किए थे। संघ व श्रेणी शब्द वास्तव में प्रारंभिक राजनीतिक ढांचों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिनका प्रयोग हजारों सालों तक होता रहा। प्राचीन भारत ने कलाओं, विनिर्माण व कृषि में महत्वपूर्ण प्रगति की थी जिनसे अपरिहार्य रूप से श्रेणियों का विकास संभव हुआ। श्रेष्ठी, श्रेष्ठय व श्रेणी शब्दों का प्रयोग बार-बार वेदों, ब्राह्मण ग्रंथों, रामायण, महाभारत व पाली साहित्य में होता है। श्रेष्ठी व श्रेष्ठयन शब्द गिल्ड के प्रमुखों के लिए थे।

रामायण में एक उल्लेख है जहां भरत के साथ राम की खोज में नागरिकों का एक समूह जाता है। इसमें हीरों के कारीगर, मिट्टी के कारीगर, कपड़ा बनाने वाले, हथियार बनाने वाले, जवाहरातों पर काम करने वाले, प्रख्यात सुनार, व्यापारी, धोबी, टेलर, अभिनेता, अभिनेत्रियां, ऊन उत्पादक, सुगंध उत्पादक व आदर्श चरित्र वाले ब्राह्मण शामिल थे। इस प्रकरण से स्पष्ट है कि गिल्डें कैसे समाज को अपनी स्वशासी व्यवस्था बनाने में सहायता करती थीं। महाभारत में भी इन गिल्डों के कामकाज तथा व्यवस्था बनाए रखने में उनके महत्व की चर्चा की गई है। बुद्ध को श्रावस्ती में अनन्त पिंडक नामक अमीर श्रेष्ठी ने प्रख्यात जीवक उद्यान उपहार में दिया था। पांच कौशलों के प्रमुखों को उन संदेशवाहकों का दायित्व सौंपा गया था जो सीलोन के ऐतिहासिक विवरण के अनुसार कित्ति श्रीमेघ का संदेश उसके बेटे पराक्रम को देने गए थे। बाण के 'हर्षचरित्र' में प्रतिभाशाली चित्रकारों के समूह का उल्लेख है जिनको राजकुमारी के विवाह में आमंत्रित किया गया था। 'हरिवंश' में उल्लेख है कि अनेक राजसी परिवार कृष्ण व बलराम के बीच संभावित युद्ध देखने के लिए उपस्थित हुए थे। अनेक पुरालेखों से भी इन दावों की पुष्टि होती है। सांची, भरहुत, बोधगया, मथुरा, जुन्नार व दक्षिण भारत तथा अन्य स्थानों पर मिले अभिलेखों से तेल निकालने वालों, बर्तन बनाने वालों, हाइड्रोलिक इंजन बनाने वालों, मक्के के व्यापारियों, बांस के कारीगरों, कपड़ा बुनने वालों व अनेक प्रख्यात गिल्डों की संख्या का पता चलता है। अनेक अभिलेखों से पता चलता है कि श्रेणियों व राजशक्ति के बीच संपर्क थे।

इस प्रकार श्रेणी व संघ की स्थापना के पीछे स्वशासन की मजबूत अवधारणा अंतर्निहित रूप से पाई जाती है। यह पूरा ढांचा लोगों के समूहों व सहकारिताओं को संस्थागत स्वरूप प्रदान करने के लिए बनाया गया था। इन सामाजिक संस्थानों का एक लोकतांत्रिक ढांचा होता था और ये आसानी से प्राचीन भारत में सामुदायिक प्रबंधन व सामाजिक प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण कहे जा सकते हैं। इतिहास पर गहराई से गौर करने पर स्पष्ट होता है कि भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहना अतिरंजना नहीं है। लोकतंत्र हमारी संस्कृति में निहित है। पिछले वर्षों में अपने अतीत व शास्त्रीय परंपराओं पर पुनर्विचार का आंदोलन तेज हुआ है। इसका नतीजा किसी भी तरह असाधारण उपलब्धि से कम नहीं कहा जा सकता है। इनमें से एक सच्चाई यह है कि 'भारत लोकतंत्र की जननी' है।

# भारत के गुमनाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

**स्वप्ना मजूमदार**
(लेखिक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



वह दर्द से कराह रही थी, उसे रुकने के लिए मिन्नतें कर रही थी लेकिन उसकी चीख अनसुनी हो गई। महाराष्ट्र के सांगली में भवानी नगर में थाने के सामने ऐसा होने के बावजूद वहां मौजूद दो पुलिसकर्मियों ने हौसाबाई पाटिल के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। अचानक हौसाबाई के नशे में धुत पति ने एक बड़ा पत्थर उठा लिया और उसका सिर फोड़ने की धमकी दी। जब दोनों पुलिसकर्मियों को यह एहसास हुआ कि अगर उनके थाने के सामने एक महिला की हत्या हुई तो उन्हें घसीटा जाएगा, वे हस्तक्षेप करने के लिए दौड़ पड़े।

पति को उसकी धमकी पर अमल करने से रोकने के बाद दोनों पुलिसकर्मियों ने उसकी समझाइश करने की कोशिश की। उन्होंने उसे अपनी पत्नी को घर ले जाने और उसके साथ सम्मान से पेश आने के लिए कहा। लेकिन हौसाबाई ने उनके साथ जाने से मना कर दिया। उसने अपने भाई से, जो वहां मौजूद था, उसे अपने साथ वापस ले जाने के लिए कहा क्योंकि वह अब और पिटाई बर्दाश्त नहीं कर सकती थी। लेकिन उन्होंने भी मना कर दिया। पुलिसकर्मी असमंजस में थे। अंत में, कुछ घंटों की काउंसलिंग के बाद, उनकी राहत के लिए, दंपति अपने गांव लौटने को तैयार हो गए।

लेकिन यह राहत अल्पकालिक थी। जब दोनों पुलिसकर्मी अपने थाने पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। सभी राइफलें और गोला-बारूद चोरी हो गए थे। उन्होंने महसूस किया कि पूरा नाटक उन्हें स्टेशन से बाहर निकालने की चाल थी ताकि आग्नेयास्त्रों को लूटा जा सके।

जब हौसाबाई ने 1943 में तूफान सेना के अपने साथियों के साथ इस अभियान में भाग लिया, तब वह सिर्फ 17 वर्ष की थीं। सेना सतारा की अनंतिम सरकार की सशस्त्र शाखा थी जिसने 1943 में ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। लेकिन न तो उसकी उम्र और न ही तथ्य। उसके एक छोटा बच्चा था, जिसे वह अपने परिवार के पास छोड़ गई थी, जिसने हौसाबाई को स्वतंत्रता संग्राम का सक्रिय हिस्सा बनने से रोक दिया था। देश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और प्रेम से प्रभावित होकर, सेना के नेताओं ने उन्हें कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दीं, जिसमें खुफिया जानकारी एकत्र करना और गोवा में पंजिम सेंट्रल जेल में जेलब्रेक का हिस्सा बनना शामिल था, जहां उनके साथियों को कैद किया गया था। इस मिशन को अंजाम देने के लिए हौसाबाई को मंडोवी नदी के किनारे रात के अंधेरे में एक छोटे से डिब्बे पर तैरना पड़ा। ये हौसाबाई और उन



अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों की बहादुरी के कई कार्यों में से कुछ थे जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर देश को आजाद कराने का बीड़ा उठाया। अफसोस की बात है कि वह भी उन कई लोगों में से एक हैं, जो दशकों तक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में पहचाने नहीं गए। हौसाबाई, वास्तव में, भाग्यशाली थीं कि उन्हें 1992 में 75 वर्ष की आयु में मान्यता मिली। बहुत से अन्य लोग हैं जो मर गए, सरकार द्वारा अज्ञात और अपरिचित। इन बहादुर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की कहानियों को पत्रकार पी साईनाथ ने अपनी नई किताब में लिपिबद्ध किया है। 'आखिरी नायक-भारतीय स्वतंत्रता के पैदल सैनिक' शीर्षक वाली यह अच्छी तरह से शोधित पुस्तक आदिवासी, दलित, ओबीसी, ब्राह्मण, मुस्लिम, सिख और हिंदुओं की दिल को छू लेने वाली और दिल दहला देने वाली कहानियां बयान करती है, जो अलग-अलग बोलने के बावजूद भारत की आजादी की अपनी खोज में एकजुट थे। भाषाएं और विभिन्न जातियों और धर्मों से संबंधित थे।

पेंगुइन द्वारा प्रकाशित इस अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक पुस्तक की 16 कहानियां महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब, कर्नाटक और राजस्थान में रह रहे इन अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के व्यापक साक्षात्कार पर आधारित हैं। ये पिछले कई वर्षों में साईनाथ द्वारा किए गए थे। बाद के कुछ को उनके वंशजों, उनके रिश्तेदारों, उनके गांवों के लोगों और उस युग के इतिहासकारों के साथ किया जाना था क्योंकि स्वतंत्रता सेनानियों का निधन हो गया था। ये उन घटनाओं के रिकॉर्ड और किताबों से भी मान्य थे जिनमें ये क्रांतिकारी शामिल थे।

विडंबना यह है कि उनमें से अधिकांश स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में केंद्र सरकार की सूची में 23,000 नामों में शामिल नहीं हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश के पास मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कोई आधिकारिक प्रमाण नहीं था। नतीजतन, उनमें से कुछ जो अभी भी जीवित हैं और दूसरों के आश्रित हैं, पेंशन से बाहर रहते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि 1980 की स्वतंत्रता सैनिक सम्मान योजना के तहत, केवल वे व्यक्ति जो मुख्य भूमि की जेलों में कम से कम छह महीने की कैद का पीड़ित हैं, पेंशन के लिए पात्र हैं। नतीजतन, जो लोग कारावास से बच गए या छह महीने से कम जेल में बिताए, वे अपात्र हो गए। तो देमानी देई सहर सलियन जैसे देशभक्त, 16 वर्षीय आदिवासी लड़की, जिसने 40 आदिवासी युवतियों के साथ केवल लाठियों (लाठों) के साथ एक उग्र पलटवार का नेतृत्व किया, एक ब्रिटिश पुलिस बल पर उड़ीसा में उसके गांव पर छापा मारा, और जीत गई, एक के रूप में अपरिचित बनी रही सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानी क्योंकि वह जेल नहीं गई थी। अपने जीवन को जोखिम में डालकर अवज्ञा के इस कार्य को मान्यता के लिए पर्याप्त नहीं माना गया। कई अन्य गिरफ्तारी के प्रमाण प्रस्तुत करने में असमर्थता के कारण वंचित हैं, क्योंकि उनके पास अपने गिरफ्तारी आदेश की आवश्यक प्रतियां नहीं थीं, एक घोषित अपराधी होने की घोषणा, या संपत्ति को कुर्क करने, जब्त करने, या स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भागीदारी के प्रमाण के रूप में बेचने के आदेश, आदि नहीं थे। जैसा कि भारत अपनी स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का जश्न मना रहा है, निश्चित रूप से यह सोचने का समय है कि क्यों सभी सामान्य लोग जो साधारण विश्वास के साथ युद्ध में गए थे, और प्रशंसा के बारे में कोई विचार नहीं किया गया था, को भुला दिया गया है।

## फरमाया



**कुछ** लोग जानबूझ कर चीनी मुद्दे पर गलत खबरें फैला रहे हैं।
**- एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**मई** 2020 से सरकार चीनी घुसपैठ के बारे में इनकार, झूठ व भ्रम पैदा करने की रणनीति अपना रही है।
**- जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**अस्तित्वहीन** बातों पर उत्तर कोरिया की छवि खराब करने के प्रयास गंभीर उकसावा हैं।
**- क्वोंग जोंग गुन**
उत्तर कोरिया के प्रवक्ता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

# आम बजट : मतदाताओं पर निगाहें, 2024 पर निशाना

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के आम बजट की बात की जाए तो कहा जा सकता है कि आम बजट में केन्द्र सरकार की निगाहें मतदाताओं पर है और निशाना 2024 के आम चुनाव पर। दरअसल वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बहुत ही चतुराई के साथ उपलब्ध संसाधनों से देश के सभी वर्गों को साधने की भरपूर कोशिश की है ताकि उसका लाभ 2024 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा सरकार को मिल सके। हालांकि इस आम बजट को पूरी तरह से चुनावी बजट भी नही कहा जाएगा क्योंकि बजट में भारत के तीव्र समावेशी विकास के लिए जरूरी घोषणाएं की गई है। बजट में टैक्स स्लैब की सीमा 5 लाख रूपए से बढ़ाकर 7 लाख करते हुए देश की करीब 8.6 करोड़ वेतनभोगियों को कुछ हद तक संतुष्ट करने की कोशिश की है। इसी तरह से मोदी सरकार ने 80 करोड़ निर्धन लोगों को मुफ्त अनाज देने की योजना को भी आगामी वर्ष के लिए चालू रखा है। इतना ही नही गरीबों के आवास के लिए पीएम आवास योजना पर 79 हजार करोड़ रूपए खर्च किए जायेंगे। केन्द्र सरकार ने गरीबों को साफ पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के तहत 70 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। देश की सर्वाधिक आबादी कृषि कार्य पर निर्भर है। किसानों के कल्याण की बात की जाए तो बजट में कृषि व किसान कल्याण के लिए 1.25 लाख करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। केन्द्र सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बजट में फोकस किया है। इसके साथ ही मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाकर भारत को विश्व के मिलेट्स हब के रूप में विकसित करने की संकल्पना की गई है। इसके लिए हैदराबाद में भारतीय मिलेट्स अनुसंधान संस्थान की स्थापना की घोषणा की गई है। निर्मला सीतारमण ने बजट को अमृतकाल का विजन की संज्ञा दी है और इसके तीन प्रमुख बिन्दुओं में युवाओं के लिए अवसर, विकास और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए मजबूत व स्थिर विकास की परिकल्पना की गई है। इसके लिए भारत में विनिर्माण क्षेत्र और आधारभूत संरचनाओं के विकास पर बजट में जोर देने के साथ ही वित्तीय क्षेत्र को मजबूती प्रदान करते हुए समावेशी विकास पर बल दिया गया है। यह कल्पना की गई है कि उपरोक्त कार्यों से देश में युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा। युवाओं को कौशल की दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना शुरू कर देश के 47 लाख युवाओं को वर्तमान जरूरत के हिसाब से कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी कड़ी में बजट में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। देश में राष्ट्रीय डिजिटल लाईब्रेरी बनाने की घोषणा की गई है जो देश के साथ ही राज्य स्तर पर भी निर्मित होंगे। इसके साथ ही डीजी लांकर के प्रयोग को बढ़ावा देने की घोषणा की गई है। बजट में महिलाओं को साधने के लिए महिलाओं के लिए दो लाख रूपए तक निवेश करने के लिए विशेष स्कीम की घोषणा की गई है जिसमें जमा राशि पर महिलाओं को 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा जबकि बुजूर्गों को साधने के लिए निवेश की सीमा 15 लाख रूपए से बढ़ाकर 30 लाख रूपए कर दी गई है। विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति के लिए प्रधानमंत्री पीव्हीटीजी विकास मिशन की शुरूआत की जाएगी। बजट में धन कुबेरों को भी राहत दी गई है और उनपर इनकम सरचार्ज को 37 प्रतिशत के घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया है। इसके लिए वित्तमंत्री ने तर्क दिया कि कर को अन्तराष्ट्रीय मानको के अनुरूप बनाया जा रहा है। लेकिन 15 लाख से उपर के निजी आय पर टैक्स स्लैब की सीमा 30 प्रतिशत बरकरार है जो समझ से परे है।

**- संजय के. शेखर,**
वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर

# वनराज, सोनाली, लेयर और कड़कनाथ जैसी प्रजाति मुर्गियों का पालन कर समूह की महिलाएं बनी लखपति

## बालोद जिले के गौठान बन रहे मुर्गीपालन गतिविधि का प्रमुख केन्द

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के तहत निर्मित गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किये गये गोबर से वर्मी खाद का निर्माण नियमित रूप से कराया जाता हैं। साथ ही आजीविका मूलक विभिन्न गतिविधियाँ कराया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के 38 गौठानों में मुर्गीपालन का कार्य कराया जा रहा है। जो कि ग्रामीण महिलाओं के आमदानी का बहुत ही अच्छा जरिया साबित हुआ है। जिले के ग्राम पाकुरभाट, सल्हाईटोला, नंगूटोला, बाईरडीह, खोरदो, पैरी, डढ़ारी जैसे गौठान में बैकयार्ड अंतर्गत वनराज, सोनाली प्रजाति एवं ब्रॉयलर, कॉकरेल, लेयर एवं कड़कनाथ मुर्गी का पालन कराया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग अनुरूप गौठानों में मनरेगा के माध्यम से मुर्गीपालन का शेड निर्माण कर 500 से 1 हजार 500 चूजे की क्षमता वाले शेड में मुर्गीपालन की गतिविधि संचालित की जा रही है।



पायनियर खास

## गांव में ही अतिरिक्त आय का साधन हुआ प्राप्त

ग्राम पाकुरभाट श्रद्धा संयुक्त देयता स्व-सहायता समूह की महिला सुषमा घरडे बताती है कि हमारे द्वारा जनवरी 2021 से गौठान में निर्मित शेड में ब्रॉयलर मुर्गीपालन का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसमें हम एक दिवसीय चूजा क्रय कर शेड में शिफ्ट करते है। जहां पर चूजों के आयु के आधार पर पौष्टिक आहार एवं दाना पानी हेतु विभिन्न उपकरण यथा ड्रींकर फीडर वातानुकूलन के लिए आवश्यकतानुसार स्प्रिंकलर की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके माध्यम से हम 35 से 40 दिवस में मुर्गियों को विक्रय करने लायक वजन में ले आते है। इस प्रकार हमारे द्वारा अब तक 4 चक्र के ब्रॉयलर पालन कर 1 लाख 35 हजार रुपये का आय अर्जन किया जा चुका है। प्रत्येक चक्र में 500 से 1 हजार चूजा रखते है। इसका विक्रय स्थानीय फूटकर बाजार एवं थोक बाजार में करते है। इससे हमे गांव में ही अतिरिक्त आय का साधन प्राप्त हुआ है। जिससे समूह की सभी महिलाएं प्रसन्न है तथा आने वाले समय में इस गतिविधि को बड़े स्तर पर करने का प्रयास कर रहे है।

## 1 लाख 80 हजार रुपये की हो चुकी है आमदनी

जिले के 3 गौठानों में लेयर मुर्गीपालन के माध्यम से अंडा उत्पादन का कार्य प्रारंभ कराया गया है। उक्त गतिविधि गुरूर ब्लॉक के खोरदो, डौंडीलोहारा ब्लॉक के नंगूटोला एवं बोईरडीह में संचालित है। ग्राम खोरदो के ग्रामीण लक्ष्मीकांत साहू बताते है कि हमारे द्वारा गौठान में निर्मित शेड में माह जून 2022 से लगभग 800 लेयर मुर्गी के साथ अंडा उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया गया है। यह कार्य कर्मा स्व-सहायता समूह के माध्यम से 8 सदस्यों द्वारा मिलकर किया जा रहा है तथा अभी तक इस गतिविधि से हमें 1 लाख 80 हजार रुपये की आमदनी प्राप्त हो चुकी है। उत्पादित अंडों का विक्रय हमारे द्वारा स्थानीय बाजारों में कर दिया जाता है। लक्ष्मीकांत आगे बताते हैं कि विक्रय में हमें किसी भी प्रकार की समस्याएँ नहीं होती है। इसे ही दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा अंडे उत्पादन के कार्य को बड़े पैमाने पर कराने की कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। इससे जिले के ग्रामीणों को जहां स्वरोजगार का एक सशक्त साधन प्राप्त होगा साथ ही पौष्टिक आहार के रूप में इसका उपयोग बढ़ेगा।

## ग्राम बरही रीपा योजना अंतर्गत शामिल

इसी प्रकार जिले के कुल 37 गौठानों में मुर्गीपालन का कार्य कराया जा रहा है। जिससे महिला समूह के लगभग 173 महिलाएं संलग्न है एवं अब तक बहुत ही अल्प अवधि में ही 18 लाख रुपये का आय अर्जन किया जा चुका है। इस गतिविधि से पर्याप्त आय अर्जन के कौशल को दृष्टिगत रखते हुए बालोद ब्लॉक के ग्राम बरही के गौठान को महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) योजना में सम्मिलित करते हुए 20 हजार ब्रॉयलर मुर्गीपालन इकाई के स्थापना की स्वीकृति प्रदाय किया गया है।

जिले के गौठान अब स्वालंबी बनते जा रहे है। 233 गौठान स्वालंबी बन गए है। महिलाएं तमाम तरह की गतिविधियों से जुड़कर अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर रही है। जिसमें से एक मुर्गीपालन और अंडा उत्पादन भी है। आने वाले दिनों जिले के सभी गौठान स्वालंबी बन जाएंगे।

**डॉ. रेणुका श्रीवास्तव,** सीईओ, जिला पंचायत

## अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर को मूलभूत समस्या के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौपा



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

न्यायालय परिसर में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराये जाने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ दल्लीराजहरा ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा है कि दल्ली राजहरा न्यायालय परिसर में व्यवहार न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) न्यायालय, तहसील न्यायालय, राजस्व निरीक्षक कार्यालय एवं उपकोषालय संचालित है। न्यायालय एवं कार्यालय में आने वाले पक्षकारगण, अधिवक्तागण, न्यायालय एवं कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों के लिये मूलभूत सुविधा का अत्यन्त अभाव है। न्यायालय परिसर में महिला एवं पुरुष अधिवक्ता, महिला एवं पुरूष पक्षकार के लिये शौचालय की व्यवस्था, अधिवक्तागण के एवं पक्षकारगण के लिये बैठने की, परिसर में अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्तागण, पक्षकारगण के वाहनो के लिये उचित पार्किंग व्यवस्था नहीं है। परिसर में आवारा मवेशी, सुअर एवं कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। पेयजल की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा भी मूलभूत सुविधाओं एवं स्वच्छता के अभाव में परिसर में बदबू फैला रहता है। न्यायालय परिसर में अधिवक्ता कक्ष का अभाव है। अतः ऐसी अव्यवस्था को देखते हुए न्यायालय परिसर में सुविधाओं को बढ़ाया जाए। इस दौरान अधिवक्ता इजराइल शाह , जगेंद्र भारद्वाज, मनोज प्रताप सिंह, रेशमा, पवन गोयल, मनोज खोब्रागड़े, शाकिर खान, राकेश द्विवेदी, लोकेश उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई



**दल्लीराजहरा।** शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला पंडरदल्ली में महात्मा गांधी की 75 वीं पुण्यतिथि पर उनको याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा बताए गए शांति, अहिंसा, सादगी साधनों की पवित्रता और विनम्रता के आदर्शों का पालन सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पुण्यतिथि के अवसर पर शाला में स्पर्श जनजागृति कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देते हुए मितानिन रंजना निर्मलकर, भावना नायक द्वारा बताया गया कुष्ठ रोग पूरी तरह से साध्य है। नियमित उपचार से रोगी पूरी तरह से कुष्ट मुक्त हो जाते है। कुष्ठ रोग भी अन्य रोग की तरह एक रोग है, इसका लक्षण दिखाई देने पर पीड़ित व्यक्ति यों को परिवार एवं समाज के सदस्य सद्भावना पूर्वक समुचित उपचार की सुविधा दें। कार्यक्रम को आगे गति प्रदान करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला पंडरदल्ली के प्रधान पाठक आर प्रसाद द्वारा सेवानिवृत्त होने पर समस्त छात्र-छात्राओं एवं एसएमसी के सदस्य पालक- गण व समस्त शिक्षक कर्मचारी स्टॉफके लिए प्रसाद स्वरूप भोजन व मिठाई की व्यवस्था किया गया।

## एकलव्य पब्लिक स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत नारायणपुर के एकलव्य पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) में वार्षिकोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति देकर जहां लोगों में जोश भर दिया, वही छत्तीसगढ़ी गीतों के अलावा उड़िया, पंजाबी, राजस्थानी एवं दक्षिण भारतीय लोक नृत्य पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस उपरांत स्वागत भाषण देते हुए एकलव्य पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मुकेश राजपूत ने आयोजन की रुपरेखा व उद्देश्य को विस्तार से बताते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से प्री प्राइमरी, प्राइमरी के बच्चे टीचर से करीब आकर आज्ञाकारी बनते हैं और शिक्षण पूरी कर सच्चे नागरिक बन, भारत नवनिर्माण की भूमिका का निर्वहन करते हैं, इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवी तक की बाल कलाकारों ने गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम कविता, नृत्य, नारा, और नाटक की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर आमंत्रित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल कलाकारों ने अंग्रेजी कविता, अंग्रेजी भाषण, पर्यावरण पर आधारित शिक्षाप्रद नाटक, भारत की महानता का गुणगान छत्तीसगढ़ महतारी के गुणों का बखान, पंजाबी, मलयाली मराठी, छत्तीसगढ़ी बारहमासी, झारखंडी, बस्तरिहा अंग्रेजी गीत, नृत्य के गीत, देशभक्ति गीत व नृत्य ने पूरे वातावरण को देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया। छत्तीसगढ़ महतारी के सम्मान में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति का बहुत सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ग्राम के गणमान्य व साला परिवार की और से मेंडल ट्रॉफी, पुरस्कार प्रदान किया गया।

## बोड़ला नगर के विभिन्न समस्या को लेकर घरना प्रदर्शन

### भीख नहीं अधिकार चाहिए, हमें अपना आवास और मूलभूत सुविधाएं चाहिए : भाजपा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी मोर आवास मोर अधिकार योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हितग्राहियों के हित और मूलभूत सुविधाएं को लेकर एक दिवसीय मिलन चौक में धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें आवास विहीन हितग्राही और मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित लोग अपने हक के लिए घरना में शामिल हुए. समस्याओं का अंबार लगा है बोड़ला नगर में विकास कार्य और मूलभूत सुविधाएं से कोसो दूर है आमजनता ग्रामीणों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के ऊपर भी आरोप लगाते हुए कहा कि शासन के पैसों का दुरूपयोग किया जा रहा है शहर में सफाई व्यवस्था, सड़क व्यवस्था, बिलकुल सही नहीं है। जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंह ने धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जोश भरते हुए कहा कि आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी की जा रही है। श्री ने जमकर निशाना साधा भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत अंतिम रूप में दुर्ग में प्रदेश स्तरीय एक बड़ा आंदोलन भी होगा और कहा कि 4 साल से



कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ के जनता को ठगने का काम कर रही है, आम जनता में आक्रोश फैल गई है,महिला सुरक्षित नहीं है गंगा जल की झुडी कसम खाकर सत्ता सरकार में आई है, भूपेश सरकार ने प्रदेशभर के लाखों गरीब लोगों के सपनों को पूरा नहीं होने दिया, इसलिए अब भाजपा कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर कांग्रेस का असली चेहरा उजागर करेगी, साथ ही नगर की समस्या को लेकर आज सड़क की लड़ाई लड़ने को जनता तैयार हो गई है, अगर बोड़ला की समस्याओं को जल्द पूरा नही किया गया तो आने वाले समय चक्का जाम की चेतावनी दी। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जिला भाजपा के निर्देशन में ओबीसी मौर्चा के बैनर तले किया गया.और ह्यस्त्रद्ब को चेतावनी देते हुए नगर की समस्या को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। डॉ. रुपनाथ मानिकपुरी वरिष्ठ नेता ने कहा कि नगर के विकास के नाम पर भोले भाले जनता को लूटा जा रहा है पट्टा देने के नाम पर 5 हजार लिया गया है 2 साल पहले पट्टा देने के नाम पर ह्यस्त्रद्ब बोड़ला के द्वारा गरीब हितग्राहियों से पैसा लिया गया था और पेयजल की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था को लेकर मिलन चौक में एक दिवसीय घरना प्रदर्शन किया। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बरसाती वर्मा, राजेश साहू, लव निर्मलकर, काशी राम उइके, नरेश चंद्रवंशी, नारायण साहू, विजय पाटिल, रामजी दास, अमीत वर्मा, चंदन मानिकपुरी, सुनील मानिकपुरी, सोमनाथ धुर्वे, प्रताप धुर्वे, संदीप गुप्ता, मोंटी यादव,यस धुर्वे तीरथ वर्मा,भाजपा के कार्यकर्ता और आवास विहीन पीड़ित हितग्राही मौजूद रहे।

## कन्या शाला बेमेतरा में हुआ क्षमता निर्माण उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला बेमेतरा में समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा अंतर्गत कक्षा पहली से 12वीं तक के शालाओं में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समस्याओं तथा उनकी शिक्षा में आ रही बाधाओं को दूर कर संवेदनशील सृजनात्मक वातावरण निर्मित किये जाने हेतु जिला स्तरीय तीन दिवसीय क्षमता निर्माण उन्मुखीकरण कार्यक्रम (प्राचार्यों, शिक्षा प्रशासकों, माता-पिता/अभिभावकों का उन्मुखीकरण) का आयोजन किया गया। 30 जनवरी एवं 31 जनवरी 2023 तक दो दिवसीय कार्यक्रम में कक्षा पहली से 8वीं तक के प्राथमिक/उच्च. प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठक एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पालक/अभिभावक शामिल हुए। 01 फरवरी 2023 को एक दिवसीय कक्षा 9वीं से 12वीं के हाई/हायर सेकेण्डरी शालाओं के प्राचार्य, व्याख्याता एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पालक/अभिभावक शामिल हुए। उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन समय 10:00 बजे से 5:00 बजे तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बेमेतरा में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय दिवस में 80 प्रतिभागियों का लक्ष्य रखा गया था व तृतीय दिवस 40 प्रतिभागियों का लक्ष्य रखा गया था। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक के निर्देशन पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में रेणुका चौबे, रजनी देवांगन, सरिता सतनामी, गंगा प्रसाद एवं चंद्रकांत वर्मा मास्टर ट्रेनर्स बीआरपी समावेशी शिक्षा द्वारा जानकारी दिया गया।

## भगवान् के नाम में हैं पापों के सर्वनाश की शक्ति-शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द: सरस्वती

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



'परमाराध्य' परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीश्री शंकराचार्य जी स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती '1008' अपने प्रवास के सप्तम दिवस दिन बुधवार को बेमेतरा के कृष्णा विहार स्थित निवास पर प्रातः भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर की पूजा कर दीक्षार्थियों को दीक्षा पश्चात् शंकराचार्य ने व्यासपीठ से कहा भगवान् के नाम में पापों के सर्वनाश की शक्ति है। चाहे कितना भी बडा पापी हो यदि वह भगवान् का नाम ले ले तो उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। कहते हैं कि भगवान के नाम में इतने पापों के नाश करने की शक्ति है कि उतने पाप पापी कर ही नहीं सकता। उक्त बातें परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती महाराज ने छत्तीसगढ के बेमेतरा जिले में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अवसर पर कहीं। उन्होंने भागवत में वर्णित अजामिल की कथा का सुनाते हुए कहा कि अजामिल ने अपने जीवन में अनेक घोर पाप किए थे लेकिन जब उसकी मृत्यु हुई तो भगवान् के पार्षद विमान लेकर उसके पास पहुँच गये और उसे अपने साथ ले गये। उसने जीवन भर पाप किया था लेकिन नारायण नाम के उच्चारण मात्र से वह भगवान् के लोक में जाने का अधिकारी हो गया। पूज्य शंकराचार्य जी ने कहा कि लोग यह प्रश्न पूछते हैं कि अजामिल ने तो अपने पुत्र का नाम नारायण रख लिया था। उसने भगवान् का नाम सीधे तो नहीं लिया तो फिर वह भगवान् के लोक में कैसे गया ? तो इसका उत्तर यह है कि जैसे अग्नि को चाहे आप जानकर स्पर्श करो या अनजाने में वह तो जलाएगी ही। ऐसे ही भगवान् का नाम चाहे जानकर लो या अनजाने में वह हमारा कल्याण ही करती है। आगे कहा कि भारत के लोग भगवान् के नाम के माहात्म्य को जानते रहे हैं। इसीलिए आज भी अनेक लोगों के नाम भगवान् के नाम पर ही रखे मिलते हैं। लोग यह सोचते हैं कि नाम लेने के ही बहाने सही भगवान् का नाम तो मुख से निकलेगा। इसलिए माता-पिता को भी अपने बच्चों के नाम भगवान् के नाम पर ही रखने चाहिए।

### छत्तीसगढ़ वासियों को शंकराचार्य जी ने दिया सवा लाख शिवलिंग स्थापना का अवसर : विधायक आशीष छाबड़ा

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का 7वां दिन है वही कार्यक्रम के आयोजक आशीष छाबड़ा ने आज लोगों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें शंकराचार्य महाराज के श्री मुख से भागवत कथा श्रवण का अवसर मिला है। पहले दिन की तरह ही आज भी यह कहना चाहूंगा कि इतिहास में, जब भी यह पूछा जाएगा कि शंकराचार्य महाराज ने पहला भागवत कथा कहां किया था, तो बेमेतरा का नाम लिया जाएगा। शंकराचार्य महाराज जी छत्तीसगढ़ में 18 पुराण और 18 उपपुराण करने जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत उन्होंने बेमेतरा से की है। मंच पर कई संत गण मौजूद हैं, जिनके श्रीमुख से ज्ञान की बातें सुन रहे हैं, जिससे जीवन को बेहतर बनाने का अवसर मिल रहा है। वही सलधा लक्षेश्वर धाम में सवा लाख शिवलिंग की स्थापना की जा रही है। शंकराचार्य जी चाहते तो उनके एक आदेश पर पूरे देश से लोग यहां शिवलिंग की स्थापना करा सकते थे। उन्होंने अवसर छत्तीसगढ़ के लोगों को दिया। छत्तीसगढ़ वासी लगातार अपने और परिवार के नाम से शिवलिंग की स्थापना करा रहे हैं। वही, आज कई लोगों ने अपना नाम दिया है। आपसे निवेदन है कि आप भी धर्म के इस काम में अपनी आहुति दें। यही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह कथा का समापन हुआ। वहीं जगद्गुरू शंकराचार्य महाराज जी दिन गुरुवार को 2 बजे पश्चात ज्योतिर्मठ के लिए प्रस्थान करेंगे। वही बता दे आज दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से कथा प्रारम्भ होगी जिसमें सुदामा चरित्र, तुलसिवर्षा व पुर्णाहुति होगी ततपश्चात प्रभंजय चतुर्वेदी राष्ट्रीय भजन सम्राट द्वारा भव्य प्रस्तुति 2 बजे से वही नगर वासियो व दूरदराज से आये समस्त श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है।

## अब सोमवार 10 बजे से 1 बजे तक होगा कलेक्टोरेट में जनदर्शन

**प्रत्येक गुरुवार को 10 :00 से 1 :00 बजे तक आम जनता से भेंट मुलाकात**



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नव पदस्थ कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा जनदर्शन एवं समय सीमा, विभागीय समीक्षा बैठक एवम भेट मुलाकात समय में आमूल चूल परिवर्तन करते हुए नए सिरे से सप्ताह का विभाजन किया गया है इस संबंध में जानकारी के अनुसार करते हुए अब प्रत्येक सोमवार 10 बजे से 1 बजे तक कलेक्टोरेट में जनदर्शन होगा। पहले जनदर्शन कार्यक्रम मंगलवार को होता था इसी तरह अब प्रत्येक गुरुवार को 10:00 से 1:00 बजे तक आम जनता से भेंट मुलाकात होगा और प्रत्येक मंगलवार को 10 बजे समय सीमा की बैठक और इसी दिन 3:00 बजे से विभागीय बैठक और वही प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को 3 बजे न्यायालय में बैठेंगे एवं सप्ताह के बुधवार व शुक्रवार को जिलाधीश का जिले में दौरा कार्यक्रम रहेगा।

**छत्तीसगढ़ के लिए अपार संभावनाओं वाला बजट, मिलेट से जनजातीय समाज को लाभ**

## गांव, गरीब, किसान, युवा, आम जनता का खास बजट : ओमप्रकाश जोशी

**ऐतिहासिक टैक्स रिफॉर्म्स से सबको राहत, बुलंद भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतीक बजट-भाजपा**

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा बेमेतरा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने केंद्र की मोदी सरकार के आम बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाओं, बुजुर्गों, पिछड़ों, वंचितों, दलितों, जनजातीय समाज सहित हर वर्ग की आम जनता का खास बजट है।ऐतिहासिक टैक्स रिफॉर्म्स से सबको राहत मिली है। यह बजट, बुलंद भारत की मजबूत अर्थ व्यवस्था का प्रतीक है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि इस बजट ने छत्तीसगढ़ के लिए असीम संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। मिलेट मिशन का हमारे जनजातीय समाज को विशेष लाभ मिलेगा। एकलव्य विद्यालयों में भर्तियां होंगी तो वहीं हमारे तकनीकी शिक्षा संस्थानों को नवीन अवसर मिलेंगे। इस बजट में छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का खाका तैयार हो गया है।

जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने कहा कि समावेशी विकास पर आधारित यह बजट सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का प्रतिफल है जो देश के विकास में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। यह बजट घरेलू मोर्चे पर जन आकांक्षाओं की पूर्ति, जन संतुष्टि, संतुलन के साथ ही विश्व में भारतीय अर्थ व्यवस्था का डंका बजाने वाला बजट है। गांव गरीब किसान और कृषि के उत्थान की ठोस बुनियाद वाला बजट देश की युवा पीढ़ी के भविष्य को संवारने तत्पर है। यह रोजगार देने वाला बजट है। आम मध्यम वर्ग और आम जनता को राहत देने वाला बजट है। देश को नई ऊंचाई देने वाला बजट है। जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा ने कहा कि बजट में बड़ा ऐलान किया गया है कि 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। आयकर स्लैब में बदलाव से 15 लाख की आय होने पर वेतन भोगियों को सालाना हजारों रुपये की बचत होगी।खिलौने, ऑटोमोबाइल, मोबाइल फोन, कैमरे के लेंस, टीवी, इलेक्ट्रिकल गाड़ी सस्ते होने से आम आदमी को महंगाई से राहत मिलेगी। बजट में युवाओं के लिए 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोले जाने की घोषणा ऐतिहासिक है। युवाओं के कृषि स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए फंड की स्थापना और अगले 3 साल में एक करोड़ किसानों को नेचुरल फार्मिंग में मदद देना, साथ ही 10,000 बायो सेंटर्स बनाना युवा और कृषि क्षेत्र में एक बड़ा प्रभावी कदम साबित होगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा ने कहा कि कुल मिलाकर इस बजट में युवाओं के रोजगार, स्टार्टअप, मध्यमवर्ग को टैक्स से बड़ी राहत, आम जनता के उपयोग में आने वाली कई चीजों में टैक्स की कमी करने से उन्हें भी राहत मिल रही है। यह बजट भारत को विकासशील देश की श्रेणी से विकसित देश की श्रेणी की दिशा में बढ़ाने का बजट है। भारत को विश्व गुरु बनाने का बजट है।

## ग्राम पंचायत अरमुरकसा में कला मंच के अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन हुआ

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत अरमुरकसा में कला मंच के अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन जनपद सदस्य संजय बैस के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सरोज बाई बालेंद्र ने की जबकि विशेष अतिथि ग्राम पटेल रतन लाल तारम रहे। सर्व प्रथम अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना कर अतिरिक्त कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया। ग्राम वासी कला मंच पर अतिरिक्त कक्ष पाकर प्रफुल्लित हुए। अतिथियों के स्वागत सत्कार के पश्चात ग्राम सरपंच सरोज बाई ने कहा की हमारे शीतला मंदिर के कला मंच में कोई कमरा नहीं होने से परेशानी हो रही थी, जिसे जनपद सदस्य संजय बैस ने पूरा कर दिया इसलिए मैं सभी ग्राम वासियों के



तरफ से धन्यवाद देती हूं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरुषोत्तम नायक ने कहा की हम चुनाव के समय श्री बैस से एक ही मांग अनलियापारा में कला मंच में एक कमरे की आवश्यकता की मांग की थी। हमारी बातों को गंभीरता से लिया और आज हम सबको एक अतिरिक्त कमरा मिला है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि संजय बैस ने कहा की सर्व प्रथम आपका सभी का आभार व्यक्त करता हूं आपके दिए हुए सम्मान के लिए। मुझे खुशी है की आपने जो मुझसे उम्मीद किए थे उसे पूरा कर वायदा निभाया, इस अतिरिक्त कमरे के बनने से सभी ग्रामीणों के काम आएगा। हम अपने छोटे बड़े आयोजन अच्छे से कर पाएंगे। मां शीतला के आशीर्वाद से अरमुरकसा में चुनाव की शुरुआत किया था आज मां शीतला के आशीर्वाद से ही शीतला मंदिर का कक्ष मिला है पूरे गांव वासी को बधाई हम सब इस एक जुटता का परिचय देंगे तभी गांव का विकास हो पाएगा आप लोगो के गांव में स्ट्रीट लाइट भी नहीं थी। गांव वालो की मांग पर वह भी पूरी हो गई। अब जल्द आपको नल के माध्यम से आपके घरों में भी पानी मिलेगा। आभार व्यक्त ग्राम पटेल रतन लाल ने किया।

# सोनुमूड़ा में जला हुआ शव मिलने की गुत्थी सुलझी, ईंट मार कर बड़े भाई ने की थी हत्या

## सबूत मिटाने आरोपी ने जलाया शव, फरार होनें से पहले बस स्टैण्ड के पास पकड़ाया आरोपी, भेजा गया रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल के सोनूमुड़ा के एक मकान अंदर मिले युवक के शव मामले का खुलासा करते हुए जूटमिल पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी मृतक के सगे भाई को गिरफ्तार कर आरोपी से अहम सबूतों की जप्ती कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल को 29 जनवरी के सुबह सूचना मिला कि जूटमिल सोनूमुड़ा में रहने वाले रितेश चौहान के घर में एक जले हुआ व्यक्ति का शव मृत हालत में पड़ा मिला है। सूचना पर थाना प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल हमराह स्टाफके साथ मौके पर पहुंचे। जहां मौजूद महिला अपना नाम गीता चैहान बताई और मृतक को उसका पति जितेश चौहान (उम्र 35 वर्ष) का होना बताई। घटना को लेकर मृतक की पत्नी गीता चौहान बताई की उसका पति जितेश चौहान, चांदनी चौक स्थित दुकान में दर्जी का काम करता था। ये अपने पति और बच्चों के साथ संजय नगर में रहती है। इसका देवर रितेश चैहान और मुकेश चैहान इसके सास के साथ सोनूमुड़ा में रहते थे। हाल ही में इसकी सास का देहांत हो गया। सास के मृत्यु के बाद इसका पति जितेश अपने भाइयों का हाल-चाल लेने सोनूमुड़ा स्थित अपने भाईयों के मकान में जाता था। पति और दोनों देवर शराब पीने के आदी थे। बीच-बीच में मोहल्लेवालों से पता चला था कि शराब के नशे में तीनो भाई आपस में झगड़ा विवाद करते थे। 28 जनवरी के सुबह करीब 5 बजे से जितेश बिना बताए घर से कहीं निकला था। तब ये सोची की काम पर गया होगा इसलिए वो भी अपने काम पर चली गई। शाम को काम से वापस आई तो पति जितेश घर पर नहीं आया था। तब चांदनी चैक स्थित उसके दुकान में फोन कर पति के बारे में पता लगाई तो दुकान में काम करने वाले बताएं कि सुबह जितेश शराब के नशे में दुकान आया था और कल काम करने आऊंगा बोलकर चला गया। रात होन से सोनमुड़ा नहीं गई। सुबह अपने लड़के को सोनूमुड़ा स्थित देवर के घर जाकर पता लगाने बोली तो लड़का सोनूमुड़ा गया और आकर बताया कि पापा, चाचा के कमरा में जला हुआ हालत में पड़ा है। तब सोनूमुड़ा देवर के घर के पास जाकर देखी जितेश जले हालत में था, उसके कनपटी पर चोट का निशान था। मोहल्लेवाले और पुलिस को सूचना दी। जितेश का शव उसके देवर के घर में जले हालत में मिलने से उनके देवरों पर मारकर हत्या करने की शंका जताई। थाना प्रभारी जूटमिल ने अज्ञात आरोपी पर हत्या और साक्ष्य छिपाने (धारा 302, 201 आईपीसी) के तहत अपराध दर्ज कर संदेही मृतक के भाईयों का पता लगाया गया। संदेही मृतक के भाई रितेश उर्फसैंडी (28 साल) को जूटमिल स्टाफ ने पतासाजी घेराबंदी कर ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैण्ड के पास हिरासत में ली और थाना लेकर आयी।

# सीबीएसई माध्यम वाले संस्कार पब्लिक स्कूल में हुआ प्रतिबिंब 2023 आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



शहर से लगे हरेठी स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव प्रतिबिंब 2022-23 28 जनवरी 2023 को स्कूल प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सक्ती जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी बी. एल. खरे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोकचंद दादू जायसवाल, संस्था के फाउंडर द्वारिकानाथ स्वर्णकार, चेयरमैन प्रकाशचंद अग्रवाल, अकादमिक निर्देशिका प्रतिमा स्वर्णकार, मनीष स्वर्णकार (असिस्टेंट इंजीनियर रायपुर), संस्था के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान सहित अन्य अतिथिगण, शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। सरस्वती माता की प्रतिमा को माल्यार्पण के पश्चात राज्य गीत की प्रस्तुति गायत्री शर्मा एवं अन्य बच्चों के द्वारा दी गई,संस्था की अकादमिक निर्देशिका प्रतिमा स्वर्णकार के द्वारा विद्यालय के भावी योजना के बारे में अवगत कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान के द्वारा वार्षिक ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष दादू जायसवाल के द्वारा विद्यालय की गुणवत्ता शिक्षा के बारे में अवगत कराया गया। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल के द्वारा बच्चों एवं विद्यालय के भविष्य एवं उच्च कोटि की शिक्षा के विषय में जानकारी दी गई, तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नूपुर राशि पन्ना के द्वारा कार्यक्रम की सराहना तथा कुछ सुझाव भी दिए गए एवं बच्चों से कुछ सामान्य जानकारी के सवाल जवाब भी किया गया।

संस्कार पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। साथ ही साथ बच्चों द्वारा विभिन्न प्रदेशों की लोक नृत्य एवं पुराने नगमे प्रस्तुत की गई, जिसमें राजस्थानी, गुजराती, मराठी, छत्तीसगढ़ी, कश्मीरी, कत्थक, देश भक्ति एवम अन्य नृत्य प्रस्तुत किए गए। रंगारंग कायक्रम का संचालन बच्चों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के चेयरमेन प्रकाशचंद अग्रवाल के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी, दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर
www.dailypioneer.com



क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 21 लोगों से झांसा देकर 39,40,800 रुपये की ठगी की। आरोपियों ने 21 लोगों से कुल 39,40,800 रुपये की ठगी की । भक्तराम मेहेर पिता मागुड़ी मेहेर उम्र 49 वर्ष निवासी पाढीघाट चांपा थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. के द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि तेजस्वी प्रसाद साहू, श्यामसुंदर जगत, किशन राजे महेश कश्यप लोगों के द्वारा क्रिप्टो करेंसी में पैसा लगाने पर बहुत अधिक ब्याज मिलने का झांसा देकर प्रार्थी से 3,20,000 रूपये एवं ध्रुव प्रसाद मेहर से 320000/रुपये, संजय कसेर से 320000/रुपये, खेमचंद यादव से 320000/रुपये हेमचंद देवागन से 320000/रुपये, शिव देवागन से 348000/रुपये, अमरनाथ देवांगन से 320000/रुपये, खेमचरण देवागन से 320000/रुपये, अमित कसारी से 320000/रुपये, नारायण साहु से 320000/रुपये, सुजाता मेहर से 320000/रुपये, अभिषेक देवागन से 100000/रुपये, मो0 अख्तर अंसारी से 100000/रुपये, नागेंद्र मढ़ाई से 51000 रुपये, संगीता कसेर से 50000/रुपये. टुकुना मेहर से 22000/रुपये, गांधी देवागन से 21000/ रूपये हेमकुमार देवांगन से 20000/रुपये, रूख्सार फातिमा से 12800 रूपये, शशांक कसेर से 11000/- रूपये, नीलाम्बर देवांगन से 5000/रुपये कुल 39,40,800/- रूपये नगद एवं फोन में, आरटीजीएस व एनईएफटी के माध्यम से जमा कराकर धोखाधडी करने की रिपोर्ट पर थाना चांपा में तेजस्वी साहू, किशन लाल रात्रे एवं 02 अन्य के विरुद्ध अप.पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लिया गया बाद आरोपी पता तलाश के दौरान आरोपी 01. तेजस्वी साहू उम्र 48 साल मुल निवासी ग्राम दुड़ी थाना बिलाईगढ जिला सारगढ़-बिलाईगढ़ हाल पता मारुती विहार कालोनी चांपा थाना चांपा जिला जांजगीर चांपा 02. किशन रात्रे उम्र 49 साल मुल निवासी ग्राम खोखरा थाना जांजगीर हाल पता नहरिया बाबा रोड जांजगीर थाना जांजगीर जिला जांजगीर चांपा को तलब कर अपराध के संबंध में पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर पृथक पृथक मेमोरेण्डम कथन लिया गया।

# रक्षा टीम प्रभारी ने छात्राओं को अभिव्यक्ति ऐप व अपराधों से बचाव की दी जानकारी

## कार्मेल कन्या उमा वि में महिला पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन तथा एएसपी डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद भैया के मार्गदर्शन पर महिला रक्षा टीम द्वारा आज कार्मेल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाकर स्कूली छात्राओं को यौन अपराध, साइबर अपराध एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय, यातायात नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने प्रेरित किया गया। रक्षा टीम प्रभारी एएसआई मंजु मिश्रा ने छात्राओं को बेटियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा 'हमर बेटी- हमर मान' अभियान प्रारंभ किये जाने की जानकारी दी और बताई कि इस अभियान के तहत कर पुलिस अधिकारी स्थानीय स्कूल, कॉलेजों में जाकर अपराध और अपराधों से बचाव की जानकारी दिया जा रहा है। रक्षा टीम प्रभारी ने छात्राओं को नाबालिगों को प्राप्त कानूनी अधिकार, छेड़खानी, यौन शोषण, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया क्राइम से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी देकर यौन घटनाओं या छिंटाकशी पर चुप्पी ना साध कर मामलों की शिकायत परिवारजानों और पुलिस में किये जाने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को बहुउपयोगी अभिव्यक्ति ऐप की विस्तार से जानकारी देकर ऐप को घर के मोबाइल पर इंस्टाल करने की सलाह दी। छात्राओं को हेल्प लाइन नंबर 112 की जानकारी देकर सेल्फडिफेंस के टिप्स बताया गया। कार्यक्रम में स्कूल के टीचर्स, महिला रक्षा पुलिस टीम के सदस्यगण और काफी संख्या में उत्साहित छात्राएं भाग ली।

# चित्रोत्पला महानदी पर होगी संगीतमय भव्य गंगा आरती



■ चांपा सेवा संस्थान के सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल का किया सदस्यों के साथ भ्रमण

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान राघवेन्द्र सरकार की कृपा से शबरी धामशिवरीनारायण महानदी में किया जायेगा महाआरती का आयोजन, विगत दिनों शिवरीनारायण में गंगा महाआरती आयोजन की तैयारी को लेकर चांपा सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया जिसमें माघ पूर्णिमा महानदी के बावा घाट में होने वाली चित्रोत्पला महानदी गंगा महाआरती के विषेश आरती को और भव्य बनाने तैयारी प्रारंभ कर दि गई है। इस वर्ष नव सदस्यीय विप्र मंडल तैयार किया जा रहा है, साथ ही भजन सम्राट शिवजी चौधरी इंडियन आइडल फेम का भजन एवं संगीतमय महाआरती होगी। महानदी में जल का भराव अधिक होने से लोगों को और भी आकर्षित कर रहा है, संध्या कालिन फुलों से सजा नौका विहार आकर्षण का केन्द्र रहेगा। चांपा सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा महाआरती की विशेष तैयारी प्रारंभ कर दी गई है एवंश्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में महाआरती में सम्मिलित होने आग्रह किया जा रहा है।

# अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में नैला पुलिस को मिली सफलता, हत्या के 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



अधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में नैला पुलिस को सफलता मिली है। इस मामले में विवेचना टीम ने चौकी नैला के मर्ग मृतक प्रदीप कुमार चौबे उम्र 40 वर्ष निवासी बिरकोनी चौकी नैला के मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्य संकलित किया गया। मृतक के शव का पंचनामा कार्यवाही बाद शव का पीएम हेतु जिला अस्पताल जांजगीर रवाना किया गया, जो मृतक के शव को अधिक जले होने से डॉक्टरों की टीम द्वारा सिम्स बिलासपुर रिफर करने पर शव का पीएम सिम्स में कराया गया है। पीएम रिपोर्ट पर क्यूरी भी कराई गई।

जिस संबंध में मृतक के परिजनों का कथन लिया गया। जिन्होंने अपने कथन में गांव के शशिकांत शर्मा तथा सनत शर्मा से पुराने प्रकरण में राजीनामा होने की बात को लेकर आये दिन विवाद करना, धमकी देना तथा संजय श्रीवास को रात्रि 08 बजे करीब प्रदीप चौबे के साथ घटना स्थल के कुछ दूर के घर में जाकर माचिस मांगने की बात बताते हुये तीनों पर प्रदीप चौबे की हत्या करने का संदेह व्यक्त किये है। सम्पूर्ण मर्ग जांच में मृतक प्रदीप कुमार चौबे को डण्डा से प्राणघातक हमला करने से मृतक प्रदीप कुमार चौबे को मृत होना जानकर पैरा में रखकर जलाकर साक्ष्य को नष्ट करने का प्रयास करना पाया गया है, जो प्रथम दृष्टया अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये प्रकरण के संदेहियों शशिकांत शर्मा, सनत शर्मा एवं संजय श्रीवास को पुलिस हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर 22.जन.2022 को पूर्व में किये हुए रिपोर्ट में राजीनामा नहीं होने की बात को लेकर प्रदीप चौबे की हत्या कर लाश को ठिकाना लगाने की योजना बनाकर तीनों पेट्रोल डिब्बा एवं डण्डा लेकर प्रदीप चौबे के पास में गये।

# कलेक्टर, एसपी सहित महाविद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारी रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के जेएलएन डिग्री कॉलेज में 31 जनवरी को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती, भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, अरपा के पैरी राजकीय गीत तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ, आगंतुक अतिथियों का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत- अभिनंदन करते हुए बैच लगाया गया, कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों में शक्ति कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे,विशिष्ट अतिथि के रूप में शक्ति शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष राजा धर्मेंद्र सिंह, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शालू पाहवा, पूर्व मंडी अध्यक्ष पंडित देवेंद्रनाथ अग्निहोत्री, नगर पालिका की पार्षद सिद्धेश्वरी सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कुमार सेवक।

# युवती के गुम मोबाइल को पुलिस ने खोज कर किया सुपुर्द

पायनियर संवाददाता ◄ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह पुलिस ने की मानवता की मिशाल पेश करते हुए एक युवती के गुम मोबाइल को तत्काल खोज कर उसे सुपुर्द किया है युवती बस स्टैंड चौक से अपने घर जा रही थी युवती मोबाइल को एक थैला मे रखी हुई थी जो थैला नीचे से फटा हुआ था जिसके कारण युवती का मोबाइल गिर गया था जो एक युवक को मुला युवक ने मोबाइल को बम्हनीडीह पुलिस को दिया ।


## मैन्युअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/106/क्रय शाखा/निविदा आमंत्रण/2023 कुम्हारी, दिनांक 30/01/2023

नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों पर टेन्ट सामाग्रियों को किराये पर एवं जलपान, भोजन इत्यादि कार्य की आवश्यकता होती है, जिसके लिए इच्छुक स्थानीय टेन्ट/किराया भण्डार एजेंसी/फर्मों से टेन्ट सामग्रियों का किराया दर एवं जलपान, भोजन इत्यादि सामग्री, एलईडी स्क्रीन और साउण्ड एवं अन्य की सामग्रीवार/आईटमवार दर निविदा प्रपत्र B में निविदा/किराया दर (प्रतिनग, प्रतिवर्ग फुट, प्रति कम, प्रतिसेट, प्रति प्लेट इत्यादि) दिनांक 16.02.2023 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 09.02.2023 सायं 5.30 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र हेतु क्रय की अंतिम तिथि - 13.02.2023 सायं 5.30 बजे तक।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 16.02.2023 सायं 5.30 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 17.02.2023 सायं 5.30 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | विभिन्न टेन्ट सामग्रियां किराये पर प्रदाय एवं जलपान, भोजन एवं इत्यादि सामग्री क्रय कार्य। (वार्षिक निविदा) | 15.00 |
| 2 | एलईडी स्क्रीन एवं साऊण्ड (वार्षिक निविदा) | 15.00 |
| 3. | फ्लेक्स एवं प्रिंटींग कार्य (वार्षिक निविदा) | 10.00 |

**नियम एवं शर्तें :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट में uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कुम्हारी**

## कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)

E-Mail ID :- cmoadbhar2@rediffmail.com

क्र./1837/लो.नि.वि./न.पं./2022-23 अड़भार दिनांक 01/02/2023

### ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 122697 | वार्ड क्र. 01 नगर पंचायत कार्यालय में पेवर ब्लॉक, कोटा स्टोन वर्क, सीमेंट कांक्रीट फ्लोरिंग कार्य। | 45.28 | 35000.00 | 3 माह | वर्ग डी एवं उच्चतर श्रेणी | 06.03.2023 | 09.03.2023 |

निविदा की विस्तृत जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in एवं http://uad.cg.gov.in में डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत अड़भार**

## न्यायालय ना. तहसीलदार, केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./29/ब-121/2022-23
मौजा बिन्झे, तहसील धनोरा

### // ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शान्ति पति आशाराम जाति रावत निवासी बिन्झे तहसील धनोरा जिला कोण्डागांव द्वारा उनके नाम पर ग्राम बिन्झे प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. धनोरा तहसील धनोरा जिला कोण्डागांव छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 131/10/ग, कुल खसरा 01 कुल रकबा 1.789 हे. लगान 8.09 पैसे कि कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में खाता में दर्ज है। उक्त भूमि की किसान किताब गुम होने पर द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। राजस्व अभिलेख बी-1, बैबाकी प्रमाण पत्र, एफ.आई.आर. रिपोर्ट के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 15/02/2023 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा के अधिन जारी किया गया।

मुहर

**ना. तहसीलदार**
**धनोरा**

## न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202301140400015/अ-6/2022-23

### // उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनिता नेताम पिता स्व. मनोज कुमार नेताम जाति गोड़ निवासी आमापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नंबर 6सी, प्लाट नं. 95/1 क्षेत्रफल 115 वर्गमीटर कच्चा मकान मय हाता वार्षिक भू-भाटक 29.03 रू. मनोज कुमार पिता स्व. कुंवर सिंह नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार मनोज कुमार की मृत्यु दिनांक 04.11.2022 को होने का उल्लेख करते हुये मृतक का नाम विलोपित कर विधिक वारिस का नाम दर्ज करने इस न्यायालय में भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 24/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202302211300002/अ-2/2022-23
ग्राम-गोलाझार, प.ह.नं.-06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका गायत्री बाई पटेल पति भरतलाल पटेल जाति अघरिया साकिन गोलाझर कास्तकार ग्राम गोलाझर राजस्व निरीक्षक मण्डल चांदन तहसील सोनाखान जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम गोलाझर स्थित भूमि खसरा नम्बर 149/2/क रकबा 0.316 हेक. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 15/02/2023 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी(रा.)**
**कसडोल**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202302211300003/अ-2/2022-23
ग्राम-गोलाझार, प.ह.नं.-06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भेंगराज पटेल पिता उत्तरा कुमार पटेल जाति अघरिया साकिन गोलाझर कास्तकार ग्राम गोलाझर राजस्व निरीक्षक मण्डल चांदन तहसील सोनाखान जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम गोलाझर स्थित भूमि खसरा नम्बर 44/1/ख/1/2 रकबा 0.611 हेक. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 15/02/2023 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कसडोल**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202302211300004/अ-2/2022-23
ग्राम-गोलाझार, प.ह.नं.-06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भरतलाल पटेल पिता उत्तरा कुमार अघरिया साकिन गोलाझर कास्तकार ग्राम गोलाझर राजस्व निरीक्षक मण्डल चांदन तहसील सोनाखान जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम गोलाझर स्थित भूमि खसरा नम्बर 99/1/ख रकबा 0.457 हेक. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 15/02/2023 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कसडोल**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202302211300007/अ-2/2022-23
ग्राम-गोलाझार, प.ह.नं.-06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भरतलाल पटेल पिता उत्तरा कुमार अघरिया साकिन गोलाझर कास्तकार ग्राम गोलाझर राजस्व निरीक्षक मण्डल चांदन तहसील सोनाखान जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम गोलाझर स्थित भूमि खसरा नम्बर 153/1/फ/1 रकबा 0.307 हेक. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 15/02/2023 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कसडोल**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202302211300008/अ-2/2022-23
ग्राम-गोलाझार, प.ह.नं.-06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भरतलाल पटेल पिता उत्तरा कुमार अघरिया साकिन गोलाझर कास्तकार ग्राम गोलाझर राजस्व निरीक्षक मण्डल चांदन तहसील सोनाखान जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम गोलाझर स्थित भूमि खसरा नम्बर 99/1/ख रकबा 0.914 हेक. में से 0.457 हेक. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 15/02/2023 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कसडोल**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202302211300009/अ-2/2022-23
ग्राम-गोलाझार, प.ह.नं.-06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राजेन्द्र कुमार पिता भेंगराज जाति अघरिया साकिन गोलाझर कास्तकार ग्राम गोलाझर राजस्व निरीक्षक मण्डल चांदन तहसील सोनाखान जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम गोलाझर स्थित भूमि खसरा नम्बर 54/7 रकबा 0.195 हेक. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 15/02/2023 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कसडोल**

## न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भिंभौरी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-74/2020-21

### // ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सत्यवान अग्रवाल पिता गीताराम अग्रवाल निवासी सी/36 सेक्टर 02 देवेन्द्र नगर रायपुर के द्वारा माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय जिला बेमेतरा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कि श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के माध्यम से जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। आवेदक के नाम से ग्राम कंडरका पटवारी हल्का नं. 11 तहसील भिम्भौरी में भूमि खसरा नं. 300/2 रकबा 1.64 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उपरोक्त भूमि में आवागमन हेतु शासकीय भूमि खसरा नं. 301 से 100 फीट भूमि लीज हेतु प्रदाय किये जाने आवेदन पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 07/02/2023 को/पूर्व स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/01/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**तहसील भिंभौरी**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202302211300010/अ-2/2022-23
ग्राम-गोलाझार, प.ह.नं.-06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भरतलाल पटेल पिता उत्तरा कुमार जाति अघरिया साकिन गोलाझर कास्तकार ग्राम गोलाझर राजस्व निरीक्षक मण्डल चांदन तहसील सोनाखान जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम गोलाझर स्थित भूमि खसरा नम्बर 60/1/13 रकबा 0.203 हेक. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु आवेदन पेश किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 15/02/2023 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कसडोल**

# केंद्रीय बजट पर मिली-जुली प्रतिक्रिया : किसी ने सराहा तो किसी ने कोसा

## भाजपा ने जमकर तारीफ की, वही कांग्रेस ने बजट को घोर निराशावादी बताया

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश आम बजट की जहां भाजपा नेताओं ने जमकर तारीफ की और बजट को कल्याणकारी बताया वही कांग्रेस नेताओ ने बजट को घोर निराशावादी और सिर्फ जुमला करार दिया है। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मेयर रामशरण रामशरण यादव ने कहा - यह सिर्फ एक जुमला, सिर्फ फैंसी घोषणाएं, भविष्यवादी नहीं, अवसरवादी और जनविरोधी है।

मेयर रामशरण यादव ने कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा और 2023 में कुछ राज्यों में होने वाले चुनाव को देखकर यह बजट पेश किया गया है। यह सिर्फ एक जुमला है। महंगाई को रोकने के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। रोजगार के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। सरकारी भर्ती के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। गरीब के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बजट में केवल फैंसी घोषणाएं हैं, जो पहले भी की गई थीं। पीएम किसान योजना से सिर्फ बीमा कंपनियों को फायदा हुआ किसानों को नहीं। मेयर यादव ने केंद्रीय बजट को जनविरोधी करार देते हुए दावा किया कि आयकर स्लैब में बदलाव से किसी की मदद नहीं होगी। यह केंद्रीय बजट भविष्यवादी नहीं है और पूरी तरह से अवसरवादी, जनविरोधी व गरीब विरोधी है। यह केवल एक वर्ग के लोगों को लाभान्वित करेगा। यह बजट देश की बेरोजगारी के मुद्दे को हल करने में मदद नहीं करेगा।

भाजपा जिला अजा मोर्चा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या ने कहा आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट ,देश हित और आम जानता को आत्मनिर्भर , बनने वाला बजट है इस बजट से आर्थिक आधार भी बढ़ेंगे और पूरे देश में विकास को बढ़ावा मिलेगा आम जनता के लिए आय में बहुत बड़ी छूट दी गई है, शासन को आर्थिक रुप से बढ़ावा मिलेगा शासन को टैक्स में बढ़ावा मिलेगा जो पैसा शासन के पास









आएगा वह पैसा सरकार जनता के हित के लिए योजना बनाकर काम करेगी, यह बजट सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास वाला बजट है, इलेक्ट्रॉनिक सिसटम की कीमतों में गिरावट आएगी , जिससे आम जनता इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम आसानी से खरीद पाएंगे , गरीबों के सपने साकार करने वाले बजट है 10 में 11 नंबर देने लायक बजट है ,इस बजट के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण को साधुवाद धन्यवाद,, आपने युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकरअपने युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है।

भाजपा नेता पूर्व एल्डरमैन मनीष अग्रवाल ने कहा कि आम बजट 2023 भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के द्वारा सर्व वर्ग सर्वहारा बजट प्रस्तुत किया बजट की मुख्य विशेषताएं जो आमजन तक सुविधा छूट मुहैया करा रही है इसमें सबसे बड़ी बात जो मध्यमवर्गीय जनमानस है नौकरी पेशा आमजन को इनकम टैक्स में राहत इस बजट से मिल रहा है रु. 700000 तक की आय मैं किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं लगेगा इसके साथ ही साथ रिटायरमेंट वृद्धजन या यूं कहें जो सीनियर सिटीजन है उनके लिए भी बजट में एक अच्छे स्लैब का प्रावधान किया गया है 3000000 रुपए टैक्स छूट तक का प्रावधान सीनियर सिटीजन के लिए बजट में किया गया है किसान सम्मान हेतु अलग-अलग क्षेत्रों में सोलर बिजली कृषि उपकरण खाद बीज अनन्य माध्यमों से किसानों को सरकार की सुविधा मिल सके इस का प्रावधान किया गया है।

खाद्यान्न योजना के तहत प्रति व्यक्ति प्रत्येक परिवार के लिए दी जा रही राशन योजना 1 साल के लिए पुनः बढ़ा दी गई, सबको मिले पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बड़ी राशि का प्रावधान बजट में किया गया

महिला ग्रहणी के लिए बजट में विशेष प्रावधान है रोजगार के नए अवसर प्रदान करने हेतु युवा वर्ग के लिए नए-नए प्रावधान आगामी भविष्य को देखते हुए किए गए हैं इसके साथ ही साथ रक्षा और परिवहन को सुगम और सरल बनाने हेतु बजट में प्रावधान है यह बजट वर्तमान बजट से आगामी 2023 24 के पहुंचते तक देश के साथ अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ साबित करने वाला बजट है।

केंद्र सरकार के बजट पर कांग्रेस नेताओ में प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी ने कहा कि बजट अमीरों को अमीर और गरीबो को गरीब बनाने वाला है ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था 2022 में किसानों की आय दुगुनी हो जाएगी ,जो हुआ नही पर आज बजट में किसानों को लेकर कोई विशेष घोषणा नही की गई, किसानों को उन्नत बीज, सस्ता खाद, सस्ती बिजली, मोटर पंप सस्ते में कैसे उपलब्ध हो इस पर कोई चर्चा नही ,किसानों के खेती लागत मूल्य कम कैसे किया जाए,किसानो के उत्पादन का उचित समर्थन मूल्य का भी कोई प्रावधान नही किया गया है ,इससे केंद्र सरकार के किसान विरोधी चेहरा दिखता है , बजट में छत्तीसगढ़ के किसानो को विशेष पैकेज की जरूरत की अपेक्षा थी क्योकि छत्तीसगढ़ की अर्थ व्यवस्था कृषि आधारित है।पर निराशा और किसान विरोधी बजट है।

शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार का बजट ठीक उसी प्रकार है जैसा कि छत्तीसगढ़ में एक वन्दे भारत ट्रैन चलाकर ढाई वर्षो से पैसेंजर ,एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन बन्द पड़ा है ,छोटे छोटे स्टेशनों के स्टापेज खत्म कर दिया गया ,टिकट की रेट बढ़ी हुई ,जनता परेशान है और नरेंद्र मोदी वन्दे भारत के सम्मान में कसीदे पढ़ रहे है ,मतलब साफ है बजट जनता को बताने के लिए है और लाभ अपने उद्योगपति मित्रो को देना है ।

विजय पांडेय ने कहा जब पैसेंजर ,एक्सप्रेस ट्रेने बन्द है फिर इतना भारी भरकम बजट क्यो रखा गया है ,ऐसा लगता है रेल के निजीकरण को बढ़ावा देने के लिए रेल बजट में 2.40 लाख करोड़ का प्रावधान रखा गया है ।

ज़िला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि बजट चुनावी और गरीबो के साथ मजाक करने वाला है ,महंगाई पर कैसे नियंत्रण करे इस पर कोई फार्मूला नही है ,जनता पेट्रोल,डीजल ,गैस की बढ़ती कीमतों से परेशान है, युवाओ के लिए ,किसानों के लिए बजट में कुछ नही कुल मिला कर जनता एक बार फिर आंकड़ो में उलझ गई है और अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है।

# दिल्ली के लाल किला में भारत पर्व पर दिखा छत्तीसगढ़ी संस्कृति का रंग

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com



दिल्ली के लाल किला में भारत पर्व पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर छत्तीसगढ़ के माध्यम से पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित देश की संस्कृति एवं पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 6 दिनों तक चलने वाले भारत पर्व के आयोजन लाल किला नई दिल्ली में किया गया, भारत पर्व के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु निरंतर प्रयासरत अपनी सुंदर पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा एवं लोकगीत नृत्य की प्रस्तुति के लिए जाने जाने वाले छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत लोकरंजनी लोककला सांस्कृतिक मंच के द्वारा रंग छत्तीसा का आयोजन भारत पर्व पर लाल किला में बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर छटा बिखेरी इस अवसर पर सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल एवं राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडे की गरिमामय उपस्थिति रही । कार्यक्रम को दर्शक दीर्घा में बैठे विदेशी सैलानियों सहित भारत के विभिन्न राज्यों से पधारे श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोकगीत नृत्य की प्रस्तुति का आनंद लिए। और कलाकारों के साथ झूमे नाचे। लोकरंजनी द्वारा रंग छत्तीसा के माध्यम से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीत नृत्य और अरपा पैरी के धार के साथ सुवा, कर्मा, ददरिया, पंथी, शिव पार्वती विवाह को गौरी गौरा के माध्यम से दर्शाया,राउत नाचा, जस गीत, नाचा के साथ फाग गीत पर शहीदों को नमन किया।

## बजट जनता को निराश करने वाला : सुशील आनंद शुक्ला



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार के इस बजट में छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की धमक साफदिख रही हैं भारतीय मिलेट संस्थान के गठन की बात की गयी है। छत्तीसगढ़ में मिलेट मिशन पहले से चल रहा राज्य में रागी, कोदो, कुटकी का समर्थन मूल्य घोषित कर समर्थन मूल्य में खरीदी की जा रही है। मिलेट कैफे की स्थापना भी राज्य में हो गयी है। मिलेट उत्पादकों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना में इनपुट सब्सिडी भी दी जा रही है। इसके साथ ही राज्य की बहुचर्चित गोधन न्याय योजना को भी मोदी सरकार ने पूरे प्रदेश के लिये अपनाया है। देश भर में 500 गोधन संयंत्रों की स्थापना छत्तीसगढ़ मॉडल का विस्तारीकरण है। यह छत्तीसगढ़ मॉडल की गूंज है जो संसद में आम बजट में सुनाई पड़ी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार का 9वां बजट देश की जनता को निराश करने वाला है। इस बजट में आम आदमी को राहत देने वाला कुछ नहीं है।

# गांव हमें अपनों के सपनों को जीने की समझ देता है : नेहा पायल

पायनियर संवाददाता ⮜ अंतागढ़
www.dailypioneer.com



अभिनेत्री नेहा पायल वार्षिक मेला में शामिल होने अंतागढ़ पहुंचीं। उनकी पढ़ाई अंतागढ़ के कन्या स्कूल में हुई है। वहां अपनी जन्मस्थली कोलर गांव भी पहुंचकर स्कूलों छात्रों व आमजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि गांव हमेशा सकून और अपनों के सपनों को जीने की समझ देता है। इस समय सिनेमा में गांवों की कहानियों की अधिक मांग है। हमारे गांवों का जुड़ाव सीधा मौलिकता व लोक संस्कृति से होता है। इसलिए हमें गांवों की ओर लौटना होगा। निर्देशक रोहित शेट्टी निर्देर्शित फिल्म के अभिनय अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि फिल्म में पत्रकार के तौर उनकी भूमिका यादगार रही है। कोरोना काल के बाद यह फिल्म दुनियां के करीब 4 हजार सिनेमा घरों में फिल्म प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में मेरे अभिनय को काफी पसंद किया गया है। इसके साथ ही तेलूगु में बनी फिल्म संभारी को दक्षिण भारत में काफी सराहना मिली है। उन्होंने कहा कि अंतागढ़ जैसे छोटे से जगह से निकलकर फिल्मों में काम करना एक बड़ी चुनौती थी,लेकिन मजबूत इरादों की वजह से वह बेहतर कार्य कर रही है। सिनेमा हमेशा समय, समर्पण व संघर्ष मांगता है। जिसके पर लगे होते है तो आने वाला समय भी आपका आता है। अभिनेत्री नेहा पायल ने कहा कि मौका मिला तो बस्तर के जीवन पर केंद्रित फिल्म पर जरूर काम करना चाहेगीं। इसके साथ अंतागढ़ व बस्तर के अपनों से मिल रहे सहयोग, स्नेह व आशीर्वाद के लिए आभार माना है। उन्होंने अंतागढ़ मेला में शामिल होकर अपने बचपन के स्मृतियों को याद किया।मेला में किया स्वागतः नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग ने अभिनेत्री नेहा पायल का मेला स्थल पर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी क्षेत्र की बेटी पायल पाणीग्रही हम सबका व क्षेत्र का नाम रौशन कर रही है। हम सब उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। वह क्षेत्र में फिल्मी गतिविधियों से जुड़ी किसी तरह की सहयोग चाहेगी तो हम सब पूर्ण सहयोग करेंगे।

# लोगों की जमापूंजी को ऑनलाइन शेयर मार्केटिंग में करता था खर्च

## चारवाही के डाकघर में लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर फरार हुए डाकपाल को पुलिस ने भोपाल के इंद्रपुरी से किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ⮜ बालोद
www.dailypioneer.com

ग्राम चारवाही के डाकघर में हुए 6 लाख से अधिक रूपयों की धोखाधड़ी व गबन के मामले पर बालोद पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी को भोपाल के इंद्रपुरी से गिरफ्तार किया है। और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया हैं। मामला बालोद थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी उप संभागीय निरीक्षक कार्यालय, डाक उप संभाग बालोद विकास कुमार सोनी पिता स्व. एसएल सोनी (45 वर्ष) के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 15 जनवरी 2021 से 20 जनवरी 2022 के मध्य पोस्ट आफिस की शाखा ग्राम चारवाही स्तिथ डाकघर में पदस्थ डाकपाल ओमेन्द्र कुमार साहू पिता सुखराम साहू के द्वारा विभिन्न खाताधारको से उनके खाता में पैसा जमा न कर केवल उनके खाता के पास बुक में एन्ट्रीकर जमा किये गये रकम को शासकीय हिसाब में न लेकर अपने पास रख लेता था। आरोपी के द्वारा अपने शाखा के खाताधारको के खाता के प्रारंभिक जांच पर कुल 10 खाता धारको से कुल 6 लाख 8 हजार 705 रुपये का धोखाधड़ी कर उनकी राशि को गबन करना पाये जाने की शिकायत पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 333/ 2022 धारा 420, 409, भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। वही बैंक के खाताधारको की शिकायत की जांच जारी है तथा धोखाधड़ी की रकम लगभग 25 से 30 लाख तक पहुंचने की संभावना है। उक्त अपराध की गंभीरता को देखते हुए दुर्ग रेंज आईजी आनन्द छाबड़ा के निर्देशन पर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में, एएसपी हरीश राठौर एवं एसडीओपी प्रतिक



चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक नवीन बोरकर के नेतृत्व में विशेष टीम तैयार किया गया। और आरोपी की पतासाजी शुरू की गई। इस दौरान आरोपी डाकपाल ओमेन्द्र कुमार साहू को भोपाल के इंद्रपुरी से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

आरोपी ने पुछताछ में पुलिस को बताया है कि उसके द्वारा विभिन्न खाताधारको के खाता में पैसा जमा न कर केवल उनके खाता के पास बुक में एन्ट्रीकर जमा किये गये रकम को शासकीय हिसाब में न लेकर अपने पास रख लेता था। लोगो के पैसे को ऑनलाईन शेयर मार्केटिंग में पैसा लगाता था। खाताधारको के पैसों को हड़प कर खर्च कर दिया एवं पैसे के भरपाई करने के चक्कर में लाखों रूपयों का गबन कर लिया।

आरोपी डाकपाल के पतासाजी में प्रभारी थाना बालोद निरीक्षक नवीन बोरकर, निरीक्षक सउनि देवनाथ ठाकुर, आरक्षक प्रवीण कुमार साहू, राधेश्याम पिस्दा, भोपसिंह साहू सायबर सेल बालोद से आरक्षक योगेश कुमार सिन्हा, मिथलेश यादव, का सराहनीय भूमिका रहा।

# अब रायपुर में 3000 से ज्यादा यूनीक उत्पादों के साथ प्रीमियम लाइफस्टाइल उत्पादों का लुत्फ़ उठाएं

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

लंदन स्थित प्रतिष्ठित लाइफस्टाइल ब्रांड डब्ल्यू.के. लाइफ ने आज छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर शहर में अपना पहला मेगास्टोर लांच किया है। इस स्टोर के लांच से मध्य भारत में कम्पनी का यह पहला स्टोर है। इस मेगास्टोर का उद्घाटन अंबुजा सिटी सेंटर मॉल में एक भव्य समारोह में किया गया। यह प्रसिद्ध ब्रांड XX वर्ग फुट में फैला हुआ है। अब कम्पनी ने प्रीमियम लाइफस्टाइल स्टोर को रायपुर वालों के लिए खोल दिया है। इस मेगास्टोर में 3000 से ज्यादा यूनीक उत्पादों से डब्ल्यू.के. लाइफ ग्राहकों को नए लाइफस्टाइल का अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है।इस मेगा स्टोर के उद्घाटन कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर श्री गौरव डबास और श्री रोहित साहनी उपस्थित थे। डब्ल्यू.के. लाइफ लंदन त्वद्भठु आबादी के बीच एक लोकप्रिय ब्रांड है। गौरतलब है कि डब्ल्यू.के. लाइफ लंदन प्रीमियम लाइफस्टाइल उत्पादों जैसे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, हेल्थकेयर उत्पादों, पर्सनल केयर उत्पादों, खिलौनों और कई अन्य चीजों को अपने स्टोर में उपलब्ध कराता है। ब्रांड में ब्लूटूथ स्पीकर, हेडफ़ोन, वायरलेस चार्जर, ब्लूटूथ माइक, चार्जिंग केबल, मोबाइल एक्सेसरीज़, पावर बैंक और मोबाइल केस सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की पूरी रेंज रहती है। रायपुर में डब्ल्यू.के. लाइफ लंदन स्टोर द्वारा पेश किए जाने वाले अन्य उत्पादों में हैंडबैग, बैकपैक्स, मेकअप उत्पाद, परफ्यूम, एक्सेसरीज, शॉवर जैल, सुगंधित मोमबत्तियां आदि शामिल हैं। हेल्थकेयर और पर्सनल केयर उत्पादों की असंख्य वेराइटी इस स्टोर में मिलेगी। यह स्टोर रायपुर शहर में रहने वाले ग्राहकों की प्रीमियम लाइफस्टाइल की मांगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डब्ल्यू.के. लाइफ लंदन के को-फाउंडर रोहित साहनी ने इस स्टोर के उद्घाटन पर अपनी राय देते हुए कहा, ÷हम रायपुर के लोगों के लिए डब्ल्यू.के. लाइफ लंदन स्टोर खोल रहे हैं।

# मंडी में अवैध अतिक्रमण प्रकरण न्यायालयीन सुनवाई के बाद अधिकांश मामले में मंडी के पक्ष में आया फैसला

## न्यायालयीन आदेशानुसार जल्द अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को अमल में लाया जायेगा : मंडी सचिव

पायनियर संवाददाता ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com

माँ अन्नपूर्णा देवी का निवास कहे जाने वाले कृषि उपज मंडी 20 एकड के क्षेत्र में फैला है जिसमें बायपास रोड, मंडी के सामने का रोड, बस स्टैंड के एरिया को मिलाकर उक्त कीमती जमीनो का 25% जगह अवैध अतिक्रमण के भेट चढा हुआ है। इस क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने मंडी प्रशासन ने न्यायालयीन कोर्ट में प्रकरण दर्ज कराया था जिसमें अधिकांश प्रकरणों में कृषि मंडी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु जिला न्यायालय एवं अपर न्यायालय से मंडी प्रशासन के पक्ष में निर्णय आया है गौरतलब है कि पूर्व में मंडी प्रशासन के द्वारा मंडी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने अनेकों प्रयास किये गये परंतु अनेक प्रकार के राजनीतिक अडचनों के कारण मंडी प्रशासन अतिक्रमण हटाने में असफल रहा जिसके कारण अखिर कोर्ट में जाकर न्यायलयीन प्रक्रिया का शरण लेना पडा जो की काफी अर्से बाद उक्त फैसला मंडी प्रशासन के हक में आया है।

### अवैध अतिक्रमण में कमजोर सामान्य व प्रभावशाली वर्ग सभी शामिल

गौरतलब है कि मंडी परिक्षेत्र में अवैध अतिक्रमण करने वाले राजनीतिक रसूखदार व गरीब एवं सामान्य वर्ग के लोग भी शामिल है परंतु उक्त प्रकरण में कुछ मामलों में कार्यवाही हेतु बिना किसी भेदभाव के कई सालों से अतिक्रमण के चंगुल में फसे जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराना मंडी प्रशासन के लिये किसी चुनौती से कम नही होगा।

### अवैध अतिक्रमणों के कारण मंडी परिक्षेत्र पडता है छोटा

गौरतलब है कि भाटापारा कृषि उपज मंडी प्रदेश के मंडी होने पर प्रदेश के कई जिलों व अन्य प्रदेश से किसान यहा अपना कृषि उपज बेचने आते है जिसके कारण भारी आवक होने कारण यह प्रदेश स्तर का मंडी छोटा पड जाता है अगर कोर्ट के आदेश के बाद मंडी से अवैध अतिक्रमण हट जाता है तो निश्चित ही सीजन के दिनो में भारी आवक से किसानों व मंडी प्रशासन को होने वाले अनेक परेशानियों से राहत मिलेगा परंतु मंडी के पक्ष में न्यायीलीन कोर्ट के आदेश के बाद मंडी प्रशासन अवैध कब्जा से मंडी को कब आजाद कराता यह उन पर ही निर्भर करता है।

मंडी परिक्षेत्र की जमीन को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने मंडी प्रशासन ने न्यायलयीन कोर्ट में प्रकरण दर्ज कराया था जिसमें अधिकांश प्रकरणों में कृषि मंडी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जमीनों को न्यायीलीन आदेशानुसार जल्द अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु जिला न्यायालय एवं अपर न्यायालय से मंडी प्रशासन के पक्ष में निर्णय आया है जिसे जल्द अमल में लाया जायेगा।

**-शत्रुघ्न वर्मा,** मंडी सचिव

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**
Tel. No.:- 07853-220082 Email ID:- eebij-phe-cg@nic.in

निविदा क्र./15/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड 2023 बीजापुर, दिनांक 31/01/2023

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से समूहवार मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र ''अ'' प्रतिशत दर पर बीजापुर जिले के विकासखण्डों के गोठानों में 150 मि.मी. व्यास के नलकूप खनन कार्य के लिए डी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.स्वा.यां.खण्ड बीजापुर में दिनांक 16.02.2023 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक समूह क्रमांक 1 एवं 4 में कार्य की लागत रू. **2.16 लाख एवं समूह** क्रमांक 2 एवं 3 में कार्य की लागत रू. **3.24 लाख** है। कुल लागत रू. **10.80 लाख** है। निविदा कार्य में प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छ.ग. के द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 समस्त संशोधनों सहित लागू होगा। आवेदन की तिथि 15.02.2023 है। प्रत्येक समूह की निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750/- है तथा समूह क्रमांक 1 एवं 4 हेतु अमानत राशि रू. 2160/- है एवं समूह क्रमांक 2 एवं 3 हेतु अमानत राशि रू. 3240/- है।

**टीप** - निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण नियम व शर्ते आदि की जानकारी कार्यालयीन अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में दिनांक 16.02.2023 तक देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बीजापुर (छ.ग.)**

G-98127/3

# देश को आर्थिक प्रगति प्रदान करने वाला अमृतकाल का बजट : भाजपा

# वित्त बजट मध्यम व गरीब वर्ग के लिए कंटक : कांग्रेस

## बजट पर प्रतिक्रिया : आयकर पर मिली छूट को सराहा गया, महंगाई पर बात न होने से नाराजगी




पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार का वित्त बजट एक फरवरी को संसद में पेश किया गया। सत्ता पक्ष और प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां इस बजट को सीरे से नकार रहीं हैं। विपक्षी नेताओं का कहना है किए इस बजट में महंगाई से उबरने और बेरोजगारी से लड़ने का कोई विजन नहीं है। वे इस आर्थिक मोर्चों पर असफल बजट भी करार दे रहे हैं। इस बीच भाजपा नेता बजट में शामिल विभिन्न घोषणाओं को आर्थिक उन्नति के क्षेत्र में पहली क्रांति बता रहे हैं। आयकर में छूट बढ़ने को बड़ी राहत नेता बता रहे हैं।

### जनभागीदारी वाला बजट : संतोष पाण्डेय



आम बजट 2023 को जन आकांक्षाओं से परिपूर्ण बजट बताते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा है कि सप्तऋषि की तरह अमृत काल के दौरान सात प्रमुख बिन्दुओं पर केन्द्रित यह बजट प्रगति की राह पर भारत देश का पथप्रदर्शन करेगा। इस बजट में महिलाओंए वरिष्ठ नागरिकों, मध्यमवर्गीय एवं युवा शक्ति को केन्द्रित कर बजट में कई प्रावधान किये गये हैं जो इस बजट को समावेशी विकास का परिचायक सिद्ध करता है। प्रधानमंत्री आवास के बजट में इस बार 66 प्रतिशत वृद्धि कर 79 हजार करोड़ रू. का प्रावधान कर देश की आवासविहीन जनता को लाभान्वित करने के साथ ही कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा देने से कृषि में तकनीकी क्रान्ति लाकर किसानों को समृद्ध करने का महत्वाकांक्षी प्रयास केन्द्र शासन ने किया है।

### गागर में सागर भरने वाला अमृतकाल का बजटरू मधुसूदन यादव



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने आज लोकसभा में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आम बजट को देश की वर्तमान परिस्थितियों में आवश्यक सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को समाहित करने वाला एवं देश को आर्थिक प्रगति प्रदान करने वाला अमृतकाल का बजट बताया है। देश की 80 करोड़ जनसंख्या को सीधे लाभ देते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत निःशुल्क अनाजए मध्यम वर्ग की पीठ से टैक्स का बोझ हटानाए शिक्षाए रक्षाए कृषिए सहकारिताए शोध एवं अनुसंधानए महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर बजट में वृद्धि किया जाना प्रधानमंत्री मोदी की उत्तरोत्तर सोच एवं सबके विकास की नीति का प्रमाण है। पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान के माध्यम से बजट में प्रथम बार कारीगरों एवं शिल्पकारों को विश्वकर्मा से संबोधित करते हुए उनके लिये वित्तीय सहायताए कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना उनकी संवेदनशीलता का परिचायक है। यह बजट निम्न आय वर्ग सहित बहुसंख्यक मध्यम आयवर्ग के लिये राहत देने वाला क्रान्तिकारी बजट है।

### बजट से देश के साथ प्रदेश को भी मिलेगी मजबूती : किशुन यदु



नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा किए केंद्र सरकार का बजट देश को मजबूत करने वाला साबित होगा। बजट में हर हिस्से का बेहतर ढंग से ध्यान रखा गया है। हर क्षेत्र को मजबूत करने के लिहाज से बजट पेश किया गया है। इसका लाभ देश के साथ छग राज्य को मिलने वाला है। आज पेश हुए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजनांदगाव नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि बजट में जहां गरीबों को एक साल तक निरू शुल्क अनाज की व्यवस्था रखी गई है। वहीं मध्यम वर्गीय को डायरेक्ट टैक्स में बड़ी राहत मिली है। केंद्र सरकार ने 7 लाख रुपए तक के इनकम में कोई भी टैक्स नहीं लगाने की घोषणा की है। इससे मिडिल क्लास का बचत में इजाफा होगा। छग की बात करें तो केंद्रीय बजट में एकलव्य स्कूलों में भर्ती का प्रावधान रखया गया है। छग में ही 24 जिलों में 73 एकलव्य स्कूल संचालित हैं। यहां स्कूलों में अब भी 4 हजार पद रिक्त हैं, केंद्रीय बजट के प्रावधान से अब इन रिक्त पदों को भी भरा जा सकेगा।

### मरणासन्न अवस्था में ले जाएगा ये बजट : छन्नी साहू



खुज्जी विधायक छन्नी साहू ने केंद्र सरकार के वित्त बजट को मध्यम व गरीब वर्ग के लिए कंटक की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा किए इस बजट में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारीए किसानों को एमएमपी और उनकी आय दोगुनी करने सहित कई जरुरतों को वित्तमंत्री निर्मला सितारमण ने नज़र अंदाज कर देश को बदहाल स्थिति की ओर मोड़ दिया है। घरेलू गैसए पेट्रोल.डीजलए खाद्यान्न में बढ़ती महंगाई में किसी तरह की राहत बजट में शामिल नहीं है। 30 लाख से अधिक पद केंद्र में खाली होने के बावजूद भर्तियां नहीं हो रही है। अग्निवीर योजना लाकर पहले ही मोदी सरकार ने सेना में शामिल होने दिन रात एक करने वाले नौजवानों से खिलवाड़ कर रखा है। इनकी नीतियां गरीबों को मरणासन्न अवस्था में ले जाने के लिए काफी है।

### किसानों को मिला धोखा : मदन साहू



जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू ने बजट पर प्रति या जारी करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में महंगाई से जूझ रही जनता को राहत देने और बेरोजगारों के लिए कुछ भी नहीं है। साथ ही इस बजट से किसान खुद को छला हुआ महसूस कर रहे हैं। केंद्र सरकार को जीएसटी संग्रह में वृद्धि मिली है। इसके बाद भी राजकोषीय घाटा बढ़ा है। यह साफ करता है कि आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। साहू ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट में किसानों के लिए भी कुछ नहीं है। एमएसपी बढ़ाने की मांग लगातार होती रहीए लेकिन इसकी भी अनदेखी मोदी सरकार ने की है। केंद्र सरकार का इस साल बजट भी बीते सालों की तरह निराशाजनक रहा है।

### साथ लेकर चलने वाला बजट : गीताघासी साहू

केंद्रीय आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राजनांदगांव जिला पंचायत की अध्यक्ष गीताघासी साहू ने बजट को सभी वर्गो के हित का बजट बताया है। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि इस बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट आवंटन पहले की तुलना में 66 फीसदी बढ़ा दिया गया है। इसके बाद अब ये बजट बढ़कर 79, 000 करोड़ रुपये से ज्यादा कर दिया गया है। इस घोषणा से अब जरूरतमंद अपने घर का सपना साकार कर सकेंगे। इस बजट में आम आदमी को राहत देते हुए इनकम टैक्स की सीमा 5 लाख से बढ़ा कर 7 लाख कर दिया गया है। गीता साहू ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए बड़े तोहफे का ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए बचत योजना की घोषणा की हैण् महिला सम्मान बचत पत्र योजना शुरू होगीण् इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7०5 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। सर्वजन हिताय.सर्वजन सुखाय की दृष्टि से यह बजट सर्व समावेशी होने के साथ ही देश के विकास को नई गति प्रदान करेगा।

### सप्तर्षि की अवधारणा पर आधारित है बजट : प्रखर



केंद्र सरकार द्वारा पेश किये गए इस कार्यकाल के अन्तिम बजट को क्रांतिकारी बजट बताते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा दक्षिण मंडल के अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि समावेशी विकासए अंतिम छोर तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करनाए हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र बजट की प्राथमिकताएं हैं। बजट की ये सात प्राथमिकताएं सप्तर्षि की अवधारणा पर आधारित है। प्रखर ने कहा कि वर्तमान केंद्रीय बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग की आशाओं और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। निःसंदेह, यह बजट भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### मजबूत भारत का शानदार बजट : पटेल



जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रमेश पटेल महामंत्री राजेन्द्र गोलछा व रविन्द्र वैष्णव ने संसद में प्रस्तुत मोदी सरकार के बजट की प्रशंसा करते हुये कहा कि इसमें जहां वेतनभोगी वर्ग कोए मध्यम श्रेणी के लोगों को किसानों को, मजदूरो को, औद्योगिक घरानों को टैक्स की छूट दी है। वही प्रधानमंत्री आवास में लगभग 80 हजार करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया है जिससे गरीबों को सरलता से आवास मिलेगा। 81 लाख महिला समूहों का सशक्ति करण किया जायेगाए कृषि के क्षेत्र में नये प्रयोगों को बढ़ावा देने के लिये युवाओं के मध्य स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। रेलवे के व्यापक विस्तार के लिये 75 हजार करोड़ रूपये की विशाल धनराशि खर्च की जायेगी, देश में 50 नये एयरपोर्ट भी बनेंगे।

### भारत वैश्विक स्तर पर सशक्त होगा : नीलू शर्मा



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता I नीलू शर्मा ने केंद्र सरकार के सालाना बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि केंद्रीय बजट में मिली रियायतों से भारत वैश्विक स्तर पर सशक्त होगा। आर्थिक मोर्चे पर भारत की ताकत बढ़ेगी। शर्मा ने कहा कि यह बजट सर्वहारा और सर्व वर्ग को समाहित करने वाला बजट है। महत्वपूर्ण बात यह है कि केंद्रीय मंत्री ने 7 लाख की सालाना इन्कम को आयकर से छूट देने का ऐलान किया है। यानी अब तक 5 लाख तक इन्कम को टैक्स से अलग रखा गया था। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के लिए भी केंद्र ने घोषणाएं की है। महिलाओं के लिए भी राहत मिली है। मध्यम वर्ग के लिए बजट में कई तरह के ऐलान किए गए हैं।

### भाजपा ने फिर ठगा : रूपेश दुबे



कांग्रेस प्रवक्ता I रूपेश दुबे ने केंद्रीय बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सर्वहारा वर्ग को ठगने वाला बजट है। इस बजट में केंद्र सरकार द्वारा 8 वर्षो में लिए गए कर्ज के चलते प्रत्येक व्यक्ति के सर पर 1 लाख 15 हजार का कर्ज है। उससे राहत दिलाने की कोई कार्ययोजना नहीं है। शिक्षाए स्वास्थ्य के साथ.साथ रोजगार मूलक रोजगार गारंटी योजना में 26: की कटौती करना, किसानों की आय 2022 तक दुगुनी करने की योजना तक बनाने में असफल भाजपा सरकार वर्मी खाद का विरोध करने वाली भाजपा किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की बात कर बजट को झूठ का पुलिंदा साबित किया है। 2 करोड़ रोजगार की बात करने वाली केंद्र सरकार की नीति से बेरोजगारी का दर 6:4:से बढ़कर 8:3: होने पर भी युवाओं को इस दंश से बचाने कोई कार्ययोजना बताने में भी असफल है।

### बजट बेहद ही निराशाजनक : कुलबीर



जट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट बेहद ही निराशाजनक रहा। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़ी हुई चीजों का मंहगा कर देना ये दर्शाता है कि केंद्र सरकार को आम जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है । लाखों युवाओं को रोजगार देने की बता करने वाली भाजपा नीत मोदी सरकार बजट में बेरोजगारों को छला है। अन्नदाता किसानों के सम्मान निधि में कोई बढ़ोतरी नही किया जाना किसानों के साथ छलाव है वहीं बजट में आम जनता को कोई खास राहत देते नजर नहीं आ रहा है। आम लोगों को लाभ पहुंचाने के बजाय कल्याणकारी योजनाओं और सब्सिडी को खत्म करने का काम किया गया है।

## शराब के साथ एक गिरफ्तार



गंडईपंडरिया। उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश में थाना गंडई के उप निरीक्षक दिनेश पुरेना के नेतृत्व में पुलिस स्टॉप द्वारा बीते 31 जनवरी को टाउन एवं देहात भ्रमण रवाना होने के दौरान मुखबीर से सूचना के आधार पर आरोपी एक व्यक्ति को बिक्री करने के लिये शराब ले जाते शराब भट्टी रोड गुल्लु ा्बा के सामने पकडा गया जिससें पूछताछ कर मौके पर ही शराब बिक्री के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने अपेक्षा किया गया, जिसके द्वारा अपना नाम शकील बेग पिता वशीर बेग उम्र 19 साल साकिन मगरकुण्ड थाना मोहगांव का रहने वाला बताया। शराब बिक्री के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये, जिसके कब्जे से देशी प्लेन शराब 16 पौवा सील बंद प्रत्येक में 180 एमएल भरा हुआ मिला कुल जुमला 2.88 बल्क लीटर किमती 1280 रूपये को जप्त कर थाना गंडई में अपराध 32/2023 धारा 34(1)ब आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## भाजपा केडर बेस पार्टी होने के कारण ही विश्व के देशों में भारत की गिनती अग्रणी : अजय जमवाल

### कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है : डॉ. रमन




पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश में प्रचलित राजनीतिक विचारधाराओं में सबसे अलग है। हम व्यक्ति पूजा पर विश्वास करने वाले लोग नहीं हैंए हम कार्यकर्ता आधारित संगठन हैं और यही वजह है कि हम दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि इस मुकाम पर पार्टी को पहुंचाने के लिए अनाम ऐसे हजारों कार्यकर्ता है, जिन्होंने पार्टी संगठन को खड़ा करने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। यही कारण है कि हम केडर बेस पार्टी कहे जाते हैं, हमें हर क्षण इसका स्मरण रहना चाहिए। जमवाल ने मोदी सरकार व प्रदेश के पूर्व में डेढ़ दशक तक रही डॉक्टर रमन सरकार के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि देश व दुनिया को हमने बखूबी यह संदेश दिया कि हमारी कार्यप्रणाली अन्य सभी राजनीतिक दलों से अलग है।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव के कार्यकर्ताओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि जामवाल की बातों को आत्मसात करते हुए कार्यकर्ता अभी से लक्ष्य में जुट जाएं। 4 माह के अंदर हमें बूथ के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की कार्यशैली को जन जन तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित करना है।बैठक में प्रस्तावना संदेश जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने रखाए कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष लीलाधर साहू ने किया।

### बर्फानी आश्रम के दर्शन किए

संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय प्रदेश की सभी विधानसभाओं का सघन दौरा कर रहे हैं और आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से कार्यकर्ताओं की बैठकें भी ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव से डोंगरगढ़ रवाना होते समय संगठन मंत्रियों ने बर्फानी आश्रम में स्थित मां पाताल भैरवी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मां पाताल भैरवी की विधिवत पूजा अर्चना भी की एवं स्फटिक शिवलिंग के जलाभिषेक किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नीएजिला अध्यक्ष रमेश पटेल जिला उपाध्यक्ष आभा तिवारी, रघुवीर वाधवाव स्थानीय टीम मौजूद रही।

## लेबर कॉलोनी और मोतीपुर की जीत, अगले राऊंड में पहुंचे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहीद उदय मुदलियार स्मृति रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को वार्ड नंण् 03 मोतीपुर बनाम वार्ड नं 12 स्टेशन पारा और वार्ड नंण् 04 कुरुक्षेत्र विरुद्ध वार्ड नंण् 16 लेबर कॉलोनी के बीच मुकाबला खेला गया। टूर्नामेंट के दूसरे राऊंड में खेले जा रहे इन मुकाबलों में लेबर कॉलोनी और मोतीपुर को जीत हासिल हुई। राजीव फैंस क्लब अध्यक्ष नितिन बत्रा व सचिव अमित कुशवाहा ने बताया किए अब 8 टीमों के बीच संघर्ष होना है। एक एक कर टीमें अगले राऊंड की ओर बढ़ रहीं हैं जहां मुकाबले और कड़े होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया किए वार्ड नंण् 03 मोतीपुर बनाम वार्ड नं 12 स्टेशन पारा के बीच खेले गए मुकाबले में मोतीपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रनों का स्कोर बनाया। पारी के दौरान बल्लेबाजों ने खुले हाथ से बड़े शॉट खेले। जवाब में स्टेशनपारा की टीम 31 रनों से मैच हार गई। इस मुकाबले में अजय मैन आफद मैच रहे।

दूसरा मैच वार्ड नंण् 04 कुरुक्षेत्र विरुद्ध वार्ड नंण् 16 लेबर कॉलोनी के बीच खेला गया। कुरुक्षेत्र ने टॉस जीतने के बाद बॉलिंग चुनी और लेबर कॉलोनी को बैटिंग के लिए बुलाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लेबरकॉलोनी के बल्लेबाजों ने 97 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में कुरुक्षेत्र के बल्लेबाज 87 रन ही बना सके और यह करीबी मुकाबला उनके हाथ से निकल गया। गोलू मैन ऑफद मैच रहे।

आयोजन प्रभारी चेतन भानुशालीए एनी माखिजा ने बताया किए स्पर्धा अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रही है। दर्शकों में यहां खेले जा रहे मुकाबलों को लेकर रोमांच है। देर रात तक यहां बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के ख्यातिलब्ध लोक कलाकार देंगे प्रस्तुति

# लोकमण्डई में बिखरेगी लोककला की सतरंगी छटाएं

### खेल मैदान में होगा कृषि मेला एवं लोक मंडई

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर सहित अंचल एक बार फिर लोक मंडई की सतरंगी छटाओं से सराबोर होने जा रहा है। नगर में लोकमण्डई 2023 आगामी 11, 12 व 13 फरवरी को आयोजित होगा। छग की लोककला, संस्कृति व सभ्यता के साधक प्रदेश के ख्यातिलब्ध लोकगायक व गायिका, लोक कलाकार, संगीतकार, कॉमेडियन, स्टेज परफॉर्मर अपनी लाईव प्रस्तुति देंगे। उल्लेखनीय है कि लोकमण्डई का सफर 2 दशक से निरंतर गतिशील है। अविभाजित मध्यप्रदेश के शासनकाल में आंशिक अनुदान से लोकमण्डई एवं कृषि मेला पृथक छत्तीसगढ़ निर्माण उपरांत आज अपने चरमोत्कर्ष पर है। इनकी लोकप्रियता के मद्देनजर छगशासन से भी अनुदान जारी किया जाता है। अभी तक कुलेश्वर ताम्रकार, कविता वासनिक, ममता चंद्राकर, महादेव हिरवानी, मिथलेश साहू, अलका चंद्राकर, सपन भट्टाचार्य, मोना सेन, छाया चंद्राकर, भूपेंद्र साहू, दिलीप षड़ंगी व संजय सुरीला सहित अनेक नामचीन व दिग्गज कलाकार लोकमंडई में अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। आयोजन समिति के मुताबिक छत्तीसगढ़ की लोककला, संस्कृति व सभ्यता को सहेजने दो दशक से जारी लोकमण्डई का कारवाँ डोंगरगांव नगर में नए थीम पर नए कलेवर में प्रस्तुत होने जा रहा है। इस मंच के माध्यम से जनमानस विशेषकर युवा वर्ग अपनी संस्कृति, सभ्यता लोककला व लोकविद्या जैसे कर्मा, ददरिया, जसगीत, सुआ, बिहाव, बाँसगीत, नाचा, भरथरी, गम्मत से मुख़ातिब होंगे। इसी क्रम में कृषि मेला भी जनसमुदाय के लिए बेहद श्रेयस्कर साबित होगा। लोक मण्डई आयोजन समिति के अध्यक्ष व विधायक दलेश्वर साहू अपने ड्रीम प्रोजेक्ट लोक मंडई के लिए मोर्चेबंद हो चुके हैं। विधायक दलेश्वर साहू ने पॉयनियर को बताया कि इस बार एक खास ऐतिहासिक प्रदर्शनी पर कार्य जारी है।

### फनकारों की होगी लाइव प्रस्तुति

लोकमण्डई में इस बार लोक संगीत व लोकविद्या के अनेक नवोदित कलाकार लाईव परफार्मेंश देंगे। सूत्रों की माने तो नितिन दुबे, कंचन जोशी, लक्ष्मीनारायण पाण्डे, अनुपमा मिश्रा, चम्पा निषाद, गोरेलाल बर्मन, ओपी देवांगन, पंडित विवेक शर्मा, गीतांजलि साहू, कान्तिकार्तिक यादव व दिलीप षड़ंगी तथा कॉमेडियन व स्टेज परफॉर्मर सहित दर्जनभर फनकार लाइव प्रस्तुति देंगे।

## विधायक और सरकार की खिलाफत, सड़क की मांग लेकर आज पदयात्रा : चक्काजाम

### ग्रामीणों के साथ मिलकर भाजपा ने खोला मोर्चा

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने बताया कि विकासखंडछुरिया के अनेक गाँवों की खस्ताहाल व जर्जर सडकों का निर्माण करने संबधी विभाग व क्षेत्रीय विधायक को अवगत कराने के बाद भी पर्यन्त तक कोई पहल नहीं की गई। अंचल के ग्रामीणों का यहां चलना दूभर हो गया है। इन्हीं मुद्दों को लेकर वनांचल के ग्राम खोभा में 12 गाँवों के ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी के साथ एक बड़ी बैठक कर सड़क बनाओ पैदल यात्रा करने की रुप रेखा तैयार की है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने अपने.अपने क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं को भी बैठक में रखा। इन्ही सभी मुद्दों को लेकर पैदल यात्रा में लगभग 12 गाँवों के लगभग हजारों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति का अनुमान लगाया गया है। इस यात्रा में प्रमुख रुप से पन्डरा पानी, जोब, मरककसा, मोरकुटुम्ब, जैतगुन्ड्रा, कटेन्गा टोला, खोभा, पेन्ड्रीडीह, तेलीनबांधा, भर्रीटोला, सड़क चिरचारी के ग्रामीण व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कियात्रा में पन्ड्रापानी से जोब, जोब से लेकर सड़क चिरचारी तक सड़क बनाने व क्षेत्र के अनेक समस्याओं के समाधन सम्बंधी छुरिया नगर के भेंट मुलाकात मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व खुज्जी विधायक छन्नी साहू के द्वारा किये गये घोषणा के झूठे वादों की पोल खोलने व इसे जन मानस तक पहुचाने तथा अतिशीघ्र सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने की माँग रखी जायेगी। वैष्णव ने बताया कि यात्रा जैतगुन्ड्रा के बूढ़ादेव मन्दिर में एकत्रित होकर देव पूजन के बाद 10 बजे सुबह पदयात्रा शुरु होगी। ये यात्रा सीधे खोभा से भर्रीटोला फिर भर्रीटोला से सड़क चिरचारी में सभा फिर नेशनल हाइवे को चक्काजाम करने की रणनीति बनाई गई है। इस बैठक में में जिला सहप्रभारी जी एस मिश्रा, एम डी ठाकुर, चन्द्रिका प्रसाद डड़सेना, कैलाश शर्मा, किरण वैष्णव, ललिता चन्द्रवंशी, राधेश्याम शर्मा, जगजीत सिंह भाटिया, हीरेंद्र साहू, गुलाब गोस्वामी, गोपाल साहू, संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू, बोधन साहू, अजय पटेल, शेखर भरतद्वाज, पदम साहू, मयाराम, मनीष जैन, परमानंद कुन्जाम, धनेश्वर कोर्राम, धन्ना यादव, धरमवीर चन्द्रवंशी, शंकर साहू, शत्रुहन चन्द्रवंशी, मानिक चन्द्रवंशी, दयाराम, ईश्वर लडे, इठोबा चौहान, दयाल मांडवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व भाजपा कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है: शैलेष पांडेय

## एसबीआर कॉलेज के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए नगर विधायक शैलेष पांडेय





पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय जेपी वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में नगर विधायक शैलेश पांडेय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर विधायक शैलेष पांडेय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को भविष्य हेतु आशीष प्रदान करते हुए निरंतर प्रयास करते रहने एवं हमेशा लक्ष्य को ध्यान में रखकर मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है शिक्षा जीवन में बेहतर संभावनाओं को प्राप्त करने के अवसरों के लिए विभिन्न दरवाजे खोलते हैं जिससे कैरियर के विकास को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न कार्यों के लिए नगर विधायक शैलेष पांडेय को प्रस्ताव सौंपा गया जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए विधायक शैलेश पांडे ने महाविद्यालय में सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास करने आश्वस्त किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष काशीराम रात्रे, प्राचार्य डॉ एस एल निराला, पूर्व प्राचार्य सरोज मिश्रा, एके त्रिपाठी, एल्डरमैन अजरा खान, पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, छात्रसंघ प्रभारी डॉ एनके पांडेय, जनभागीदारी समिति के सदस्य जहूर अली, अंजुम खालिद, विजय ताम्रकार, डा. संजय तिवारी, जयप्रकाश मित्तल,अखिलेश बाजपाई, अतुल बजाज सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिले के 3 लाख 14 हजार बच्चों को 10 को दी जाएगी एल्बेंडाजॉल की गोली

## कलेक्टर ने ली जिला समन्वय समिति की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के 03 लाख 14 हजार 776 बच्चों को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाई जायेगी। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश बच्चों में पेट से संबंधित बीमारियों का खतरा होता है। जिस वजह से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, मितली, उल्टी व दस्त होना तथा वजन में कमी होना जैसे दुष्प्रभाव होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को साल में दो बार एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाई जाती है। उन्होंने कहा कि एक भी बच्चा एल्बेंडाजॉल खुराक लेने से नहीं छूटना चाहिए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम अंतर्गत 10 फरवरी फोटोको जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के 03 लाख 14 हजार 776 बच्चों को उनके आयु अनुसार एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जायेगी और छुटे हुए बच्चों को मॉप-अप दिवस 15 फरवरी को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जायेगी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, बी. आर. ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु आवेदन अब 08 फरवरी तक

**मुंगेली।** कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन अब 08 फरवरी तक किया जा सकता है। इसके पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित थी। जिसे बढ़ाकर 08 फरवरी किया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय ग्राम दाबो के प्राचार्य ने बताया कि आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए विद्यालय के सूचना पटल तथा वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया प्राथमिक शाला गुरूवाईन डबरी और लोरमी में नरवा विकास के कार्य का निरीक्षण



**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत ने विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम गुरूवाईनडबरी में संचालित पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों की संख्या व स्टॉफके बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात सीईओ ने लोरमी में नरवा विकास कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मनरेगा के एपीओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नए एसपी संतोष सिंह ने कार्यभार संभाला

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नव पदस्थ एसपी संतोष कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पत्रकारों के साथ चर्चा करते हुए उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया। आईपीएस संतोष सिंह ने बताया कि बतौर एसपी बिलासपुर में कानून व्यवस्था का परिपालन और चुस्त पुलिसिंग उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही नशे के कारोबार की रोकथाम की दिशा में भी उन्होंने विशेष ध्यान देने की बात कही है। बिलासपुर में यातायात एक बड़ी समस्या है। यहां सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसका निराकरण भी उनकी प्राथमिकताओं की सूची में दर्ज है। बातचीत के दौरान उन्होंने मीडिया से भी सहयोग की अपेक्षा की। इससे पहले महासमुंद, रायगढ़ ,कोरिया , रायगढ़ और कोरबा में पदस्थ रहे संतोष सिंह की छवि सौम्य पुलिस अधिकारी की रही है। नशे के विरुद्ध चलाए गए उनके निजात अभियान की चर्चा पूरे प्रदेश भर में रही है। इसके लिए वे कई बार देश विदेश में पुरस्कृत भी हो चुके हैं। बिलासपुर में उनकी पदस्थापना से कई उम्मीदें हैं। खासकर बिलासपुर में चाकूबाजी की घटनाएं, नशे के कारोबार, जुआ सट्टा से वे किस तरह से निपटने हैं।

## 14.52 लीटर कच्ची देशी मदिरा तथा 100 किग्रा. महुआ लाहन जब्त

**मुंगेली।** कलेक्टर ने जनदर्शन ओर जनचैपाल के दौरान जिले में अवैध शराब की बिक्री की शिकायत को गंभीरता से लिया था और आबकारी विभाग को पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर अवैध शराब विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए थे। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध शराब विक्रेताओं पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तरह विकासखण्ड लोरमी के ग्राम झाफल के रामनिहोरा राजपूत और मनहरण राजपूत से 7.56 लीटर देशी मदिरा और पथरिया विकासखण्ड के ग्राम मसना के प्रमिला से 03 लीटर अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब एवं 100 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर उक्त आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है।

# राज्य मानसिक चिकित्सालय में मरीजों के लिए सुविधाएं बढ़ेगी

## जीवनदीप समिति की बैठक में लिए गए निर्णय

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी की जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मरीजों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए कई प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। डॉ. अलंग ने अस्पताल में स्वीकृत बाउण्ड्री वॉल, कीचन शेड, टॉयलेट को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को लगभग 3 लाख रूपये के इन कामों को पूर्ण करने के लिए राशि जारी की जा चुकी है। गरमी मौसम के आगमन को देखते हुए अस्पताल के प्रथम तल में एक वाटर कूलर एवं आइसोलेशन वार्ड में एक डक्ट कूलर लगवाने की अनुमति दी गई। चिकित्सालय में नशा छुड़ाने के लिए एक पृथक वार्ड बनाने की जरूरत महसूस की गई। संयुक्त संचालक समाज कल्याण को इसकी तैयारी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जीवनदीप समिति में घुमन्तु एवं बेसहारा मरीजों के प्रतिनिधि सहयोजित करने के लिए प्रतिनिधि नामित करने के लिए प्रस्ताव मंगाये गये हैं। बैठक में बताया गया कि अस्पताल के जरिए गत एक साल में 30 हजार से ज्यादा बाह्य रोगियों का एवं 1226 अंतःरोगियों का इलाज किया गया। प्रतिदिन ओपीडी में 87 मरीज एवं आईपीडी में 3 मरीजों की भर्तियां की जाती है। बैठक में अस्पताल अधीक्षक डॉ. बीआर नंदा, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. महाजन, जिला विधिक सेवा अधिकारी राकेश सोरी, संयुक्त संचालक समाज कल्याण मैथ्यू, ईई पीडब्ल्यूडी बीएल कापसे सहित समिति के सदस्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का नूतन को मिला सम्मान



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिला जनसंपर्क कार्यालय के जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार और सहायक सूचना अधिकारी, सुरजीत सिंह चौहान को छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का उत्कृष्ट प्रचार-प्रसार के लिए प्रस्थित पत्र देकर सम्मानित किया। दरअसल जनसंपर्क विभाग ही वह विभाग है जिसके माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है और उसके बाद हितग्राही लाभांवित होते हैं। जशपुर विधायक विनय भगत ने जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार और उनकी पूरी टीम को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित कर उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा किया।






AGARWAL GROUP

# अग्रवाल ग्रुप द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान - 'निरंतर प्रगति की ओर'

# ADMISSIONS OPEN
## FOR SESSION 2023-24

NAVA RAIPUR



**Nur. to Class 9th & 11th**

### AGARWAL PUBLIC SCHOOL NAVA RAIPUR

CBSE ENGLISH MEDIUM, CO-EDUCATION SCHOOL
CBSE Affiliation No. 3330269

**Campus :** Plot B-4, Sector-28, Nava Raipur, Atal Nagar, (C.G.).
Ph.: 0771-2430111/2972222
Mr. Bikram Pandey - Mobile : +91-9425509402
Website : www.apsnavaraipur.in

Day Scholar | (Optional) Hostel & Bus Facility is available

### AGARWAL PUBLIC SCHOOL RAIPUR

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त

**Campus :** Shankar Nagar, VIP Estate, Near BSNL Khamardih Exchange, Raipur (C.G.).
Ph.: 0771-2430303
Mr. Bikram Pandey - Mobile : +91-9425509402
Website : www.apsraipur.in

Day Scholar | (Optional) Bus Facility is available

RAIPUR



**Nur. to Class 5th**

### AGARWAL PUBLIC SCHOOL INDORE

CBSE ENGLISH MEDIUM, CO-EDUCATION SCHOOL
CBSE Affiliation No. 1030084



**Nur. to Class 9th & 11th**

INDORE

**Campus :** Bicholi Mardana Road, Indore.
Ph.: 0731-4212666
Mr. Kalicharan Tiwari - Mobile : +91-9303333329
Website : www.apsindore.com

Day Scholar | (Optional) Hostel & Bus Facility is available

### CHAMELI DEVI PUBLIC SCHOOL INDORE

CBSE ENGLISH MEDIUM SCHOOL
CBSE Affiliation No. 1030187



**Nur. to Class 9th & 11th**

INDORE

**Campus :** Tejpur Gadbadi, Kesar Bagh Road, Indore.
Ph.: 0731- 4212999
Mr. Milind Bagde - Mobile : +91-9301999208
Website : www.cpsindore.com

Day Scholar | (Optional) Bus Facility is available

### CHAMELI DEVI PUBLIC SCHOOL INDORE 2

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त



**Nur. to Class 8th**

**Campus :** 3rd Floor, Yeshwant Plaza, Regal Square, Indore.
Ph.: 0731- 4212900
Mr. Manohar Rao - Mobile : +91-9301999218
Website : www.cps2indore.com

Day Scholar | (Optional) Bus Facility is available

LBF© LEARN BY FUN®

# सीखो और सिखाओ

## LITERACY CAN MAKE INDIA A SUPERPOWER. IT IS NOW POSSIBLE TO ACHIEVE LITERACY IN A SUPER POWERFUL & ENGAGING WAY.

### HYBRID TEACHERS TRAINING INAUGURATION

चमेलीदेवी पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह एवं हाईब्रिड टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम एप्लीकेशन का विमोचन फिल्म अभिनेता सोनू सूद ने किया।




## HYBRID TEACHERS TRAINING PLAN

घर बैठे नाम मात्र के शुल्क/खर्च पर शिक्षक बनिए और रोजगार पाइए

All-in-One Course Books & OLS App-Home Support System

**BENEFICIAL FOR**

• To Become a Teacher • Existing Govt. & Private Teacher • Specific 15 to 25 Years Girls • 26 to 55 Years House Wives • 56 and above Grand Mothers/Grand Fathers

**Pre-School Foundation Course Package**

पढ़ाने में सक्षम

Upto Class 2nd Foundation Course.
Total Value of Package : Rs. 5,310/-

**Primary School Foundation Course Package**

Upto Class 5th Foundation Course.
Total Value of Package : Rs. 4,380/-

**Preparatory School Course Package**

Upto Class 8th Middle Class Course.
Total Value of Package : Rs. 7,970/-

### AR TOY BOOK INAUGURATION

AR TOY BOOK का विमोचन अग्रवाल ग्रुप चेयरमेन श्री पुरषोत्तम अग्रवाल जी द्वारा किया गया।




## AR TOY BOOKS

**Class 1st to Class 5th for Individual**

Merging mobile usage of young children with learning potential, LBF has launched various books in Augmented Reality for students of Class 1 to 5th.

डिजिटल युग को समझते हुए LBF ने एक नया प्रोडक्ट AR (Augmented Realty) लॉन्च किया है, जिसके अंतर्गत 5 साल से लेकर 10-12 साल के बच्चे मोबाइल में व्यस्त रहते हुए कुछ ज्ञानवर्धक बातें जो की उसकी पढ़ाई में सहायक होकर स्वयं का Career सुदृढ़ कर सके, Class 1st to 5th अंग्रेजी भाषा में सुदृढ़ होने हेतु English Grammar Book, हिन्दी में पारंगत होने हेतु व्याकरण पुस्तक, Maths / गणित में प्रारंभिक Arithmetic अंकगणित में दक्षता हासिल करने हेतु एवं Environmental / पर्यावरण में जानकारी हासिल कर उसमें आकर्षित करने हेतु AR पुस्तकें निर्मित कर प्रकाशित की गई हैं।

| Class | Subject Covered | No. of Books | MRP |
|---|---|---|---|
| 1st | AR English Grammar Book<br>AR हिन्दी व्याकरण पुस्तक<br>AR Arithmetic (अंकगणित) Book<br>AR Environmental Studies (पर्यावरण) Book | 4 | 1,430/- |
| 2nd | | 4 | 1,470/- |
| 3rd | | 4 | 1,580/- |
| 4th | | 4 | 1,670/- |
| 5th | | 4 | 1,720/- |

### LBF COMPLETE BOOK SET INAUGURATION

प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ, शिक्षाविद श्री आनंद कुमार द्वारा कंपलीट स्कूल बुक्स सेट का विमोचन किया गया।



## LBF COMPLETE BOOK SET

A vision to provide education for 6.5 lakhs plus students in villages around the nation across with researched based learning books, designed smartly for student's benefits.

**BENEFICIAL FOR**

Individual (Teacher, Tutor, Student, Parents, Working Professionals and any person)

**EXCELLENCE / ALL-IN-ONE / HINDI MEDIUM**


• English Subject (Nursery to Class 8th) • Hindi Subject (Nursery to Class 8th) • General Knowledge (Nursery to Class 5th) • Environmental Studies (Class 1st to Class 5th) • Social Science (Class 6th to Class 8th) • Drawing (Nursery to Class 8th) • Sanskrit (Class 6th to Class 8th)

EXCELLENCE / ALL-IN-ONE / HINDI MEDIUM
AVAILABLE AT :
www.amazon.in/learnbyfun

SCAN ME

**For More Information & Registration :** Ph.: 0731-4080808 (Reception), 0731-4212810 (Hunting Line), Mobile / WhatsApp No. - 08305010128, **Website : www.lbf.in**

**Administrative Office : 3rd Floor, Yeshwant Plaza, Opp. Railway Station, Indore-452003 (M.P.) Contact Person : Yogesh Jain : +91 93019 99206**





# MALANG
## A BIOGRAPHY OF PURSHOTTAM AGARWAL

श्री सुधांशु त्रिवेदी जी ने **श्री पुरषोत्तम जी अग्रवाल** के जीवन पर आधारित **'मलंग'** बुक का विमोचन भी किया, किताब श्री अग्रवाल जी की जीवन संगिनी **श्रीमती सुशीला अग्रवाल** द्वारा लिखित एवं संकलित है। बकौल श्री अग्रवाल अनुसार 'बहुत समय से किताब/जीवनी/बॉयोग्राफी लिखने का अनुरोध था, चूंकि सारे चाहने वाले फैंस/प्रशंसक अनुसरण करना चाहते हैं, इसलिए यह संकलन प्रस्तुत किया गया । **ओजस्वी वक्ता-श्री सुधांशु त्रिवेदी** ने पुरुषोत्तम-सुशीला जी अग्रवाल को 'यथानाम तथागुण' बताया। सुशीला जी ने पुरुषोत्तम जी की संघर्ष से सफलता तक की यात्रा का विवरण इस किताब में किया है, आपका विश्वास है कई लोगों के लिए ये एक प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी।

For Amazon Order

कीमत : ₹299/-






deepak

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403